


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 7 अटूबर को इजरायल पर हुए हमले की साजिश में शामिल था.....

बाबा सिद्दीकी के कत्ल पर महायुति में बवाल, देवेंद्र फडणवीस पर.......... 12




वर्ष : 15 | अंक : 182 | नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# विश्व भारत की प्रतिभाओं एवं परिश्रमी युवाओं के कौशल का लाभ उठायें : जयशंकर

- विदेश मंत्री ने विकसित पोर्टल ईमाईग्रेट के नये संस्करण के अनावरण के मौके पर की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न देशों से अपील किया कि वे भारत की प्रतिभाओं एवं युवा जनशक्ति का अपने यहां विकास के लिए लाभ लें। डॉ जयशंकर ने यहां सुषमा स्वराज भवन में प्रवासी श्रमिकों के कानूनी एवं सुरक्षित प्रवासन के लिए विदेश मंत्रालय के विदेशी रोजगार प्रभाग द्वारा विकसित पोर्टल ईमाईग्रेट के नये संस्करण के अनावरण के मौके पर यह अपील की। इस मौके पर केन्द्रीय श्रम, रोजगार, खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया और विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गरीटा भी उपस्थित थे। डॉ जयशंकर ने कहा कि पिछले साल ही सुरक्षित और कानूनी प्रवासन चैनलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय के अभियान के दौरान प्रधानमंत्री ने सुरक्षित जाएं, संरक्षित जाएं आदर्श वाक्य के साथ एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था। आज का कार्यक्रम उस भावना को दशार्ता है क्योंकि यह जीवन को आसान बनाने और जन केंद्रित शासन को बढ़ाने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है। ई-माइग्रेट पोर्टल का शुभारंभ भारतीय श्रमिकों के लिए एक सुरक्षित, अधिक पारदर्शी और समावेशी गतिशीलता बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों का एक प्रमाण है और



हमारे नागरिकों के हितों की रक्षा के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। विदेश मंत्री ने कहा कि जबकि हम भारत की अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रतिष्ठा में अपने प्रवासी श्रमिकों के अमूल्य योगदान को पहचानते हैं, हमें उन कमजोरियों को भी स्वीकार करना चाहिए जिनका वे विदेशी भूमि पर सामना करते हैं। हमारे मिशनों, विशेष रूप से खाड़ी में मिशनों में समर्पित श्रमिक अताशे हैं जो श्रम और अन्य शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि संशोधित ई-माइग्रेट पोर्टल में उनके सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए 24 गुणा 7 बहुभाषी हेल्पलाइन नंबर भी हैं, जिनके लिए कभी-कभी तत्काल समाधान की आवश्यकता होती है ।ह्व उन्होंने कहा कि यह पोर्टल एवं मोबाइल ऐप प्रवासी श्रमिकों के लिए अवसरों के द्वार खोल रहा है। भारत सरकार ने उनके लिए रोजगार के अवसरों के साथ सुरक्षित एवं प्रशिक्षित प्रवासन के सभी उपाय भी मुहैया कराये हैं। विदेश मंत्री ने इस मौके पर मौजूद विदेशी राजनयिकों से अपील की कि वे अपने अपने देशों के विकास की यात्रा में भारत की प्रतिभाओं एवं परिश्रमी युवाओं के कौशल का लाभ उठायें। उन्होंने सभी पक्षकारों से ईमाइग्रेट पोर्टल के उपयोग की भी अपील की ।श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने भारत के युवाओं को ना केवल देश में बल्कि विश्व भर में रोजगार के अवसर सुलभ कराने का संकल्प लिया है और उनका कहना है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों को समग्रता में सोचना एवं योजना तैयार करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### एअर इंडिया के विमान में तकनीकी खराबी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का एक विमान तकनीकी खराबी के कारण सोमवार की सुबह राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। यहां एक सूत्र ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के अगले पहिये में तकनीकी खराबी आ गई और उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर वापस लाया गया। हवाई अड्डे पर विमान को उतारने के लिए आपात स्थिति की घोषणा भी कर दी गई। सूत्र ने बताया कि विमान को हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से कोलकाता जाने वाली उड़ान संख्या एआई-401 तकनीकी समस्या के कारण राष्ट्रीय राजधानी लौट आई। प्रवक्ता ने बयान में बताया, एहतियातन जांच के लिए विमान को सुरक्षित रूप से उतरा गया। विमानन कंपनी यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है। विमान पर सवार यात्रियों की संख्या के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिली है।

# भारत ने कनाडा के ताजा आरोपों को बताया बेतुका, ट्रूडो के राजनीतिक एजेंडे पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने सोमवार को कनाडा के उस डिप्लोमेटिक कम्युनिकेशन को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया कि इंडियन हाई कमिशनर और अन्य डिप्लोमेट जांज से जुड़े एक मामले में पर्सन ऑफ इंटरेस्ट हैं। भारत ने आरोपों को बेतुका करार दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार दोपहर जारी एक बयान में कहा, हमें कल कनाडा से एक डिप्लोमेटिक कम्युनिकेशन प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उस देश में जांच से संबंधित मामले में पर्सन ऑफ इंटरेस्ट हैं। भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को दृढ़ता से खारिज करती है और इन्हें ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा मानती है, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है। बयान में कहा गया, चूंकि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने सितंबर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे लेकिन हमारी ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडा सरकार ने भारत सरकार के साथ सबूतों को साझा नहीं किया। एक बार फिर से बिना किसी तथ्य के दावे किए गए हैं। इससे कोई संदेह नहीं रह जाता



है कि यह जांच के बहाने राजनीतिक फायदे के लिए भारत को बदनाम करने की एक जानबूझकर अपनाई रणनीति है। बता दें पर्सन ऑफ इंटरेस्ट का इस्तेमाल संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों में किसी ऐसे व्यक्ति की पहचान करते समय किया जाता है जो संभवतः आपराधिक जांच में शामिल है, लेकिन जिसे गिरफ्तार नहीं किया गया या औपचारिक रूप से आरोपी नहीं बनाया गया। विदेश मंत्रालय ने जस्टिन टुडो की आलोचना करते हुए कहा, उनके मंत्रिमंडल में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो भारत के संबंध में चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से खुले तौर पर जुड़े हुए हैं। दिसंबर 2020 में भारतीय आंतरिक राजनीति में उनके सीधे हस्तक्षेप से पता चला कि वे इस संबंध में किस हद तक जाने को तैयार हैं। उनकी सरकार एक राजनीतिक दल पर निर्भर थी, जिसके नेता भारत के संबंध में खुले तौर पर अलगाववादी विचारधारा का समर्थन करते हैं, जिससे मामला और बिगड़ गया। बयान में कहा गया, कनाडाई राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप पर आंखें मूंद लेने के लिए आलोचना झेल रही उनकी सरकार ने नुकसान को कम करने के प्रयास में जानबूझकर भारत को इसमें शामिल किया। भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने वाली यह नवीनतम घटना अब उसी दिशा में अगला कदम है। यह कोई संयोग नहीं है कि यह घटना ऐसे समय हुई जब प्रधानमंत्री ट्रूडो को विदेशी हस्तक्षेप पर एक आयोग के समक्ष गवाही देनी है। यह भारत विरोधी अलगाववादी एजेंडे को भी बढ़ावा देता है जिसे ट्रूडो सरकार ने संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए लगातार आगे बढ़ाया है। नई दिल्ली ने कहा कि ट्रूडो सरकार ने कनाडा में भारतीय राजनयिकों और सामुदायिक नेताओं को परेशान करने, धमकाने और डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों और आतंकवादियों को जानबूझकर जगह दी है। इसमें उन्हें और भारतीय नेताओं को जान से मारने की धमकियां देना भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, इन सभी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर उचित ठहराया गया है। कुछ व्यक्ति जो अवैध रूप से कनाडा में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें नागरिकता देने के लिए तेजी से काम किया गया है। कनाडा में रहने वाले आतंकवादियों और संगठित अपराध नेताओं के संबंध में भारत सरकार की ओर से कई प्रत्यर्पण अनुरोधों की अनदेखी की गई है। बयान में कहा गया हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा भारत के सबसे वरिष्ठ राजनयिक हैं, जिनका 36 वर्षों का शानदार करियर रहा है। जापान और सूडान में राजदूत रह चुके वर्मा ने इटली, तुर्की, वियतनाम और चीन में भी अपनी सेवाएं दी हैं। विदेश मंत्रालय ने ओटावा द्वारा वर्मा पर लगाए गए आरोपों को ह्यहास्यास्पदह्व और अपमानजनक बताया। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत सरकार ने भारत में कनाडाई उच्चायोग की गतिविधियों का संज्ञान लिया जो वर्तमान शासन के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करती हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, इससे राजनयिक प्रतिनिधित्व के संबंध में पारस्परिकता के सिद्धांत को लागू किया जाएगा भारत अब भारतीय राजनयिकों के खिलाफ आरोप लगाने के कनाडाई सरकार के इन नवीनतम प्रयासों के जवाब में आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : अस्थि परीक्षण में आरोपी नाबालिग नहीं पाया गया



मुंबई, एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने आरोपी धर्मराज कश्यप की उम्र का पता लगाने के लिए उसका अस्थि परीक्षण किया जिसमें यह साबित हो गया है कि वह नाबालिग नहीं है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबा सिद्दीकी की उपनगर बांद्रा में शनिवार को तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुंबई पुलिस ने इस मामले में हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह और उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप को गिरफ्तार किया है जबकि गोलीबारी के वक्त घटनास्थल पर मौजूद उनका एक और साथी फरार है। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा के दल ने आरोपियों को एक अदालत में पेश किया जहां धर्मराज कश्यप के वकील ने दावा किया कि वह नाबालिग है। उन्होंने बताया कि अदालत ने रविवार को कश्यप का अस्थि परीक्षण कराने का आदेश दिया जिसमें यह साबित हो गया कि वह नाबालिग नहीं है। उन्होंने बताया कि उसे अदालत में पेश किया गया और 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने देर शाम को पुणे से 28 वर्षीय प्रवीण लोणकर को गिरफ्तार किया। वह निर्मल नगर में सिद्दीकी पर हुए हमले में शामिल शुभम लोणकर का भाई है। अधिकारी ने बताया कि दोनों भाइयों ने सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची थी और इस साजिश में कश्यप तथा शिवकुमार गौतम को शामिल किया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# सहयोग के नए रास्ते तलाशने जापान पहुंचे भारतीय थल सेनाध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार से जापान की आधिकारिक यात्रा पर हैं। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी की इस यात्रा का उद्देश्य भारत और जापान के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशना है। इसके अलावा भारतीय थल सेनाध्यक्ष की इस यात्रा से भारत और जापान की सेनाओं के बीच होने वाले सैन्य सहयोग को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अपनी इस यात्रा के दौरान सेनाध्यक्ष जापान के हिरोशिमा पीस पार्क व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत और जापान के बीच रक्षा



सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सोमवार को को जनरल उपेन्द्र द्विवेदी जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसके बाद वह जापान की राजधानी टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत-जापान संबंधों पर एक चर्चा में शामिल होंगे। मंगलवार 15 अक्टूबर को जनरल उपेन्द्र द्विवेदी जापान के रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत में शामिल होंगे। भारतीय सेनाध्यक्ष के साथ होने वाली बैठकों में जापान के चीफ ऑफ स्टाफ समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे। सेनाध्यक्ष की इस यात्रा कार्यक्रम में जेजीएसडीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत और राष्ट्रीय रक्षा अध्ययन संस्थान का दौरा भी शामिल है। 16 अक्टूबर को, सीओएएस जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ के साथ फूजी स्कूल का दौरा करेंगे। यहां वह फूजी स्कूल के कमांडिंग जनरल, लेफ्टिनेंट जनरल कोडामा यासुयुकी के साथ बातचीत करेंगे। 17 अक्टूबर को सीओएएस हिरोशिमा का दौरा करेंगे, जहां वह हिरोशिमा पीस पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

# पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए 24 घंटे में 1.55 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने किया रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

पीएम इंटर्नशिप स्कीम को लॉन्च होने के साथ ही अच्छा रिस्पॉन्स मिलना शुरू हो गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए महज 24 घंटे में 1,55,109 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई थी, पोर्टल पर 24 सेक्टर में 90 हजार से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 का बजट पेश करते हुए इस स्कीम का ऐलान किया था। स्कीम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में लगभग 1 करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस स्कीम का उद्देश्य युवा बेरोजगारी को दूर करना है और इन युवाओं को प्रशिक्षण के साथ तैयार कर प्रतिभा की तलाश करने वाली कंपनियों से जोड़ना है। जुबिलैंट फूडवर्क्स, मारुति सुजुकी इंडिया, एलएंडटी, मुथूट फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख निजी कंपनियां उन 193 कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने प्लेटफॉर्म पर इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए हैं। इंटर्नशिप 24 सेक्टरों और 20 से अधिक क्षेत्रों में उपलब्ध है, जिनमें परिचालन प्रबंधन, उत्पादन, रखरखाव और बिक्री शामिल हैं। इस पहल को तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों से भी मदद मिली है। यह पोर्टल आधार-आधारित रजिस्ट्रेशन और बायोडाटा जनरेशन जैसे टूल्स के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप करने के इच्छुकों की पहुंच बनाता है। इस स्कीम का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 737 जिलों में 1.2 लाख से अधिक इंटर्नशिप कराना है। इसके अलावा, शीर्ष कंपनियां ऐसे पदों की पेशकश भी कर रही हैं जो रोजगार को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। स्कीम का प्रबंधन कर रहे कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अनुसार, यह युवाओं के कौशल को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की एक परिवर्तनकारी पहल है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी। स्कीम के लिए चुने गए युवाओं को एक वर्ष के लिए भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा और साथ ही 5,000 रुपये प्रतिमाह भत्ता और 6,000 रुपये एकमुश्त अनुदान भी मिलेगा।

# भीषण सड़क हादसा में पांच लोगों की दर्दनाक मौत

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रामादेवी से पनकी भौती जाने वाले हाईवे पर हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाईवे पर सुबह एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे डंपर के पीछे चल रही कार उसमें जा टकराई, इसके बाद दोनों वाहनों के पीछे चल रहे ट्राला ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दो ट्रकों के बीच कार के एक्सीडेंट में परखच्चे उड़े गए। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम और अग्निशमन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों को कार से बाहर निकाला और अस्पताल को भेज दिया। मृतकों में चार लोग पीएसआइटी के छात्र हैं, जिसमें दो छात्राएं भी शामिल हैं। मृतकों में प्रतीक सिंह, गरिमा, सतीश, आयुषी व चालक विजय साहू शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मृतकों में चालक सनिगवां निवासी विजय साहू भी शामिल है। डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है या नहीं, इसको लेकर जानकारी सामने नहीं आई है।

**धमकी** फजलुद्दीन नामक अकाउंट के जरिए ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी गई........

# फ्लाइट के बाद मुंबई हावड़ा मेल को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई, एजेंसी




मुंबई। सोमवार को मुंबई हावड़ा मेल में ब्लास्ट की धमकी दी गई। जांच एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं और उन्होंने पूरी ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया। धमाके की धमकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई थी। सोशल मीडिया पोस्ट में टाइमर के जरिए नासिक के बाद धमाके की धमकी दी गई। एक्स पोस्ट में महाराष्ट्र पुलिस के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है। बम धमाके की घटना के बाद मुंबई हावड़ा मेल को सोमवार सुबह चार बजे जलगांव में रोकर तलाशी ली गई। करीब दो घंटे सघन जांच के बाद सुरक्षाकर्मियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, ऐसे में बम मिलने की धमकी मात्र अफवाह साबित हुई। फजलुद्दीन नामक अकाउंट के जरिए ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी गई। इसमें लिखा था कि क्या रे हिंदुस्तानी रेलवे आज सुबह खून के आंसू रोओगे तुम लोग आज फ्लाइट में भी बम रखवाया है और 12809 ट्रेन में भी रखवाया है नासिक आने से पहले बड़ा धमाका होगा। बता दें कि इससे पहले मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी भी मिली। इसके बाद हवाई जहाज को दिल्ली की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। जिसके बाद विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। दिल्ली पुलिस की ओर से इसे लेकर जानकारी उपलब्ध कराई गई है। कहा गया है, मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के एक विमान को फ्लाइट में बम की धमकी के मद्देनजर दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल आईजीआई एयरपोर्ट पर खड़ा है और उसमें सवार यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया विमान ने देर रात 2 बजे मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। विमान न्यूयॉर्क जा रहा था। फ्लाइट को टेकऑफ हुए थोड़ा ही वक्त बीता था कि उसे बम से उड़ाने की धमकी मिली जिसके बाद दिल्ली डायवर्ट कराया गया। 5जी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में आएंगे 37 लाख करोड़ : मंत्री नई दिल्ली। दूरसंचार क्षेत्र की 5जी तकनीक के कारण 2040 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 450 बिलियन डॉलर यानी करीब 37 लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को यह दावा किया। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में दुनिया के सबसे बड़े दूरसंचार कार्यक्रमों में से एक वैश्विक मानक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, अकेले भारत में, 5जी से 2040 तक अर्थव्यवस्था में 450 बिलियन डॉलर का निवेश होने का अनुमान है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि 5जी केवल तेज इंटरनेट का मामला नहीं है, बल्कि यह स्मार्ट शहरों, उन्नत बुनियादी ढांचे और स्वायत्त नवाचारों के लिए आधार तैयार कर रहा है। सिंधिया ने आगे कहा कि 5जी पहले ही सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केवल 22 महीनों में 98 प्रतिशत जिलों और 80 प्रतिशत आबादी को इसने कवर कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत की तकनीकी शक्ति क्षमता के साथ वैश्विक मानकों के अनुसार नवाचार में हमारे बदलाव के प्रयासों को भी दशार्ती है। उन्होंने कहा, हम स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कृषि व विनिर्माण के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खोल रहे हैं। मंत्री ने 5जी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीकों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक मानक यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि ये तकनीकें सीमाओं के पार सामंजस्यपूर्ण ढंग से काम करें। उन्होंने कहा, ह्लसंवाद के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। 5जी का चमत्कार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चमक और इंटरनेट ऑफ थिंग्स की उपयोगिता वैश्विक स्तर पर उद्योगों, समाजों और विनिर्माण प्रक्रियाओं और अर्थव्यवस्थाओं को बदल रही हैं।

# बाबा सिद्दीकी मर्डर केस: चौथे आरोपी जीशान अख्तर के घर पर ताला, परिजन गायब

जालंधर, एजेंसी

मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का चौथा आरोपी जीशान अख्तर पंजाब के जालंधर स्थित शंकर गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक हत्याकांड के इस आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ है और उसके परिजन गायब हो चुके हैं। जीशान अख्तर, शंकर गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ा है। उसकी मां और एक बहन की मौत हो चुकी है, जबकि पिता और एक भाई घर छोड़कर जा चुके हैं। फिलहाल घर में ताला लगा हुआ है। उसी गांव के एक युवक ने पत्रकारों को बताया कि जीशान अख्तर पहले ठीक था। लेकिन, जब से ये बिश्नोई गैंग में गया, तब से गांव में नहीं आया। खबरों से पता चला कि महाराष्ट्र के नेता की हत्या में इसका नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि तीन-चार साल पहले जीशान अख्तर बिश्नोई गैंग में गया था। सिद्धू मूसेवाला मर्डर में भी इसका नाम शामिल था। युवक ने बताया कि आरोपी के पिता की गांव में किसी से झगड़ा हुआ था, उसका बदला लेने के लिए ये बिश्नोई गैंग में चला गया। एक अन्य ग्रामीण ने बताया करीब पिछले 15 दिनों से जीशान अख्तर का परिवार गायब है। उसके पिता टाइल्स से जुड़ा काम करते थे। बताया जा रहा है जीशान अख्तर, सौरभ महाकाल का दोस्त है, क्राइम ब्रांच की टीम ने सलमान खान के पिता सलीम खान को एक धमकी भरा नोट देने के मामले में सौरभ से पुणे जाकर पूछताछ की थी। सौरभ महाकाल का असली नाम सिद्धेश काम्बले है। बता दें कि बीते शनिवार रात को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को गोली लगने के बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया था। डॉक्टरों के मुताबिक, बाबा के पेट और छाती पर गोली लगी थी। जांच कर रही पुलिस के अनुसार मर्डर में शामिल आरोपियों के नाम शिवा, धर्मराज और गुरमेल हैं। शिवा और धर्मराज उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हैं। इन दोनों का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा है, जबकि गुरमेल हरियाणा का रहने वाला है। वहीं, चौथे आरोपी की पहचान मोहम्मद जीशान अख्तर के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कागजों में ओपन जिम, कसरत हसरत ही रह गई

**रुद्रपुर, एजेंसी।** आम जन की सेहत सुधारने के लिए जिले के 36 स्थानों पर ओपन जिम लगाने की कवायद कागजों तक ही सिमट कर रह गई है। प्रदेश सरकार ने 8.18 करोड़ रुपये की स्वीकृति के कई माह बाद भी अब तक जिम नहीं लग पाए। युवा कल्याण विभाग ने बीते वित्तीय वर्ष ही शासन को ओपन जिम की स्थापना के लिए जिले में करीब 100 स्थानों को चिह्नित कर सूची भेजी थी। इसमें 36 स्थानों पर ओपन जिम खोलने के लिए शासन ने स्वीकृति दी थी। इसके लिए 8.18 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए थे। इसके बावजूद अभी तक कहीं पर भी जिम लगाने की कवायद शुरू न हो सकी।

### सुगम यातायात के लिए बनेंगे कई पार्किंग स्थल

**रुद्रपुर, एजेंसी।** नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नए पार्किंग स्थल बनेंगे। एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने पार्किंग स्थलों के लिए जगह चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया है। इससे वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। नगर में वाहनों को पार्क करने की समुचित व्यवस्था नहीं है। पार्किंग सुविधाओं की कमी के कारण कई स्थानों में वाहन सड़क किनारे पार्क होते हैं। ऐसे में ये वाहन यातायात संचालन में बाधा बनते हैं। पार्किंग की कमी के कारण अक्सर जाम लगता है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर नगर के किच्छा रोड से लगी गल्ला मंडी, किच्छा रोड और अन्य स्थानों पर पार्किंग के लिए स्थल चिह्नित किए जा रहे हैं। बीते दिनों एसएसपी ने स्वयं इन स्थलों का निरीक्षण भी किया था। पुलिस की योजना है कि नगर में बाहरी इलाकों से आने वाले वाहनों को नगर के प्रवेश द्वार पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए, जिससे नगर में वाहनों का दबाव कम हो सके।

### कुछ सब्जियों के दामों में राहत, कुछ के दाम बढ़े

**रुद्रपुर, एजेंसी।** त्योहारी सीजन में सब्जियों के दाम भी लोगों का पसीना निकाल रहे हैं। नवरात्र पर सब्जियों के दाम में एकाएक उछाल आ गया था। दशहरा बीतने के बाद कुछ सब्जियों के दाम में गिरावट आई है। कुछ पहले के दाम पर टिकी हैं। कुछ के दाम बढ़े हैं। नगर के सब्जी मंडी के सब्जी कारोबारी बाबू राम, रमेश कुमार का कहना था कि पहाड़ से सब्जी की आवक कम होने से शिमला मिर्च आदि कुछ सब्जियों के दाम बढ़े हैं। त्योहार के बाद खपत कम होने से टमाटर, आलू आदि के दाम में गिरावट आई है।

### अदरक और फूलगोभी ने मारा महंगाई का शतक

**नैनीताल, एजेंसी।** सब्जियों की कीमतें दिन प्रति दिन आसमान छू रही हैं। त्योहार के मौके पर महंगाई बढ़ने से लोगों का घरेलू बजट गड़बड़ा गया है। प्रशासन की ओर से सब्जी की दरें चस्पा करने के आदेश का भी दुकानदार पालन नहीं कर रहे हैं। नगर की आढ़त में प्याज 60 रुपये प्रतिकिलो, टमाटर 80 और शिमला मिर्च 140 रुपये प्रति किलो के दाम पर बिक रही है। अदरक 100 और नींबू 200 रुपये प्रतिकिलो पहुंच गया है। बाजार में सब्जियों की कीमतें इससे दस रुपये प्रतिकिलो अधिक हैं। पिछले हफ्ते की तुलना में सब्जियों के दामों में 20 से 60 रुपये तक का इजाफा हुआ है।

### स्कूली में छात्रों के बीच मारपीट, मची भगदड़

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र के निजी स्कूल में मारपीट मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल क्षेत्र के एक स्कूल में विद्यार्थियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट के दौरान स्कूल में भगदड़ मच गई। घटना के दौरान स्कूल में पढ़ाई ठप हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

### छेड़छाड़ करने पर मनचलों को लोगों ने पीटा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से बाइक सवार दो मनचलों ने छेड़छाड़ कर दी। युवती के शोर मचाने पर लोगों ने दोनों की पिटाई की। इस दौरान आरोपी मौका पाकर वहां से भाग गए। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। शनिवर की देर शाम ट्रांजिट कैंप निवासी एक युवती मुख्य बाजार से घर लौट रही थी। ट्रांजिट कैंप रोड पर बाइक सवार दो मनचलों ने उससे छेड़छाड़ की। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी उससे उलझ गए।

# देहरादून में 546 वाहनों की पार्किंग का रास्ता साफ, टेंडर आमंत्रित जल्द मिलेगी जाम से मुक्ति

**देहरादून, एजेंसी।**
जिलाधिकारी (डीएम) सविन बंसल व्यवस्था सुधार की दिशा में जो कदम बढ़ा रहे हैं, उसे मंजिल तक पहुंचाने के लिए भी अथक प्रयास कर रहे हैं। शहर में यातायात प्रबंधन की कड़ी चुनौती को दूर करने के लिए भी जिलाधिकारी ने प्रयास शुरू किए थे।

उन्होंने शहर में पहली बार आटोमेटेड पार्किंग का खाका तैयार किया और स्थान चिह्नित किए। अब पार्किंग निर्माण के लिए टेंडर भी आमंत्रित कर लिए गए हैं। जिसमें 02 आटोमेटेड पार्किंग और एक सतही पार्किंग शामिल है। कुल मिलाकर पहले चरण में 546 वाहनों के लिए चार माह के भीतर पार्किंग तैयार कर दी जाएंगी।



पहली आटोमेटेड पार्किंग का निर्माण लैंसडाउन चौक से गांधी पार्क और परेड ग्राउंड के मध्य से गुजरने वाले मार्ग पर तैयार की जाएगी। वहीं, दूसरी पार्किंग का निर्माण लैंसडाउन चौक पर तिब्बती मार्केट सामने बहुद्देशीय खेल भवन के पास किया जाएगा। दूसरी तरफ सतही पार्किंग का निर्माण सर्वे चौक स्थित करनपुर पुलिस चौकी के पास काबुल हाउस की भूमि पर किया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल के मुताबिक टेंडर आमंत्रित करने के साथ ही पूरी प्रक्रिया की शीघ्र पूरा कराकर निर्माण शुरू कराया जाएगा। तीनों पार्किंग परियोजनाओं का निर्माण चार माह के भीतर पूरा करा दिया जाएगा। इसके लिए कार्यदाई संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के रायपुर खंड के अधिशासी अभियंता विनीत को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बाद शहर में अन्य स्थलों पर भी आटोमेटेड पार्किंग तैयार करने की योजना है। आटोमेटेड कार पार्किंग सिस्टम एक यांत्रिक प्रणाली है। जिसे कम से कम उपलब्ध स्थान में बड़ी संख्या में कारों को पार्क करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक मल्टीस्टोरी गैरेज की तरह एक आटोमेटेड पार्किंग सिस्टम कारों को कई स्तरों पर लंबवत रूप से खड़ा करता है। यह पार्किंग के लिए जगह को अधिकतम करने और भूमि के उपयोग को कम करने में मदद करता है। इपीएस कारों के परिवहन के लिए एक यांत्रिक प्रणाली से संचालित होता है और इसलिए ड्राइवरों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। स्वचालित पार्किंग प्रणाली रोबोट वैलेट पार्किंग के समान है। ड्राइवर को कार को एपीएस के प्रवेश क्षेत्र तक ले जाना होता है। कार को खाली करना होता है, ड्राइवर और सभी यात्रियों को कार से बाहर निकालना होता है। ड्राइवर पास के एक स्वचालित टर्मिनल में भुगतान करता है और उसे टिकट मिलता है। जैसे ही सभी यात्री प्रवेश क्षेत्र से बाहर निकलते हैं, कार को यांत्रिक प्रणाली द्वारा उठा लिया जाता है और सिस्टम12 उत्तराखंड में लैंड जिहाद और थूक जिहाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,अभिनंदन कार्यक्रम में बोले सीएम धामी उधम सिंह नगर, एजेंसी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते रविवार को किच्छा विधानसभा में स्थित इंदिरा गांधी खेल मैदान में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स का निरीक्षण किया। इसके बाद धामी ने अभिनंदन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। वहीं इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में अतिक्रमण, भूमि जिहाद और थूक जिहाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही कहा कि राज्य में शीघ्र ही भूमि कानून लाएंगे। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में कहा कि किच्छा में एम्स खुल गया है। साथ ही एम्स 2025 में शुरू हो जाएगा। इसी के साथ ही कहा कि किच्छा में हाईटेक बस अड्डा बना और खुर्पिया को बचाने का काम किया गया है। धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सब उन्हीं की देन है। वहीं इस मौके पर सीएम ने कहा कि जल्द ही पंतनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनेगा। जिसके लिए 850 एकड़ जमीन भारत सरकार को हस्तांतरित कर दी गई हैं। वहीं इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रदेश में दंगा, आगज़नी, सरकारी संपत्ति व गैर सरकारी जमीन को नुकसान पहुंचाने वाले दंगाईयों से भरपाई वसूली जाएगी। इसी के साथ ही कहा कि उत्तराखंड में लैंड जिहाद और थूक जिहाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जल्द ही भूमि कानून भी लाने वाले है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लिए यदि कठोर फैसले लेने पड़ेंगे तो उन्हें लेंगे। धामी ने कहा कि रोजगार की दिशा में सरकार निरंतर काम कर रही है। बताया गया कि खुरपिया में बनने वाला इंडस्ट्रियल पर्यावरण के हिसाब से स्मार्ट सिटी बनेगा तथा मील का पत्थर साबित होगी।

## खाने में थूक प्रकरण के बाद मुस्लिम संगठन ने दी सफाई, कहा- इक्के दुक्के लोगों की वजह से पूरी कौम को निशाना न बनाएं

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड में इन दिनों मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा खाने पीने की चीजों में थूक कर या अन्य आपत्तिजनक चीजें मिलाकर देने के मामले लगातार सामने आ रहे है। वहीं इस प्रकरण के बाद मुस्लिम संगठन ने सामने आकर सफाई दी है। इसमें मुस्लिम संगठन ने सफाई देते हुए कहा कि इक्के दुक्के लोगों की वजह से पूरी कौम को निशाना न बनाए। साथ ही संबंधित आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए भी कहा है।

जानकारी के अनुसार हरिद्वार के ज्वालापुर स्थित ईदगाह मदरसे में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने थूक प्रकरण व अन्य आपत्तिजनक चीजें मिलाकर देने के आरोपों का खंडन किया है। इसमें मुस्लिम धर्म गुरुओं का कहना है कि मुसलमान कभी इतनी गिरी हुई हरकत नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि देश में हिंदू और मुस्लिम हमेशा प्रेम और भाईचारे के साथ रहे हैं। वहीं इन प्रकरणों को लेकर कुछ लोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए हिंदू-मुस्लिम के बीच में खाई खोदने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं इस मामले में मुस्लिम धर्म गुरुओं ने स्पष्ट किया कि अगर किसी भी धर्म का कोई भी व्यक्ति खाने पीने की चीजों में थूक कर या आपत्तिजनक चीज मिलाकर देता है। साथ ही उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन इक्के दुक्के लोगों की वजह से पूरी कौम को निशाना बनाया जाना गलत है।

में पार्किंग के लिए पहले से तय स्थान पर ले जाया जाता है। जिसके बाद ऑपरेटर कार को उपलब्ध सबसे छोटी पार्किंग जगह में फिट करता है।

आटोमेटेड मकैनिकल कार पार्किंग सामान्य रूप से तीन मंजिल की होती है। इस तरह धरातल पर कम से कम 10 कारों की पार्किंग संभव होने पर यह क्षमता 30 कारों की पार्किंग की बन जाती है। जिलाधिकारी सविन बंसल के मुताबिक स्थाई प्रकृति के सीमेंट कंक्रीट की पार्किंग में प्रति तीन यूनिट की लागत 10 से 15 लाख रुपए तक आती है।

## माइनिंग कंपनी के कर्मियों ने कार को मारी टक्कर, विरोध पर चालक को पीटा; जमकर हुआ हंगामा

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** बाजपुर के गांव फौजी कॉलोनी निवासी अमित कार से अपने साथी के साथ गांव बरहैनी जा रहा था। बन्नाखेड़ा क्षेत्र स्थित एक स्टोन क्रशर के पास नजदीक पीछे आ रही कार ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर माइनिंग कर्मियों ने लाठी डंडों से पीटकर अमित को घायल कर दिया।

रविवार सुबह बाजपुर के गांव फौजी कॉलोनी निवासी अमित कुमार कार से अपने साथी हरदीप सिंह के साथ गांव बरहैनी जा रहा था। बन्नाखेड़ा क्षेत्र स्थित एक स्टोन क्रशर के पास नजदीक पीछे आ रही कार ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर माइनिंग कर्मियों ने लाठी डंडों से पीटकर अमित को घायल कर दिया। साथ ही युवक की कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दी।

मोबाइल फोन भी छीनकर ले गए। सूचना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बाजपुर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी प्रधान कुलविंदर सिंह की अगुवाई में पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में हंगामा कर प्रदर्शन किया। उन्होंने चौकी में तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

आरोपी माइनिंग कर्मियों पर मुकदमा दर्ज नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। कमेटी अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा और भाजपा नेता अनंत जैन ने कहा कि माइनिंग कर्मचारी दबंगई दिखाकर धामी सरकार को बदनाम कर रहे हैं। बैलगाड़ी से उप खनिज घरेलू प्रयोग में लाने वाले को पकड़कर प्रताड़ित करते हैं। उनसे भी वसूली करते हैं।

## गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा जाफरपुर, 50 से अधिक राउंड फायरिंग; छह लोग घायल

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** जाफरपुर में दो पक्षों में हुए टकराव के बाद जमकर फायरिंग हो गई। दोनों पक्षों की ओर से 50 राउंड से अधिक फायर किए गए। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हुए हैं।

पुरानी रंजिश के चलते दिनेशपुर थाना क्षेत्र के जाफरपुर में दो पक्षों में हुए टकराव के बाद जमकर फायरिंग हो गई। दोनों पक्षों की ओर से 50 राउंड से अधिक फायर किए गए। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से 32 खोखे बरामद किए। इसके अलावा फायरिंग से क्षतिग्रस्त हुई थार जीप और कार को भी जब्त किया गया। इस घटना से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। दिनेशपुर पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है।

दरअसल ग्राम नेतानगर निवासी मनमोहन सिंह की साहब सिंह उर्फ साबी निवासी गज्जी पुर मिलक खानम स्वार रामपुर से कुछ समय से रंजिश चल रही थी। शनिवार की आधी रात जाफरपुर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। दोनों ने एक दूसरे की जान लेने की नीयत से जमकर फायरिंग की। इससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम हो गया।

एक पक्ष के मनमोहन सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि इशरपुर नानकपुरी टांडा बहेड़ी निवासी रखवीर और मिलक खानम स्वार रामपुर निवासी साहब सिंह उर्फ साबी से उसका किसी बात पर विवाद हो गया था। साहब सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

शनिवार रात वह पुष्पराज सिंह, सतेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह लाडी, बलराम उर्फ गोलू के साथ अपनी थार जीप और कार से जाफरपुर पहुंचे। वे अंग्रेजी शराब की दुकान के पास खाली प्लाट पर खा पी रहे थे। इस बीच इशरपुर नानकपुरी टांडा बहेड़ी के रखवीर, गज्जीपुर मिलक खानम स्वार रामपुर के साहब सिंह, भोज बहेड़ी के कांवल सिंह, अलसिया भोज बहेड़ी के जशनदीप सिंह, छिनकी किच्छा के जितेन्द्र सिंह, चुबकिया बहेड़ी के करन सिंह और पांच अन्य लोग कई वाहनों से वहां पहुंचे।

आरोप है कि इन लोगों ने जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरु कर दी। इस पर उन्होंने खेतों में भागकर जान बचाई। आरोपियों ने उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ और फायरिंग की। फायरिंग में बलराम उर्फ गोलू, गुरदीप उर्फ लाडी, पुष्पराज सिंह व सतेंद्र छर्रे लगने से घायल हो गए और उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने छह नामजद और पांच अज्ञात पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष के साहब सिंह उर्फ साबी और रखबीर सिंह भी फायरिंग में घायल हुए हैं और वे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

मनमोहन पक्ष की थार और कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। लेकिन दोनों वाहनों पर दूसरे पक्ष ने फायर किए थे और इससे शीशे टूट

## धर्मनगरी से संतों की हुंकार- प्रयाग महाकुंभ में गैर हिंदुओं का प्रवेश नहीं होने देगा अखाड़ा परिषद

**हरिद्वार, एजेंसी।**
परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़े के श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि कहीं थूक कर, कहीं मूत्र कर सनातन संस्कृति को भ्रष्ट करने की चेष्टा की जा रही है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने प्रयाग कुंभ में गैर हिंदूओं के प्रवेश को वर्जित करने का निर्णय किया है। परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़े के श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि कहीं थूक कर, कहीं मूत्र कर सनातन संस्कृति को भ्रष्ट करने की चेष्टा की जा रही है।

कुंभ से पहले ही उत्तर प्रदेश की सरकार को यह तय करना होगा कि कौन जूस बेचेगा और कौन खाना खिलाएगा। यदि कुंभ में भी इस तरह का कृत्य सामने आया तो सनातनी चुप नहीं बैठेंगे और ऐसे लोगों को नागा संन्यासी दंडित करेंगे।



श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े की ओर से निकाली गई छड़ी यात्रा को पूजन के बाद हरकी पैड़ी से रवाना करने के बाद श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि हाल ही में कई जगहों से फोटो और वीडियो सामने आए है कि गैर हिंदू किस तरह से जिहाद चला रहे हैं।

मसूरी और अन्य जगहों के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि यदि इस तरह का कृत्य किया जा रहा है और मुस्लिम समुदाय के मौलाना चुप्पी साधे हुए हैं, तो यह बेहद चिंतनीय है। हमारे यहां मंदिरों में भी ईश्वर अल्लाह तेरों नाम का भजन सुबह-शाम सुनाया जाता है।

जबकि किसी मसजिद से सामाजिक सौहार्द की ऐसी भजन कभी सुनाई नहीं देती है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अगर कोई हरकत करता है तो उसे नागा संन्यासी देखेंगे। वह सबक सिखाने के साथ ही दंड देने के भी अधिकारी होते हैं।

## कहीं सड़कें खोदीं...कहीं गड्ढे बने आफत, सीएम के आदेश को भी गंभीरता से नहीं ले रहे अफसर



**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी नगर निगम की सड़कें पहले ही खराब हैं। साथ ही पेयजल और सीवर बिछाने के नाम पर निगम की सड़कें खोदी जा रही हैं। सीएम ने 15 अक्तूबर तक सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश दिया था लेकिन अधिकारी प्रदेश के मुखिया के आदेश के प्रति भी गंभीर नहीं हैं।

हल्द्वानी नगर निगम की सड़कें पहले ही खराब हैं। साथ ही पेयजल और सीवर बिछाने के नाम पर निगम की सड़कें खोदी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने 15 अक्तूबर तक सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश दिया था लेकिन अधिकारी प्रदेश के मुखिया के आदेश के प्रति भी गंभीर नहीं हैं। हालांकि अधिकारी दो दिन में सड़कों के गड्ढे भरने का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 15 अक्तूबर तक सड़कों को गड्ढामुक्त करने की बात कही थी। पर हल्द्वानी में न तो लोक निर्माण विभाग और न ही नगर निगम अपने मुख्य मार्गों को गड्ढामुक्त कर पाया है। रही सही कसर पेयजल और सीवर लाइन बिछाने वाले ठेकेदारों ने पूरी कर दी है। पेयजल, सीवर के नाम पर हल्द्वानी की कई सड़कें खोद दी गई हैं। हद तो यह है कि लाइन बिछाने के बाद खोदाई से हुए गड्ढों को पाटा तक नहीं जा रहा है।

# सात घंटे बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
दिवाली से पूर्व बिजलीघरों में सुधारीकरण के कार्य के चलते पिटकुल ने रविवार को शहर के पांच बिजलीघरों में सात घंटे का शटडाउन लिया। वहीं ग्रामीण डिवीजन में लॉपिंग-चॉपिंग के कार्यों के चलते पांच फीडरों पर चार घंटे बिजली कटौती रही। इससे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ढाई लाख से अधिक आबादी प्रभावित रही। विद्युत वितरण खंड शहर के सुभाषनगर, काठगोदाम, शीशमहल, रानीबाग और गौलापार बिजलीघर में मरम्मत कार्यों के चलते सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। त्योहारी सीजन में घंटों बिजली गुल होने से नलकूप भी ठप रहे। इससे उपभोक्ताओं को बिजली-पानी के संकट का सामना करना पड़ा। लोगों के जरूरी कामकाज प्रभावित होने के साथ ही व्यवसाय पर भी असर पड़ा। शाम को बिजली आने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। वहीं विद्युत अनुरक्षण कार्यों के चलते फुटकुआं सब स्टेशन के गन्ना सेंटर और जय श्री राम फीडर, टीपीनगर सब स्टेशन के एफटीआई फीडर पर सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली कटौती रही। फुटकुआं सब स्टेशन के हिंदुस्तान पेट्रोलियम फीडर और टीपीनगर सब स्टेशन के जजफार्म फीडर पर दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रही। एसडीओ सुभाषनगर नीरज पांडे ने बताया कि दिवाली के मद्देनजर बिजली घरों में मेंटेनेंस के कार्य के चलते पिटकुल ने पांचों सबस्टेशन में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक शटडाउन लिया।



## डायल 112 नंबर पर झूठी सूचना देना पड़ा भारी, चारों गिरफ्तार

**गदरपुर, एजेंसी।** डायल 112 नंबर पर फायरिंग की झूठी सूचना देना चार युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने चारों को झूठी सूचना देने और शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया।

दो दिन पूर्व प्रदीप सिंह ने डायल 112 पर ग्राम खानपुर पश्चिम में कुछ चोरों के घर में घुसकर फायरिंग करने और ग्रामीणों के एक चोर को पकड़ लेने की सूचना दी थी। इस पर पुलिस हरकत में आ गई। एसओ जसवीर सिंह चौहान ने तत्काल एसआई मुकेश मिश्रा और बसंत प्रसाद के साथ पुलिस टीम को मौके पर भेजा।

पुलिस टीम को मौके पर ग्राम रोशनपुर तोतेवाला निवासी प्रदीप सिंह उर्फ पित्ता, गुरदास सिंह, ग्राम चंदनपुरा निवासी मेजर सिंह एवं विक्रमजीत सिंह आपस में झगड़ा करते मिले। पुलिस के समझाने पर भी वह एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024

# पीएम मोदी से मुलाकात के बाद आतिशी ने कहा, मैं केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूरे सहयोग की आशा करती हूं

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी पीएम मोदी से पहली मुलाकात है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

वहीं बाद में दिल्ली की सीएम आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मैं राजधानी दिल्ली के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूरे सहयोग की आशा करती हूं।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी ने दिल्ली के सीएम का पद संभाला है।

आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। इसी के साथ वह इस पद पर आसीन होने वाली सबसे कम उम्र की महिला भी हैं। कथित शराब नीति घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद आतिशी दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का कार्यकाल आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच तनाव के बीच शुरू हुआ। हाल ही में एक विवाद मुख्यमंत्री आवास शीश महल के आवंटन को लेकर हुआ है। वित्त मंत्रालय के अनुमानों से पता चलता है कि दिल्ली को अपने इतिहास में पहली बार राजस्व घाटे का सामना करना पड़ रहा है, ये भी विवाद का बड़ा मुद्दा रहा है।

ये मुद्दे दोनों दलों के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा दे रहे हैं क्योंकि आतिशी दिल्ली के शासन और वित्त के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर अपनी भूमिका निभा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होंगे।

# भाजपा की सरकारें अपराध और अपराधियों को काबू करने में पूरी तरह नाकाम- संजय सिंह

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



भाजपा शासित राज्यों में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर आम आदमी पार्टी ने तीखा हमला बोला है। वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकारें अपराध और अपराधियों को काबू करने में पूरी तरह से नाकाम हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां अपराध चरम पर है। सरेआम हत्या, लूट और महिलाओं का यौन शोषण हो रहा है। इसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र में सत्ता पक्ष के नेता बाबा सिद्दीकी की सरेआम की गई हत्या है, जबकि उनको वाई श्रेणी की सुरक्षा भी मिली हुई थी। वहीं, दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की है। इसके बाद भी ग्रेटर कैलाश में जिम मालिक की हत्या हो गई। संजय सिंह ने कहा कि अगर भाजपा की सरकारों ने समय रहते सतर्कता नहीं दिखाई, तो आने वाले दिनों में और भी ऐसी बड़ी घटनाएं हो सकती हैं।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि पूरे देश में जहां-जहां भाजपा का शासन है, वहां अपराध चरम पर हैं। हत्या, लूट, अपहरण और गैंगरेप की घटनाएं लगातार हो रही हैं। व्यापारियों पर फायरिंग और वसूली की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसके बावजूद, भाजपा की केंद्र से लेकर राज्य तक की सरकारें इन अपराधों पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। ताजा मामला विजयादशमी के दिन महाराष्ट्र में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का है। वह महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री थे और उनका बेटा वर्तमान में वहां विधायक है। बाबा सिद्दीकी विपक्ष के नेता नहीं थे, बल्कि एनसीपी अजीत पवार गुट से सत्ता पक्ष के नेता थे। उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, इसके बावजूद उनकी सरेआम हत्या कर दी गई।

संजय सिंह ने कहा कि इसी तरह दिल्ली में एक जिम मालिक की हत्या कर दी गई। करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या कर दी गई। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी गई। लॉरेंस बिश्नोई नाम का गैंगस्टर पूरे देश में अपना गैंग चला रहा है। वह खुलेआम धमकी देता है और फिर मर्डर हो जाता है। पुलिस कुछ नहीं कर पाती। दिल्ली में, जहां केंद्र सरकार बैठी हुई है और यहां की सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी की है, वहीं ग्रेटर कैलाश में एक जिम मालिक की हत्या हो गई। इसमें भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम आया। यहां तक कि बाबा सिद्दीकी, सिद्धू मूसेवाला और करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या में भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया है। लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की जेल में बैठकर पूरे देश में अपना गैंग चला रहा है, लेकिन पुलिस और भाजपा की सरकारें कुछ नहीं कर पा रही हैं। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के पक्ष में ट्वीट करने वाले लोग जिन्हें खुद प्रधानमंत्री सोशल मीडिया पर फालो करते हैं। वो लोग ऐसी घटनाओं की निंदा करने की बजाय इन घटनाओं के पक्ष में लिख रहे हैं। यानि इन घटनाओं को भाजपा का पूरा बैकअप मिला है। इससे साबित होता है कि भाजपा इन्हें संरक्षण दे रही है। बाबा सिद्धिकी की हत्या कोई मामूली घटना नहीं है। मैं समझता हूं कि महाराष्ट्र की जनता आने वाले चुनाव में भाजपा और शिंदे सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी। हैरान करने वाली बात है कि जिस व्यक्ति को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली है उसकी हत्या हो जा रही है। देश की राजधानी में हत्या हो जा रही है। संजय सिंह ने आगे कहा कि एक व्यक्ति खुलेआम देश में गैंग संचालित कर रहा है और उसने कई और लोगों को भी धमकियां दी हैं। अगर भाजपा की सरकार ने समय रहते सतर्कता नहीं दिखाई, तो आने वाले दिनों में और भी ऐसी बड़ी घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए, यदि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों में जरा भी शर्म बाकी है, तो उन्हें तुरंत सचेत होकर ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# आबकारी मामला: न्यायालय ने कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत मंजूर की

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने अंतरिम जमानत के अपने पहले के आदेश को नियमित जमानत में तब्दील कर दिया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत याचिका का विरोध नहीं किया। पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को जमानत देने के पक्ष में हैं। शीर्ष अदालत ने 13 अगस्त को बोइनपल्ली को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी थी।

न्यायालय ने 20 मार्च को कहा था कि याचिकाकर्ता 18 महीने से हिरासत में है। इसके साथ ही इसने उन्हें पांच सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया था।

तब से, बोइनपल्ली की अंतरिम जमानत को समय-समय पर शीर्ष अदालत द्वारा बढ़ाया जाता रहा है।

शीर्ष अदालत ने अंतरिम जमानत देते हुए बोइनपल्ली को अपना पासपोर्ट जमा कराने को कहा था और हैदराबाद की यात्रा के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर कहीं अन्यत्र न जाने का निर्देश दिया था।

व्यवसायी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के तीन जुलाई, 2023 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने 2022 में उसकी गिरफ्तारी की वैधता पर सवाल उठाने वाली उसकी याचिका खारिज कर दी थी।

व्यवसायी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 19 का पालन न करने के आधार पर उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। यह धारा गिरफ्तारी की प्रक्रिया से संबंधित है। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को 2021-22 के लिए आबकारी नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे रद्द कर दिया।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। धनशोधन का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है, जो दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना द्वारा आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की जांच की सिफारिश करने के बाद दर्ज की गई थी।

यह दावा किया गया है कि बोइनपल्ली गुप्त बैठकों का हिस्सा थे और शराब का कारोबार करने वाले एक अन्य आरोपी समीर महेंद्रू के साथ धनशोधन की साजिश में शामिल थे।

## दुबई से 816 ग्राम सोने की तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 कैरेट के 816 ग्राम सोने की तस्करी करने की कोशिश के आरोप में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि दुबई से आये यात्रियों को दो कंगन के रूप में सोने की तस्करी करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, खुफिया जानकारी के आधार पर, दुबई से आये दो यात्रियों को 11 अक्टूबर को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग द्वारा 816 ग्राम वजन वाले दो कड़े के रूप में 24 कैरेट सोने की तस्करी करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मामले में जांच जारी है।

## बदमाश को सीसीटीवी कैमरे की मदद से पकड़ा



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

मोती नगर थाना पुलिस ने 12 अक्तूबर को एक झपटमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोहित के पास से हैंड बैग, दस्तावेज, चाबियां, पेन ड्राइव और एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि नौ अक्तूबर को मोती नगर थाना पुलिस को शिकायतकर्ता ने बैग चोरी होने की शिकायत दी। पीड़ित ने बताया कि उसने कार घर के सामने खड़ी की थी और कार पर कवर लगाते समय अपना बैग बोनट पर रख दिया। उसी समय एक स्कूटी सवार युवक आया और उनका बैग लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# अपहरण के आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

- पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) को सौंपी घटना की जांच।

**प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी**



बिजनौर। थाना स्योहारा पर 13 अक्टूबर को दी गई सूचना के आधार नाबालिक लड़की के अपहरण की घटना में पंजीकृत हुए मुकदमे में पुलिस द्वारा अपहर्ता और अपहरण के आरोपी को बरामद कर वापस ला रहे आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक हुई इस गम्भीर घटना से पुलिस विभाग में हड़कमम्प मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अक्टूबर को थाना सयोहारा जनपद बिजनौर में एक नाबालिक बच्ची के अपहरण होने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसमें थाना स्योहारा में मुकदमा पंजीकृत कर किया गया था। 24 अक्टूबर 20 24 को सूचना प्राप्त हुई की उक्त मुकदमे उपनिरिक्षक सुनील कुमार द्वारा कार्यवाही की जा रही थी जिसमे अपने साथ एक महिला हेड कांस्टेबल तथा एक महिला कांस्टेबल को साथ लेकर आरोपी और अपहर्ता की बरामदी के लिये रवानगी कराई गई थी। अपहर्ता और आरोपी को बरामद करने के उपरांत पुलिस कार्यवाही में लापरवाही बरतते हुए सुनील कुमार अपहर्ता और आरोपी को अपने आवास पर ले गए जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में आरोपी की मृत्यु हो गई।

वहाँ की स्थानीय पुलिस पोस्टमार्टम करा रही है तथा इस पूरे मामले पर उनसे समन्वय बना हुआ है। इस गंभीर मामले में उप निरीक्षक सुनील कुमार की लापरवाही बरतने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक( पूर्वी ) को जांच सौंपी गई है जिसमें बारीकी से जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार दीपक पुत्र अरविंद गत 12 अक्टूबर को गल्ला खेड़ी निवासी एक युवती को अपने साथ ले भगा ले गया था। जिसके बाद 13 अक्टूबर को थाना स्योहारा में उक्त मामले में संबधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर फरार जोड़े की तलाश शुरू कर दी थी। बताया जा रहा है कि की सूचना मिलने पर उपनिरिक्षक सुनील कुमार और एक हेड महिलाकांस्टेबल तथा एक महिला कांस्टेबल लड़के और लड़की को बरामद करने के लिए रवाना हो गये थे।पुलिस टीम ने लड़के और लड़की को बरामद कर लिया। लेकिन लड़के व लड़की को यहां थाने लाने के बजाय उपनिरिक्षक सुनील कुमार शामली स्थित अपने आवास पर ले गए बताया जा रहा है की संदिग्ध परिस्थियो में आरोपी लड़के की उपनिरिक्षक सुनील कुमार के निवास पर मौत हो गई है जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया और मृतक के परिवार मे भी कोहराम मच गया।

# पालम विधानसभा में बाल्मिकी जयंती पर सफाई के संबंध में निवेदन



आने वाली 17 अक्टूबर को बाल्मिकी जयंती के मद्देनजर साफ सफाई कायम रखने के लिए पालम विधानसभा स्थित मधु विहार के सी ब्लॉक बाल्मिकी मंदिर एवम सरकारी स्कूल के इर्द गिर्द नालियों एवम सिवारों की साफ सफाई करवाने तथा सड़कों पर चूना छिड़काव करवाने के लिए फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमेन एवम मधु विहार आरडब्ल्यूए के प्रधान रणबीर सिंह सोलंकी ने दिल्ली जल बोर्ड एवम दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को लिखित ज्ञापन दे निवेदन किया। ज्ञात हो कि 17 अक्टूबर को होने वाली बाल्मिकी जयंती पर हजारों श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आएंगे जहां साफ सफाई बहुत आवश्यक है।

फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के सचिव एवम राष्ट्रीय युवा चेतना मंच भारत के राष्ट्रीय महासचिव महेश मिश्रा ने बताया कि समय समय पर नालियों एवम सीवरों की सफाई न होने से ऐसे हालात बन जाते है जो आप फोटो में देख सकते है की यहां के आस पास से गुजरना भी दुभर हो जाता है और वाल्मीकि जयंती के चलते 17 अक्टूबर को श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे इसलिए दोनो विभागो को इस पर तत्काल करवाई करनी चाहिए।

सोलंकी ने कहा कि सफाई कर्मी द्वारा लगातार सफाई नहीं करने की वजह से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है उन्होंने जल बोर्ड के अधिशाषी अभियंता तथा नजफगढ़ जोन के उपायुक्त से मांग की है कि 15 तारीख तक निश्चित रूप से सफाई कर दें ताकि जयंती के अवसर पर आने वाली भीड़ को साफ सफाई का लाभ मिल सके और मंदिर के आस पास स्वस्थ एवम पवित्र वातावरण बना रहे। क्योंकि अभी नालिया जाम होने से गंदा पानी मंदिर के आस पास एवम सड़क पर एकत्रित हो रखा है इसलिए सफाई आवश्यक है। सोलंकी ने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनो विभागो के अधिकारियों ने संबधित कर्मचारियों को तुरंत आदेश पारित किए की मंदिर के आसपास रोजाना साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

## आईटी सहायकों को तीन महीने से वेतन का इंतजार

नई दिल्ली । दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अनुबंध पर कार्यरत आईटी सहायकों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने नौकरी छोड़ने जैसे हालात पैदा हो गए हैं। एक सरकारी स्कूल में कार्यरत आईटी सहायक ने बताया कि एक हजार से ज्यादा आईटी सहायकों का जून में अनुबंध खत्म हो गया था। इसके बावजूद वह स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का वेतन अभी तक नहीं मिला है। हर महीने वेतन रिपोर्ट भी अपलोड हो रहा है, लेकिन वेतन नहीं आ रहा है। 1068 कर्मी वेतन ना मिलने से परेशान हैं। इसके अलावा जिन 670 आईटी सहायकों का 30 सितंबर 2024 में अनुबंध खत्म हुआ है, उनको जुलाई तक वेतन मिल चुका है। मगर अगस्त और सितंबर महीने का वेतन उन्हें नहीं मिला है।

# दिल्ली के डॉक्टरों ने रोबोट के सहारे 20 साल पुरानी बीमारी को किया ठीक

नई दिल्ली । चिकित्सा क्षेत्र में हो रही नई तकनीकों ने कई लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का काम किया है। हाल ही में, दिल्ली के एक निजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल करके एक 54 वर्षीय महिला की 20 साल पुरानी रूमेटॉइड आर्थराइटिस की बीमारी को ठीक करने में सफलता पाई है। इस विशेष ऑपरेशन ने न केवल उनकी बीमारी को समाप्त किया है, बल्कि उन्हें एक सामान्य जीवन की ओर भी वापस लौटा दिया है। दिल्ली से सटे नोएडा की रहने वाली इस महिला को पिछले दो दशकों से घुटने और कूल्हे में तीव्र दर्द था। दर्द ने उनकी दिनचर्या को प्रभावित किया और सामान्य जीवन जीने में मुश्किलें पैदा की। पारंपरिक दवाओं का सहारा लेकर उन्होंने अपनी स्थिति को नियंत्रण में रखने की कोशिश की, लेकिन समय के साथ स्थिति बिगड़ती गई। इसके चलते उन्हें उच्च रक्तचाप, हाइपोथायरायडिज्म, स्लीप एपनिया और मोटापे जैसी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना भी करना पड़ा। जब इस महिला ने निजी हॉस्पिटल में प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. (प्रो.) राजू वैश्य से परामर्श किया, तब उन्होंने रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सलाह दी। यह एक महत्वपूर्ण निर्णय था, जो उनके जीवन में परिवर्तन लाने वाला साबित हुआ। सर्जरी प्रक्रियाः डॉ. (प्रो.) राजू वैश्य और उनकी टीम ने महिला के दाएं कूल्हे का पहला ऑपरेशन जुलाई 2023 में किया। इसके बाद, अक्टूबर 2023 में बाएं घुटने का भी सफल सर्जरी की गई। एक साल के अंतराल में, अक्टूबर 2024 में दाएं घुटने का प्रतिस्थापन किया गया। हर सर्जरी में सफलता की उपलब्धि ने मरीज को सामान्य जीवन की ओर लौटने की उम्मीद दी। रोबोटिक तकनीक के लाभों की बात करें, तो डॉ. वैश्य ने बताया कि यह पारंपरिक तरीकों की तुलना में अधिक सटीकता और कम रक्त हानि के साथ तेजी से ठीक होने का समय प्रदान करती है।

# दिल्ली हाईकोर्ट का विकिपीडिया को फटकार, 16 अक्टूबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सोमवार को विकिपीडिया की एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें वे सिंगल बेंच के उस आदेश को चुनौती दे रहे थे, जिसका मकसद विकिपीडिया पर प्रकाशित एक विवरण को संपादित करने वाले व्यक्ति की पहचान उजागर करना था। यह विवरण एक समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित किया गया था, जिसमें विकिपीडिया ने भारत सरकार का प्रोपेगैंडा टूल बताया था। इस मामले में सुनवाई कर रहे चीफ जस्टिस मनमोहन ने कहा कि अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। विकिपीडिया की ओर से पेश वकील अमित सिब्बल ने तर्क दिया कि विवरण संपादित करने वाले का नाम बताना उनकी निजता की नीति का उल्लंघन होगा, तो अदालत ने कहा कि यदि वे नाम नहीं बताएंगे, तो अदालत उस व्यक्ति का रुख कैसे जान पायेगी।

सुनवाई के दौरान न्यूज एजेंसी के वकील ने अदालत को बताया कि विकिपीडिया के पेज में उल्लेखित था कि जज ने धमकी दी है कि वे भारत सरकार को आदेश दे सकते हैं कि विकिपीडिया को देश में बंद कर दिया जाए। इस पर हाईकोर्ट ने विकिपीडिया को सख्त निर्देश दिया कि उन्हें इस पेज को हटाना होगा, अन्यथा उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं की जाएगी। विकिपीडिया को स्पष्ट रूप से चेतावनीः कोर्ट ने विकिपीडिया को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि वे किसी भी व्यक्ति को बदनाम करने का प्लेटफार्म नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा, आप एक सेवा प्रदाता हैं। आपको न्यूज एजेंसी के संपादक का नाम बताना होगा। इस पर विकिपीडिया के वकील ने अतिरिक्त समय देने की मांग की। अवमानना का नोटिसः इस मामले में सिंगल बेंच के 5 सितंबर के आदेश का उल्लंघन करने के लिए विकिपीडिया के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी किया था।

# इंडियन मेन्स वियर ब्रांड तस्वा के बारात बाय तस्वा में रणबीर कपूर उतरे रैम्प पर

**जीतेन्द्र शर्मा**



दिल्लीः शादी, प्रत्येक भारतीय परिवार के लिए सबसे महत्वपूर्ण और शानदार आयोजन होता है। ऐसे में इस दौरान कपड़ों से लेकर स्टाइल तक पर काफी ध्यान दिया जाता है। आज के दौर की डिजाइनर शादी के लिए खूबसूरत व डिजाइनर परिधानों के शानदार प्रदर्शन के लिए आदित्य बिड़ला फैशन रिटेल लिमिटेड द्वारा तस्वा ने दिग्गज फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी के साथ मिलकर एक अविस्मरणीय फैशन शो बारात का आयोजन किया, जिसमें तस्वा ने अपने ऑटम/विंटर 2024 वेडिंग कलेक्शन का अनावरण किया। यह भव्य कार्यक्रम रविवार, 13 अक्टूबर को राजधानी दिल्ली के राजसी त्रावणकोर पैलेस में हुआ। खास बात यह कि इस स्पेशल फैशन शो की अमिट छाप इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों पर विशेष रूप से देखी गई। शाम का नाटकीय समापन बॉलीवुड आइकन रणबीर कपूर की अगुआई में हुआ, जिन्होंने बेजोड़ शैली और भव्यता के साथ भारतीय शादियों के सार का जश्न मनाया। दरअसल, तस्वा द्वारा ह्यबारातह्न जीवंत और जीवंत भारतीय शादी के जुलूस से प्रेरित थी, जिसे एक फैशन शोकेस के रूप में दुबारा तैयार किया गया था, जिसमें दूल्हे को दिखाया गया था। बारात, जो पारंपरिक रूप से दूल्हे के हर्षोल्लास के आगमन का प्रतीक है, को इस अपारंपरिक और अत्यंत आकर्षक फैशन शो में प्रस्तुत किया गया। अपनी बेदाग शैली और करिश्मे के लिए मशहूर रणबीर कपूर ने शानदार भारतीय शादी-शैली की बारात के साथ शो का समापन किया, जो शाम का मुख्य आकर्षण बन गया। रणबीर कपूर इस फैशन इवेंट में फेमस डिजाइनर तरुण तहिलियानी के लिए शो स्टॉपर भी बने। रणबीर कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दूल्हा बने नजर आ रहे हैं। उनका यह वीडियो खूब पसंद किया जा रहा है। वीडियो में रणबीर बारात और ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रैंड एंट्री लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो में रणबीर कपूर आइवरी और ब्लश पिंक शेरवानी और दुपट्टा लिए नजर आ रहे हैं और सिर पर पगड़ी पहने हुए हैं। उन्होंने पिंक कलर की मोजरी भी पहन रखी है। वीडियो में रणबीर कार में बारात के साथ ग्रैंड एंट्री लेते नजर आते हैं। जैसे ही वह रैंप पर आते हैं, सभी उनके साथ डांस करने लगते हैं और रणबीर भी सबका साथ देते हैं।

इस फैशन शो में अपनी भागीदारी के बारे में रणबीर कपूर ने बताया, ह्यबारात कलेक्शन में रनवे पर कदम रखना एक रोमांचक अनुभव था, जो परंपरा और आधुनिक स्वभाव के मिश्रण का जश्न मनाता है! आज के दूल्हे समारोह का हिस्सा भर नहीं हैं, बल्कि वे कहानी का दिल हैं। इस संग्रह ने उन्हें अपनी जड़ों का सम्मान करते हुए अपनी व्यक्तिगत पहचान को व्यक्त करने का अवसर दिया। अपनी शानदार बनावट और बोल्ड सिल्हूट के साथ यह मेन्सवियर को फिर से परिभाषित करता है और सुनिश्चित करता है कि हर दूल्हे की यात्रा अविस्मरणीय हो! रणबीर के अलावा, रनवे पर कई बेहतरीन व्यक्तित्वों का एक पूरा लाइनअप था, जिन्होंने इस इवेंट में अपना अनूठा आकर्षण और स्टाइल भर दिया। उभरते सितारे विहान समत, मशहूर कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी, मिशेलिन स्टार शेफ सुवीर सरन और लोकप्रिय डिजिटल इन्फ्लुएंसर, मोहक नारंग, मानव छाबड़ा, उन्नति मल्हारकर और अपूर्वा (जिन्हें ह्यद रिबेल किडह्न के नाम से भी जाना जाता है) ने तस्वा के असाधारण वेडिंग कलेक्शन को एक अलग शान और अंदाज के साथ पेश किया।

# गोपाल राय ने धूलकण नियमों का उल्लंघन करने पर एक निर्माण कंपनी पर 50 हजार रुपये जुमार्ना लगाया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के पीतमपुरा में एक खेलकूद परिसर के निर्माण में लगी एक निर्माण कंपनी पर धूलकण रोधी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने को लेकर सोमवार को 50,000 रुपये का जुमार्ना लगाया।

इस निर्माण स्थल का दौरा करते हुए राय ने नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले सभी ठेकेदारों के खिलाफ जुमार्ना लगाने समेत कड़ी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

निर्माण स्थल पर राय ने कहा, ह्यह्यधूलकण रोधी अभियान के नियमों के अनुपालन का बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद मैंने पाया कि इस निर्माण स्थल पर आवश्यक उपाय नहीं किए गए थे। यह निर्माण स्थल 20,000 वर्ग मीटर से कम है, इसलिए इसमें धूलकण नियंत्रण मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाना आवश्यक है। मंत्री ने कहा, निर्माण एजेंसी पर नियमों के उल्लंघन को लेकर 50,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। मैं चेतावनी देता हूं कि अगर समस्या बनी रही तो आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली सरकार द्वारा सात अक्टूबर को शुरू किये गये धूलकण रोधी अभियान के तहत राय ने पहले दिल्ली सचिवालय में 120 निजी एवं सरकारी निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी।

राय ने कहा, ह्यह्यमैंने सात अक्टूबर को कुछ निर्माण स्थलों का दौरा किया और पाया कि संबंधित एजेंसियां नियमों का पालन नहीं कर रही हैं। इसलिए मैंने सभी 120 निर्माण एजेंसियों (सरकारी और निजी दोनों) को सचिवालय में बुलाया एवं उन्हें धूलकण रोधी विनियमों का पालन करने के महत्व के बारे में बताया। मैंने अनुपालन के बारे में विस्तृत निर्देश जारी किए हैं और उन्हें उनका सख्ती से पालन करने को कहा है।

मंत्री ने यह भी कहा कि सोमवार से दिल्ली में निर्माण स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के लिए 523 निगरानी दल बनाये गये हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### सड़क किनारे जा रहे बुजुर्ग को बाइक चालक ने मारा टक्कर

जमुई [ झाझा ] सोमवार की सुबह झाझा दादपुर मुख्यमार्ग स्थित गोलकीआम गांव के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति को एक बाइक चालक के द्वारा टक्कर मार दिया गया जिसमें बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा हो हल्ला किए जाने के बाद परिजन सहित आसपास के लोग एकजुट हुए और घायल बुजुर्ग व्यक्ति को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने उसका इलाज किया। घायल की पहचान धपरी गांव निवासी हीरा मंडल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि हीरा मंडल घर से निकलकर गोलकीआम गांव के पहुंचा जहां अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मारने के बाद मौके स्थल से फरार हो गया।

### कल्याणपुर दैंता पोखर के प्रांगण में 17 अक्टूबर को होगा रावण दहन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित दैंता पोखर के प्रांगण में सर्व कल्याणी मां दुर्गा पूजा के समापन के अवसर पर 17 अक्टूबर को रावण दहन संध्या के 5:00 बजे में होगी। उक्त बात की जानकारी दैंता पोखर भीम अखाड़ा दंगल कुश्ती समिति के अध्यक्ष पूर्व उप प्रमुख सह वर्तमान पंचायत समिति सदस्य रामनाथ राय देते हुए बताया कि कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा समापन के अवसर पर 17 अक्टूबर की संध्या 5:00 बजे में रावण दहन का कार्यक्रम होगा। मौके पर दंगल कुश्ती समिति संयोजक पूर्व मुखिया रणवीर कुमार विनोद, महासचिव ललन सिंह, सचिव रंजीत पोद्दार, कोषाध्यक्ष रंजीत राय सहित समिति के सभी सदस्य एवं हजारों की संख्या लोग मौजूद थे।

### विधवा महिला के साथ मारपीट कर तेजधार हथियार से वार कर किया घायल

जमुई [ झाझा ] सिमुलतला थानाक्षेत्र के कल्याणपुर गांव में रविवार की शाम को एक विधवा महिला के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला को उसके परिजनों की मदद से सोमवार इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा घायल महिला का इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान रूबी देवी के रूप में हुई है। घायल महिला के भैंसुर दिनेश पासवान ने बताया कि बीते 27 सितंबर को मेरा भाई सहाय पासवान की हत्या कर उसका शव कुंआ में डाल दिया। जिसको लेकर मैने पहले अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी लेकिन बाद में हमलोगों का संदेह सुधीर पासवान, मदन पासवान, दिपक पासवान, श्रीकांत पासवान, गजाधर पासवान, सोरेन पासवान हुआ। दिनेश पासवान ने बताया कि मदन पासवान बैंगलूरू से 24 सितंबर को अपने घर आया था और दो दिन रहने के बाद उक्त लोगों ने मेरे भाई को घर से बुलाकर घटना को अंजाम दिया। गजाधर पासवान ने मुझपर 2005 में गोली पैर मार दिया जिसका गवाही होना था और उसी बात की रंजिश था। उक्त लोगों ने छोटे भाई की पत्नी को धमकी भी दिया कि अगर हमलोगों पर केस हुआ तो अंजाम बूरा होगा।

### एक शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जमुई [ झाझा ] झगड़ा होने की सूचना पर औरेया गांव पहुंची डायल 112 की पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार किया है जिसके खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर औरेया गांव पहुंची डायल 112 की पुलिस को देखकर लोग भागने लगा तभी एक व्यक्ति को पुलिस ने किसी तरह पकड़ा तो वह शराब के नशे में था जिससे पूछताछ किये जाने पर अपना नागेश्वर ठाकुर बताया। पकड़े गए व्यक्ति पर कागजी कार्रवाई पूरी किये जाने के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### लदनियां थाना ने पिस्टल के साथ तीन अपराधी को किया गिरफ्तार

मधुबनी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी नेपाल सीमावर्ती इलाके में पिस्टल के साथ तीन अपराधी को लदनियां थाना ने किया गिरफ्तार। अपराध की योजना बनाते तीनो युवक को पुलिस ने दबोचा। बताया जा रहा है कि धाराए अपराधी क्षेत्र में किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए थे। जयनगर डीएसपी विप्लव कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि लदनियां बाजार मे कुछ अपराधी एकत्रित हुए है और किसी अपराध की योजना बना रहे है। पुलिस ने छापेमारी करते हुए तीन अपराधियो को दबोच लिया।

# दैंता पोखर भीम अखाड़ा कल्याणपुर में तीन दिवसीय दंगल कुश्ती शुरू

## प्रखंड प्रमुख ने किया फीता काट कर उद्घाटन, अतिथियों को कमिटी की ओर से किया सम्मानित

- प्रथम दिन कुल 15 जोड़ी पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता



प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित दैंता पोखर भीम अखाड़ा में सर्व कल्याणी मां दुर्गा पूजा समिति एवं स्थानीय कमेटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, जिला परिषद ममता कुमारी, समाजसेवी दिलीप नारायण सिंह उर्फ पप्पू एवं श्याम किशोर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद भीम अखाड़ा पूजन पहलवान रामप्रीत सिंह, कमलाकांत झा, लखन पहलवान द्वारा किया गया। तत्पश्चात कमेटी की ओर से अतिथियों, पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों, और कमेटी के पदधारकों को चादर, माला देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद आरंभ हुई कुश्ती में आज प्रथम दिन 15 जोड़ी पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाया। जिसमें रोशन खगड़िया और महेंद्र गोरखपुर, राजू खगड़िया और उत्तम बगहा, राजू बगहा सुधीर मुंगेर, पंकज बगहा और आतिश समस्तीपुर की कुश्ती बराबरी पर रहा। वहीं किशोर ललमुनिया और कर्मवीर खगड़िया की कुश्ती में कर्मवीर पहलवान विजेता बने, राजू बगहा और नीतीश कल्याणपुर की कुश्ती में राजू विजेता बने, सुधीर मुंगेर और सज्जो समस्तीपुर की कुश्ती में सुधीर विजेता बने, विक्की कैमूर और कुणाल बगहा की कुश्ती में कुणाल विजेता बने, भोला खगड़िया और भास्कर समस्तीपुर की कुश्ती में भोला विजेता बने, रमेश समस्तीपुर और विक्की कैमूर की कुश्ती में विक्की विजेता बने, सोनू बगहा और सत्यम गोरखपुर की कुश्ती में सोनू पहलवान विजेता बने। मौके पर कुश्ती कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रखंड उप प्रमुख सह कुश्ती कमेटी के अध्यक्ष रामनाथ राय, पूजा कमेटी के अध्यक्ष रामप्रवेश राय, संयोजक पूर्व मुखिया रणवीर कुमार विनोद, महासचिव ललन सिंह, सचिव रंजीत पोद्दार, कोषाध्यक्ष रंजीत राय, मंटून राय, शीलवंत राय, संजीव कुमार राय, सरपंच साधना देवी, दयानंद शर्मा, आदि मौजूद थे। वही निर्णायक मंडली में रामप्रीत पहलवान, कमलकांत पहलवान और लखन पहलवान तथा दर्शकों को आंखों देखा हाल अमर चौधरी एवं हरिंद सिंह यादव पहलवान सुना रहे थे।

# वाहन चेकिंग के दौरान 10 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार, बाइक जब्त



- गिद्धौर पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान पिट्ठू बैग में तलाशी ली गई, जिसमें से भारी मात्रा में शराब बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। स्थानीय पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब के साथ दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर एक मोटरसाइकिल को भी जप्त कर लिया है। बता दें कि गुरुवार को गिद्धौर धोवघट मोड़ के समीप पर स्थानीय पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इसी बीच मागोबंदर की ओर से गिद्धौर आ रही एक मोटरसाइकिल को तलाशी के लिए रोका गया। मोटरसाइकिल रोकने के साथ ही मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया इसके बाद बाइक पर रखी बिट्ठू बैग की तलाशी ली गई, जिसमें से देसी शराब निर्मित भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। इसके साथ ही बाइक को जब्त करते हुए गिरफ्तार कारोबारियों को गिद्धौर थाने लाया गया। थानाध्यक्ष सवेर्जीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों कारोबारियों में झाझा थाना क्षेत्र के सुधीर पासवान के पुत्र विक्रम कुमार, राजकुमार पासवान के पुत्र आकाश कुमार दोनों झाझा थाना क्षेत्र के डूमर पोखर गांव के निवासी हैं। दोनों के पास से 10 लीटर शराब बरामद की गई है। गिरफ्तार कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया। मौके पर एसआई रामधारी महतो एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# वाहन से धक्का लगने पर घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



- परिजन व आसपास के लोग थाना पहुंच कार्रवाई कर मुआवजा की मांग किए

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के जलकद्दरबाग में मोटरसाइकिल से धक्का लगने के कारण इसी मोहल्ला का रहने वाला उत्तम कुमार उर्फ गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस के द्वारा उसे इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था। घटना छह अक्टूबर को हुई थी। तब उत्तम उर्फ गुड्डू बाजार से सामान की खरीदारी कर घर लौट रहा था। इसी दौरान घर से कुछ दूर पर ही एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे धक्का मार दिया। इस कारण से उसका सिर फट गया। नाक व मुंह से खून गिरने लगा। परिजन ने बताया कि बाइक सवार वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने उस बाइक को जब्त कर लिया। पहले नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल घायल को इलाज के लिए ले जाया गया। यहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया। इलाज के दौरान रविवार की रात उत्तम ने दम तोड़ दिया। परिजन सोमवार को दोपहर में थाना पहुंचे। यहां पुलिस पदाधिकारी से मिलकर बाइक सवार पर कार्रवाई करने और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग कर रहे थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि मोटरसाइकिल को जब्त कर रखा है। मृतक के परिजन का फर्द बयान पीएमसीएच के टीओपी में लिया गया है। फर्द बयान के थाना आने के साथ ही कांड दर्ज किया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद परिजन को मुआवजा दिलाने की दिशा में भी कागज आगे बढ़ाया जाएगा। पिता गोपाल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बेटे के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बहू के साथ बच्चों के परवरिश की समस्या खड़ी हो गई है।

# कंगन घाट से आर ब्लॉक के लिए 15 दिन बाद से चलेगा सिटी बस

- सिटी से पीएमसीएच, गुरुद्वारा हांडी साहेब, दीघा, कुर्जी, राजीव नगर, एसके पुरी, पुनाईचक व आर ब्लॉक जाना आसान
- सफर में यात्री देख सकेंगे मरीन ड्राइव, गंगा-गंडक का मिलना व ऐतिहासिक धरोहर का खूबसूरत नजारा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पुराना पटना के वासियों की सुविधा के लिए अगले माह से गंगा पथ पर सिटी बसों (सीएनजी/इलेक्ट्रिक) का परिचालन शुरू होगा। कंगन घाट से आर ब्लॉक तक अप और डाउन में प्रतिदिन बसों का परिचालन किया जाएगा। गंगा पथ पर बसों के संचालन के लिए नए मार्गों का निर्धारण किया गया है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 15 दिनों में इस रूट पर सिटी बसों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल गांधी मैदान से वाया पटना जंक्शन, चिरैयाटांढ पुल, पुरानी बाइपास, अगमकुआं आरओबी, पहाड़ी मोड़, एनएच30, महादेव स्थान मोड़, गुरु गोबिंद सिंह लिंक पथ होते पटना साहिब स्टेशन तक सिटी बसों का परिचालन किया जा रहा है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि गंगा पथ पर सिटी बसों का परिचालन होने से आर ब्लॉक से कंगन घाट का सफर जाम मुक्त होगा। इससे न सिर्फ लोगों का सफर आसान होगा, बल्कि यह पटना शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारु बनाएगा। कंगन घाट से आर ब्लॉक एवं आर ब्लॉक से कंगन घाट के बीच परिचालित सिटी बसों के सफर में यात्री मरीन ड्राइव, गंगा नदी, गंगा व गंडक का मिलन, ऐतिहासिक खूबसूरत धरोहरों के नजारे को देख सकेंगे। इस रूट पर बसों की सुविधा मिलने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। पीएमसीएच और अन्य प्रमुख अस्पतालों को जोड़ने वाले इन मार्गों से चिकित्सा सुविधा और पढ़ाई के लिए विवि और कोचिंग तक पहुंचने में आसानी होगी। कंगन घाट से आर ब्लॉक के बीच गायघाट, कृष्णा घाट, पीएमसीएच, गांधी मैदान, एलसीटी घाट, दीघा घाट, स्टालिन नगर, कुर्जी बालू पर, राजीव नगर, न्यू पाटलीपुत्रा इंद्रपुरी, महेश नगर, शिवपुरी, एसके पुरी-पुनाई चक, मोहनपुर पंप हाउस, दारोगा राय पथ मोड़, आर ब्लॉक में समाप्त होगा। भाजपा व्यवसाय मंच के प्रदेश सह संयोजक नितिन कुमार रिंकू, भाजपा महानगर के अध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप कने कहा कि सिटी बस के कंगन घाट से आर ब्लॉक के बीच परिचालन शुरू होने से पर्यटक स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र के विकास के साथ ही आर्थिक विकास दर में भी वृद्धि होगी। छात्रों को स्कूल-कॉलेज, कोचिंग जाने में सुविधा होगी, तो इलाज के लिए लोगों को पीएमसीएच और अन्य निजी अस्पतालों में जाना आसान होगा। सिख पर्यटक भी गुरुद्वारा गायघाट और हांडी साहिब गुरुद्वारा आ-जा सकेंगे। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह के अलावा सदस्य राजा सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, जदयू नेता जगजीवन सिंह, तख्तश्री कमेटी के मनोनीत सदस्य आरएस जीत, रणजीत सिंह, पटना साहिब सेवक जत्था के अध्यक्ष चरणजीत सिंह, दीपक लंबा, मनोहर सिंह बग्गा आदि ने भी कंगन घाट-आर ब्लॉक के बीच सीएनजी और इलेक्ट्रिक बस के परिचालन को शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और परिवहन सचिव को बधाई दी है।

# सशस्त्र सीमा बल 48 वाहिनी द्वारा सिकंदर यादव वॉलीबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ




प्रात :किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48 वाहिनी जयनगर द्वारा वाहिनी के कमांडेट गोविंद सिंह भंडारी के मार्गदर्शन में नागरिक कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओ को खेल-कूद के प्रति रूचि बढाने तथा जागरूक करने के लिए 48 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमांत चौकी मधवापुर में शहीद सिकंदर यादव वॉलीबॉल टूनामेंट मेट का शुभारंभ गोविंद सिंह भंडारी कमांडेट द्वारा दीप प्रज्वलित कर मधवापुर ग्रामीण टीम व एसएसबी की टीम के बीच प्रदर्शन मैच करवाकर किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन वाहिनी के शहीद मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव की याद में कराया जा रहा है ।शहीद सिकंदर यादव की शहादत उनके पैतृक निवास स्थान गांव पाण्डे डीह डाकघर बर हट जिला जुमुई बिहार पर 9 दिन के आकस्मिक अवकाश के दौरान दिनांक 17 /9 /2018 को नक्सलियों द्वारा किए गए हमले में हुई थी और वह सदा के लिए इतिहास के पन्नो में अमर हो गए।इस प्रतियोगिता में कुल सात टीम भाग लेगी जिनमे गंगौर वॉलीबॉल टीम बासोपट्टी वॉलीबॉल टीम जयनगर वॉलीबॉल टीम सिंघोल वॉलीबॉल टीम सिसौनी वॉलीबॉल टीम मधवापुर वॉलीबॉल टीम नेपाली ए पी एफ वॉलीबॉल टीम के साथ-साथ 48वी वाहिनी जयनगर की वॉलीबॉल टीम प्रतिभाग करके अपनी अपनी खेल का प्रदर्शन करेंगी प्रतियोगिता का अंतिम और फाइनल मैच दिनांक 16/10/2024 को खेला जाएगा और साथ ही साथ इस प्रतियोगिता का समापन विजेता एवं उप विजेता टीमो के बीच मेडल ट्रॉफी एवं खेलकूद सामग्री का वितरण करके किया जाएगा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारत नेपाल सीमा के सीमावर्ती ग्रामीण युवको नागरिको में खेल स्पर्धा जागृत करना है तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर एक समृद्ध समाज एवं परिवेश बनाने के साथ साथ युवकों को खेल में अपने भविष्य को उच्च आयाम तक पहुचाना है इस कार्यक्रम दौरान समाजसेवी संस्थान मधवापुर की तरफ से राजीव ठाकुर राकेश नायक मुन्ना ठाकुर चंदन कामत एवं सीमा चौकी प्रभारी मधवापुर निरीक्षक सामान्य ऋषिकेश कुमार उपस्थित रहे।

# मामूली बात को लेकर एक महिला के साथ उसके देवर और गौतनी ने किया मारपीट



प्रात :किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के चरघरा मुहहले में मामूली बात को लेकर एक महिला के साथ उसके देवर और गौतनी ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल महिला की पहचान देवकी देवी के रूप में हुई है। घायल महिला को अन्य लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टर के द्वारा घायल महिला का इलाज किया गया। घायल महिला ने बताया कि पति के बीमार रहने पर मैं दूसरे के घर मे काम करती हूं। इसी बात को लेकर मेरा देवर रंजीत साव और गोतनी पूजा देवी विवाद करता है। सोमवार को मामूली बात पर उक्त दोनों ने सिर पर पत्थर से वार कर मेरा सिर फाड़कर मुझको घायल कर दिया। उसके बाद देवर भुजाली निकालकर जान मारने की धमकी दिया।

# मां बेटे का पानी में डुबा मिला शव, रविवार को 1 बजे से गायब था मां- बेटा

## दामाद एवं ससुराल के अन्य सदस्यों पर लगाया हत्या का आरोप

प्रात :किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नागी डैम में एक मां और उसके मासूम बेटे का शव मिलने के बाद सोमवार की सुबह क्षेत्र में सन्नाटा छा गई। दरअसल नागी डैम के पास सुबह कुछ लोगों की नजर पहले पानी में उपलता हुआ एक बच्चे का शव देखा जिसके बाद हो हल्ला लोगों ने मचाया तो धीरे धीरे लोगों की भीड़ इकठठा हो गई और लोगों ने सबसे पहले डायल 112 की पुलिस को सूचना दी तो डायल 112 की पुलिस मौके स्थल पर पहुंचा और उसके बाद झाझा थाना को सूचना दी गई जिसके बाद एसएचओ संजय सिंह अन्य अधिकारी और पुलिस फोर्स के साथ डैम पर पहुंचा तो देखा कि बच्चे के शव से कुछ दूरी पर एक महिला का शव भी पानी में डुबा हुआ है। पुलिस ने दोनो शव को बाहर निकाला जिसके बाद दोनो शव की पहचान कि गई तो मृतिका और उसका लगभग ढेड़ वर्षीय पुत्र की पहचान हुई दोनो शव कर्मा गांव के रहने वाले पप्पू यादव की पत्नी रिंकू देवी और उसका पुत्र परमजय कुमार के रूप में कि गई। वही घटना स्थल पर मौजूद मृतिका के पति से पुलिस ने पूछताछ किया और उसे फिलहाल पुलिस अपने हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी हुई है।।ृतिका के पति ने बताया कि रविवार को मैं भैस चराने के लिए घर से निकला हुआ था और मेरी पत्नी बेटा को लेकर रविवार की दोपहर करीबन ढेड़ बजे घर से निकल गया जिसके बाद मेरी मां मुझको फोन किया तो मैनें अपने ससुराल करहरा में लोगों से पत्नी और बेटे के बारे में फोन किया लेकिन कुछ भी पता नही चला और उसके बाद मैं और मेरा पिता तथा साला मनोज यादव के साथ मिलकर सुबह तीन बजे तक चारो तरफ खोजबीन किया लेकिन कुछ भी पता नही चला। जिसके बाद सोमवार की सुबह तक मैं और साला खोजबीन में जुटे हुए थे तभी कुछ लोगों के द्वारा मुझे शव मिलने की सूचना दिया और डैम पर आकर देखा तो पत्नी और बेटा का शव पानी में पड़ा था। मृतिका की पति ने बताया कि घटना कैसे हुआ और क्यो हुआ इसकी पूर्ण जानकारी मुझे नही है। मृतिका के पिता सुरेश यादव ने बताया कि मेरी बेटी बीड़ी बनाने का काम करती थी और उसी की मजदूरी 2200 रूपए को लेकर शनिवार के दिन मेरा दामाद मेरी बेटी के साथ मारपीट किया था। मृतिका के पिता ने बताया कि 2014 में शादी के बाद से ही दामाद गाड़ी, 2 लाख रूपए और बर्तन दहेज के रूप में डिमांड करता था जिसको लेकर मेरी बेटी को ससुराल में दामाद, उसका ससुर सत्यनारायण यादव और सास हमेशा प्रताड़ित करते रहता था। मृतिका के पिता ने बताया कि रविवार की सुबह 10 बजे से बेटी गायब थी। सोमवार की सुबह बेटी के ससुराल गायब था जिसपर ससुराल वालों को बेटी की खोजबीन की बात कि तो वे लोग अपने घर पर चुपचाप बैठा हुआ था। वही करहरा में मैं जब था तब घटना की जानकारी मिली तो डैम पर पहुंचा तो देखा कि दामाद दूर से ही देखकर भागने लगा जिसे पुलिस ने फिर पकड़ा। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टि से यह आत्महत्या लग रहा है। फिलहाल पुलिस मृतिका के पति से पूछताछ कर रही है और एफएसएल टीम भी साक्ष्य जुटाने में लगी हुई और हर बिंदुओं पर बारिकी से जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर व ऑटो के बीच भीषण टक्कर ऑटो सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी वही एक बच्ची की मौत

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत कैंट एरिया में सोमवार को सुबह लगभग 6 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली और ऑटो के बीच भीषण टक्कर हो गई। जिसमे ऑटो सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वही एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर तेज गति में चलाते हुए मौके से फरार हो गया। एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही दानापुर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। जहा से सभी का गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। वही दोनो घायलों के परिजनों ने सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ऑटो सवार ड्राइवर सहित पांच लोग मनेर से दानापुर की तरफ आ रहे थे। उसी दरम्यान दानापुर से मनेर की तरफ जा रही ट्रैक्टर ने कैंट एरिया के पीर बाबा मजार के पास ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे ऑटो सवार पिता पुत्री सहित तीन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वही मौके से ऑटो ड्राइवर के साथ ही गाड़ी में बैठे तीन अन्य लोग मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से सभी को दानापुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहा रास्ते में भी मासूम की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान 3 वर्षीय अन्या उर्फ परी के रूप में हुई है। घायल पिता की पहचान मनेर ऑटो पड़ाव निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। एक अन्य घायल की पहचान मनेर थाना क्षेत्र निवासी प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है की घायल प्रमोद की एक पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है इसके साथ ही उसके सिर में भी गंभीर चोटे आई है। दोनो घायलों का इलाज सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतका मासूम अन्या उर्फ परी के घायल पिता अनिल कुमार ने बताया की वे पेशे से शिक्षक है। पटना के बुद्धा कॉलोनी स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते है। वही पास के ही एक प्ले स्कूल में उनकी बच्ची भी पढ़ती है। दशहरा की छुट्टी को लेकर परिवार के साथ मनेर अपने घर गए हुए थे। आज स्कूल खुल गया था। जिसके कारण मैं अपनी बच्ची को लेकर ऑटो से पटना जा रहा था। जैसे ही ऑटो कैंट एरिया के पीर बाबा के मजार के पास पहुंची दूसरी तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने भीषण टक्कर मार दी। घटना की सूचना पाकर अन्या उर्फ परी के परिजन दानापुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। अन्या उर्फ परी की मां शालिनी के साथ ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ट्रैफिक पुलिस मौके से ऑटो जप्त कर ट्रैफिक थाना ले गई। इस बाबत दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि सुबह कैंट एरिया के पीर बाबा मजार के समीप ऑटो और ट्रैक्टर के बीच भीषण टक्कर हो गई। जिसमे ऑटो सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वही एक मासूम की मौत हो गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेजा गया।

# गाइनी व निश्चेतना के पीजी डॉक्टरों मांगी सुरक्षा, किया कार्य बहिष्कार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में स्थित गाइनी विभाग में प्रसव के बाद प्रसूता की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि मौके पर ड्यूटी में मौजूद जूनियर चिकित्सकों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, मगर वह दम तोड़ दी। इसके बाद मरीज के परिजनों ने मौजूद वरीय व जूनियर महिला चिकित्सकों के साथ मारपीट, गाली गलौज और दुर्व्यवहार किया। साथ ही वीडियो बनाते हुए कहा कि तुम लोगों को पहचान लिया हूं। इसका बदला बाद में लिया जाएगा। यह घटना रविवार की रात हुई। इस संबंध में नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी ने बताया कि वह बिहार से बाहर गई हुई थीं और रविवार रात को लौटी हैं। उन्हें सूचना मिली कि जक्कनपुर के रहने वाले अरुणेश कुमार की 29 साल की पत्नी अनामिका कुमारी को 12 अक्टूबर को यहां प्रसव के लिए भर्ती किया गया था। उसी दिन रात में सिजेरियन से प्रसव कराया गया। इसके बाद वह ठीक-ठाक थी। ऑपरेशन के बाद मरीज ने खाना भी खाया। वह टहलने भी लगी। अचानक से रविवार अपराह्न में जब वह शौचालय पेशाब करने के लिए गई। लौटने के बाद जैसे ही वह बेड पर गई, उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन ने ड्यूटी पर रहे चिकित्सक को बताया। उसका पल्स और बीपी लगातार गिरता जा रहा था। उसे आईसीयू में शिफ्ट कराया ही जा रहा था कि उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद मरीज के परिजन खासा उग्र हो गए। मौके पर मौजूद महिला चिकित्सक के साथ ही निश्चेतना और गाइनी की जूनियर डॉक्टरों के साथ गाली गलौज, मारपीट और दुर्व्यवहार करने लगे। यही नहीं, उन सबों का उन लोगों ने वीडियो तक बना लिया। इससे डरी-सहमी रात में ड्यूटी करने से महिला चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ भी डर रही थीं। किसी तरीके से रात काटा गया। सोमवार को गाइनी और निश्चेतना की जूनियर डॉक्टरों ने काम करने से मना कर दिया। उन सबों का कहना था कि जब तक उन सबों को पर्याप्त सुरक्षा नहीं प्रदान किया जाएगा, वह सब काम नहीं करेंगी। दरअसल एनेस्थीसिया के एक, एक गाइनी के जूनियर महिला चिकित्सक के साथ मारपीट की गई, जबकि एक पीजी के साथ मिस हैंडलिंग किया गया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ उषा कुमारी, विभागाध्यक्ष डॉ दीप्ति राय और अधीक्षक ने सबों को समझिने की भरसक कोशिश कीं।

सम्पादकीय

## बिहार में जनसुराज और शराबबंदी

जो पार्टी खुले आम ऐलान कर रही है कि मुख्यमंत्री बनने के दो घंटे के अंदर गांव -गांव शराब बिकवाएंगें, उसका सामाजिक बहिष्कार करें। यह कहना है अनिल प्रकाश का। अनिल प्रकाश, संपूर्ण क्रांति के आंदोलनकारी रह चुके हैं, बाद के दिनों में गंगा मुक्ति आंदोलन समेत कई आंदोलनों में सक्रिय रहे हैं। ह्लएमएलसी हो या विधानसभा, जो पार्टी संपूर्ण शराबबंदी की गारंटी करेगा, वोट वहीं पड़ेगा। ह्ल यह आनंद पटेल ग्राम सभा का कहना है। ऐसी मुहिम तेज होती जा रही है। यह ऐसे समय हो रहा है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रशांत किशोर ने जन सुराज नाम की राजनीतिक पार्टी बनायी और सत्ता की कुर्सी में बैठने के एक घंटे के अंदर शराबबंदी खत्म करने का ऐलान कर अपने राजनीतिक चरित्र का खुलासा कर दिया है। दिलचस्प यह भी है कि इन्हीं प्रशांत किशोर ने महात्मा गांधी को आदर्श बना कर उनकी कर्मस्थली चंपारण से अपनी पदयात्रा शुरू अपने राजनीतिक अभियान का आगाज किया था। उनका यह ऐलान महात्मा गांधी के सिद्धांतों के खिलाफ भी है, जिसके लिए लोगों को जेल जाना पड़ा था। महात्मा गांधी ने 1921 में शराब के खिलाफ आंदोलन किया था। बड़े पैमाने पर लोगों को इसके लिए जेल भी जाना पड़ा। प्रशांत किशोर की माने तो ह्लशराबबंदी से हर साल बिहार को 20, 000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। ह्लशराबबंदी हटेगी तो वह पैसा बजट में नहीं जाएगा और न ही नेताओं की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और न ही इसका उपयोग सड़क, पानी और बिजली के लिए किया जाएगा। इसका उपयोग केवल बिहार में नई शिक्षा व्यवस्था बनाने के लिए किया जाएगा। उनके इस ऐलान का विरोध हो रहा है। बिहार सरकार की परिवहन मंत्री शीला मंडल का प्रशांत किशोर को इस बात की जानकारी नहीं है कि शराबबंदी से कितने घरों में खुशियां लौटी है। समाज में अमन-चैन का माहौल कायम हुआ है। भाजपा के शहनबाज हुसैन का कहना है कि प्रशांत गांधी जी का अपमान करते हैं। कहते हैं शराब ही खोल देंगे, शराब का दरिया बहा देंगे। ये जरूर है कि शराबबंदी में जो लोग गड़बड़ कर रहे हैं, उनको ठीक किया जाएगा। सब पार्टियों ने मिलकर शराबबंदी लागू की थी। वो ऐसा सिर्फ इसलिए बोल रहे हैं ताकि उन्हें कुछ शराबियों का समर्थन मिल जाए। अनेक गांधीवादी संगठनों का कहना है कि ज्यादातर दल शराब और पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करते हैं इसलिए वे शराबबंदी का विरोध कर रहे हैं। आजादी के आंदोलन के दौरान प्रमुख मुद्दों में से एक मुद्दा शराबबंदी भी था। शराबबंदी की असफलता के पीछे पुलिस माफिया गठजोड़ एक मुख्य कारण है। कानून के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी जरूरी है। आजादी के बाद भारत की केंद्र सरकार ने अप्रैल, 1958 तक पूरे देश में शराबबंदी का लक्ष्य रखा था, जो कभी पूरा नहीं हो पाया। हालांकि आजादी के दो दशक बाद तक मौजूदा महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक और केरल का बड़ा हिस्सा शराबमुक्त था, लेकिन 1967 में इनमें से ज्यादातर राज्य सरकारों ने अतिरिक्त राजस्व के लोभ में शराब की बिक्री की अनुमति दी। 1977 में कपूरी ठाकुर मुख्यमंत्री बने तो बिहार में शराबबन्दी जैसा साहसिक फैसला लिया और बिहार में शराबबंदी लागू की गई। कपूरी ठाकुर ने जब शराबबन्दी का फैसला लिया तो शराब के व्यापार में शामिल लोगों के होश उड़ गए। शराब के व्यापार में शामिल दबंगो और माफियाओं को अप्रत्यक्ष रूप से राजनीतिक संरक्षण की भी बात कही जाती रही है। बाद में कांग्रेस सरकार ने 1981 में उसे हटा लिया। बाद के वर्षों में देश के कई राज्यों में शराब पर प्रतिबंध लगाया गया और फिर हटा लिया गया। बिहार में अप्रैल, 1916 में नीतीश कुमार की सरकार ने शराब की बिक्री और पीने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नशा सभी बुराइयों की जड़ है। नशे से मनुष्य के विवेक के साथ सोचने समझने की शक्ति नष्ट हो जाती है। वह अपने हित-अहित और भले-बुरे का अंतर नहीं समझ पाता। बावजूद इसके शराब जैसी कुरीति का समर्थन जनहित में नहीं है। गांधीजी ने कहा था कि शराब के सेवन से मनुष्य के शरीर और बुद्धि के साथ-साथ आत्मा का भी नाश हो जाता है। शराबी अनेक बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। यह एक तल्ख हकीकत है कि नशे के चलते मरने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक है। जिसमें विगत वर्ष अत्यधिक नशे का सेवन करने के कारण लीवर और किडनी खराब होने तथा दुर्घटना से एक लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। अधिकतर घरेलू हिंसा का मुख्य कारण भी नशा ही है। शराब का सीधा प्रभाव हमारे समुदायों कसामाजिक और पारिवारिक गतिशीलता पर पड़ता है। शराब के कारण घरेलू हिंसा और बढ़ती गरीबी का सबसे ज्यादा मुकाबला महिलाओं और बच्चों को ही करना पड़ता है। सभी धर्म, सभी समाज सुधारकों, सभी धर्म गुरुओं, राजनीतिक लोगों, सामाजिक संगठनों एवं सरकारों के द्वारा नशा मुक्ति की बात कही जाती है लेकिन यह सर्व विदित है कि समाज में नशे का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत में नशा करने वालों की संख्या 37 करोड़ के पार चली गई है। यह संख्या दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी वाले देश अमेरिका से अधिक है। इनके साथ ही, नशा करने वालों में शराब पीने वालों की संख्या 16 करोड़ तक पहुंच गई है, जो रूस की आबादी के बराबर है। लगभग 3 करोड़ लोग शराब के बिना नहीं रह पाते। सर्वे के मुताबिक, शराब पीने वालों में 19 प्रतिशत (लगभग 3 करोड़) ऐसे हैं जो शराब के बिना रह नहीं पाते।

## चकित्सा और प्रौद्योगिकी में परिवर्तनकारी साबित होगा नए प्रोटीन का निर्माण

प्रोटीन लगभग सभी जैविक कार्यों के लिए आवश्यक हैं। ये विभिन्न जीवों के एंजाइम, हार्मोन और संरचनात्मक घटकों के रूप में कार्य करते हैं। प्रोटीन इंजीनियरिंग में प्रगति के साथ अब ऐसे प्रोटीन बनाए जाने लगे हैं जिनका कार्य आवश्यकतानुसार पहले से ही निर्धारित होता है। इस तरह के नवाचार विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करके चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विज्ञान जैसे क्षेत्रों में क्रांति लाने की क्षमता रखते हैं। विशिष्ट चिकित्सीय कार्यों वाले प्रोटीन बनाने से लक्षित दवाओं का विकास संभव होता है, जो रोगों का अधिक सटीक उपचार करती हैं। ये प्रोटीन स्वस्थ कोशिकाओं को प्रभावित करने की क्षमता वैक्सीन विकास प्रक्रिया को गति दे सकती है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य खतरों से निपटना आसान हो सकता है। महामारी के दौरान, वायरस से निपटने के लिए तीव्र और प्रभावी समाधान विकसित करने में प्रोटीन-आधारित टीके अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुए थे। इंजीनियर्ड प्रोटीन एंटीबायोटिक प्रतिरोधी बैक्टीरिया को लक्षित कर सकते हैं, जिससे रोगाणुरोधी प्रतिरोध की बढ़ती समस्या के लिए अभिनव समाधान उपलब्ध हो सकते हैं। तकनीकी अनुप्रयोगों के लिए बहुत कम वजन के ढाँचे आदि के निर्माण में न्यू प्रोटीन का इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रोटीन-इंजीनियर्ड फैब्रिक का उपयोग सेल्फ क्लीनिंग कपड़े बनाने के लिए किया जा सकता है, जिससे सफाई प्रक्रिया में जल और रसायनों की आवश्यकता कम हो सकती है। प्रदूषकों और विषैले पदार्थों को विखंडित करने हेतु डिजाइन किए गए प्रोटीन पर्यावरण की सफाई के लिए आशाजनक समाधान प्रदान करते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र में प्रदूषण कम होता है। प्रदूषण संकट को कम करने में सहायता कर सकते हैं। न्यू प्रोटीन ऐसे बायोसेंसर के रूप में कार्य कर सकते हैं, जो उच्च परिशुद्धता के साथ प्रदूषकों और विषाक्त पदार्थों का पता लगाते हैं, जिससे पर्यावरण निगरानी और संरक्षण में सहायता मिलती है। औद्योगिक प्रक्रियाओं में हानिकारक रसायनों की जगह उत्प्रेरक गुणों वाले प्रोटीन का उपयोग किया जा सकता है, जिससे उत्पादन प्रक्रिया पर्यावरण के अधिक अनुकूल हो जाएगी। प्रोटीन आधारित उत्प्रेरक रासायनिक उद्योग में विषाक्त पदार्थों के उपयोग को कम कर सकते हैं, संधारणीयता को बढ़ावा दे सकते हैं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम कर सकते हैं। विशिष्ट कार्यों वाले प्रोटीन बनाने की क्षमता दवा खोज को बदल सकती है, जिससे उन बीमारियों के लिए उपचार विकसित करना संभव हो सकता है जो पहले इलाज योग्य नहीं थीं। प्रोटीन इंजीनियरिंग में शामिल आणविक तंत्र को लक्षित करके अल्जाइमर जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के लिए नए उपचार विकसित किए जा सकते हैं। व्यक्तिगत चिकित्साः न्यू प्रोटीन को व्यक्तिगत रोगियों की जैविक प्रोफाइल के अनुरूप डिजाइन किया जा सकता है, जिससे व्यक्तिगत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति होगी। इंजीनियर्ड प्रोटीन का उपयोग करके कैंसर के उपचार के लिए आनुवंशिक डेटा के आधार पर विशिष्ट कैंसर प्रकारों को लक्षित करते हुए चिकित्सीय परिणामों में सुधार किया जा सकता है। इंजीनियर्ड प्रोटीन निदान की सटीकता और दक्षता में सुधार कर सकते हैं, जिससे रोगों का पहले पता लगाया जा सकता है। प्रोटीन-आधारित निदान का उपयोग मधुमेह या हृदय संबंधी विकारों के लिए बायोमार्कर का पता लगाने के लिए किया जा सकता है। प्रोटीन डिजाइन करने की कोशिश की गई है

# बांग्लादेश में नवरात्रि पूजा समारोहों पर हमले चिंताजनक

**मुकुट को उठाने के बाद वह उसे अपनी टी-शर्ट के अंदर छिपा लेता है और फिर आराम से मंदिर से निकल जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर को उपहार स्वरूप भेंट किए गए मुकुट की चोरी के मामले में भारत ने बांग्लादेश से जांच करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में, ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने धार्मिक वस्तु की चोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा अधिकारियों से उसे बरामद करने और तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।**





**मनोज कुमार अग्रवाल-**
**लेखक**

बांग्लादेश में इस साल शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा समारोहों पर हमले की अनेक घटनाएं हुई हैं। मंदिरों में चोरी की घटनाएं भी प्रकाश में आयी हैं। लगभग 35 अप्रिय घटनाएं आधिकारिक रुप में सामने आई हैं, जिसके बाद सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लगभग एक दर्जन मामले भी दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा भी अन्य कई जगहों पर हमले और चोरी की घटनाएं हुई हैं जो दबा दी गई हैं और उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। एक घटनाक्रम उस समय सामने आया जब पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक मुकुट दुर्गा पूजा समारोहों के बीच बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले के एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया। जिस पर भारत ने चिंता व्यक्त की है। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महाषष्ठी कहा जाता है। इस उत्सव के दौरान हिन्दू समुदाय के प्रति कई अप्रिय घटनाएं हुई जो चिंता जनक हैं। अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की 170 मिलियन आबादी का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा हैं। हिंदुओं को 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन के बाद भड़की हिंसा के दौरान अपने व्यवसायों और संपत्तियों की बर्बरता और मंदिरों के विनाश का सामना करना पड़ा। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एमडी मोइनुल इस्लाम ने कहा कि एक अक्टूबर से देश भर में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण 11 मामले दर्ज किए गए हैं। मोइनुल इस्लाम ने ढाका में पूजा मंडप का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि देश भर में 32000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई जा रही है।

भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा मुकुट बरामद करने का आग्रह किया। आईजीपी इस्लाम ने आश्वासन दिया कि पुलिस के पास घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है और आरोपी को सजा मिलकर रहेगी। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के मौके पर अनेक अप्रिय घटनाएं देखने को मिली हैं। ढाका में एक दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम फेंका गया। जिसमें एक शख्स घायल हुआ है। वहीं चैटोग्राम में एक दुर्गा पूजा पंडाल में इस्लामिक गाना बजाया गया, जिसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। 7 लोगों पर मुकदमा हुआ है। बांग्लादेशी समाचार पत्र ह्यढाका ट्रिब्यूनह्न ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। ह्यढाका ट्रिब्यूनह्न ने बांग्लादेश में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से दुर्गा पूजा समारोह के दौरान दर्ज की गई 35 अप्रिय घटनाओं का उल्लेख किया। मोहम्मद इस्लाम ने ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया था, जिसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि ह्यहिंदू अल्पसंख्यकों के पर्व पर पूजा-समारोहों की सुरक्षा की जाएगी। देश में 32, 000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया गया है। ह्य मोहम्मद इस्लाम का बयान ऐसे समय में आया है, जब दो दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के मंदिर में चढ़ाया गया स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान चुरा लिया गया। स्वर्ण मुकुट चोरी होने की घटना से बांग्ला्देश हिंदू दुखी हो गए। उन्होंगने पुलिस-प्रशासन से गुहार लगाई। इस घटना पर भारत सरकार ने भी चिंता व्यक्त की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना की निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उस बयान को सोशल मीडिया पर भी पोस्टय किया। उन्हों ने लिखा, ह्यबांग्लादेश में पूजा मंडप पर हमले और हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने तथा उन्हों क्षति पहुंचाने पर हमारा बयानह्न. विदेश मंत्रालय के इस बयान में बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले और चोरी की निंदा करते हुए, बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, हमने ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना को गंभीर चिंता के साथ देखा है। ये निंदनीय घटनाएं हैं। हम पिछले कई दिनों से देख रहे हैं कि वे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने और नुकसान पहुंचाने में व्यवस्थित पैटर्न का पालन करते हैं। खासकर इस शुभ त्यौहार के समय, हम बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं। दुनिया भर में बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले में एक हिंदू मंदिर से चोरी हुए सोने के मुकुट की चर्चा हो रही है। सोने का यह मुकुट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान काली मां के मंदिर को भेंट किया था। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया है। भारत ने चोरी की घटना पर आपत्ति जताई है। मंदिर से मुकुट चोरी के सीसीटीवी वीडियो में जींस और टी-शर्ट पहने एक लड़का मंदिर में घुसते हुए दिखाई दे रहा है।

# रामलीला का बदलता स्वरूप समाज के लिए खतरा

**आप सभी भी दिवाली मनाने की तैयारी में जुट गए होगें। मै उदास हूँ, कुछ सोचने को मजबुर हो गया हूँ दशहरे की रात से। देश की राजधानी में रामलीला मंचन व मंच से लेकर रावण को जलाने के जशन में समाज की जानी हस्तियों ने ना सिर्फ शिरकत की बल्कि अपने को गौरवान्वित महसुस कर रहें। आज जिसने भी जलाई है क्या उसमें से किसी में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के गुण थें क्या। चाहे वे केन्द्रीय मंत्री हो, मुख्य मंत्री हो या राजनीतिक दलों के राजनेता हो, समाजसेवी हो यहाँ तक कई संवैधानिक पदों पर आसीन माननीय-सम्मानीय हो या फिहस्तियाँ हो, कोई भी हो व्यक्ति हो या जिसने भी रावण दहन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हो उनको लेकर मेरे मन में बार यह बार एक सबाल पूछ रहा है।**





**विनोद कुमार सिंह**
**लेखक स्वतंत्र पत्रकार/स्तम्भकार**

दिल्लीवासियों का सम्बन्ध राम लीलाओं से काफी ही पुराना है। जिसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली का ऐतिहासिक। रामलीला मैदान है। जिसके जुड़ी हुई कुछ किस्से आज भी सुनने को मिलती रहती है। पिछले दिनों दिल्ली व एन सी आर राम भक्तों व रामलीलाओं मंचन व जयश्री राम व हर हर महादेव के नारे से पुरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। दिल्ली व एन सी आर वाले शाम होते हीअपने परिवार के सदस्यो के संग रामलीला का आनंद लेने घर से निकल पड़ते थे। मुझे भी कुछ रामलीलाओं को अवलोकन का सुअवसर मिला। इस दौरान मुझे एक जिज्ञासु व दर्शक की पैनी नजर से रामायण के कई पात्रओ के बारे में बारीकी से जानने का अवसर मिला। रामलीलाओं स्थलों व मंचों के कई क्षण व दृश्य ऐसे आयें जिसने मुझे ना प्रभावित किया बल्कि कुछ सोचने को मजबूर कर दिया। इन में दो उल्लेखनीय पहलू है। रामलीला कर राम -रावण युद्ध का प्रसंग। आप को बता दें राम-रावण का युद्ध काफी ही शिक्षाप्रद व रोचक है। आज रामलीलाओं में मर चुका है रावण का शरीर, सुनसान है किले का परकोटा, चारो दिशाओं में उदासी पसरी है, किसी के घर में नही जल रहा दीया। विभीषण के घर छोड़ कर सागर के तट पर बैठ है विजय श्री राम। विभीषण को लंका का राज्य पाठ सौंपते हुए ताकि सुबह हो सके निर्विघ्न राज्याभिषेक, स्वयं राम लक्ष्मण से पुछते अपने सहयोगियों के कुशल क्षेम, चरणो में हनुमान बैठे। लक्ष्मण मन से क्षुब्द है। भ्राताश्री राम सीता माता को अशोक बाटिका मे क्यों नही लेने जाते है। विभीषण का राज्याभिषेक हो गया है। लंका में राम प्रवेश कर एक भव्य भवन पहुंच गये है। हनुमान को अशोक वाटिका में संदेश देने भेजते है कि रावण मारा गया है और अब विभीषण लंकापति है। हनुमान का यह संदेश सुनकर माँसीता खामोश है, निहारती है उस रास्ते को। उनके मन में प्रश्न उठते है कि रावण का वध करते ही वनवासी राम, राजा राम बन गये क्या। लंका पहुंच कर वे क्यूं नही जानना चाहते है, एक वर्ष कहाँ रही सीता, कैसे रही उनकी सीता। मॉ सीता के नयनों से अविरल बहते हए अश्रुधार। नाह्न राम भक्त हनुमान नही समझ पाते, ना रामायण के रचयिता बाल्मिकी कह नही पाते है। माँ सीता आज सोचती है कि अगर राम आते मै उन्हें यहाँ के परिचायिकाओं से, जिन्होने रावण के आदेश पर मुझे भयभीत तो किया, लेकिन नारी के पूर्ण गरिमा प्रदान की, वे रावण की अनुचरी थी लेकिन मेरे लिए माताओं के समान थी। अगर स्वयं राम आते यहाँ मै उन्हें इसे मिलवाते, यहाँ के अशोक के वृक्षों से जिन्होंने मुझे अपने विश्वास पर अड़े की आपर शक्ति देती रही, यहाँ की पुष्प व लताओं से जिन्होनें उनकी सीता कीआँसुओं को ओंस के कणों की तरह सहेज कर रखा। लेकिन वे अब तो वे राजा राम है कैसे आते अपनी सीता को लेने के लिए। देखते देखते कई पहर बीत गए, लंकापति विभीषण के नेतृत्व में माता सीता जी का श्रंगार की गई। भव्य पालकी मे बैठी हुई माँ सीता आज मन मन सोच रही है कि राजा जनक जी ने उन्हें इसी तरह से घर से विदा किया था। तभी वातावरण में स्वर गुंजता है कि सीता को मेरे पास पैदलआने दो। भुमि सुता माँ सीता जमीन पर कॉपती हुई चलते मन में ज्वलंत प्रशन उठते है कि मैंने स्वयंवर में जिसका वरण किया था क्या ये वही है यह पुरुष, जिसके प्रेम में अयोध्या का महल छोड़ कर उनके संग वन वन भटकी थी। हॉ रावण नें गोद मे उठाया था। मुझसे क्या था प्रणय निवेदन वह स्वयं में राजा था, चाहता तो बल पूवर्क ले जाता राजमहल में, लैकिन उसने मेरे स्त्रीत्व का अपमान कभी नही किया। रावण के विषय में सही जानकारी से आज बहुत लोग अपरिचित है। रावण कौन था, क्या रामायण का एक पात्र मात्र था आपके मन में भी कुछ ऐसे सवाल होंगे तो मै बता दूँ कि रावण एक महाज्ञानी, महा पराक्रमी और महाबलशाली था। रावण चारों वेदों का जानकार था। वह धरती पर मौजूद सबसे बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक था। हालांकि उसके अहंकार के कारण उसका अंत हुआ। रावण भगवान शिव का परम भक्त था और उसे यह वरदान था कि कोई भी देवी-देवता का उसका अंत नहीं सकता। यही कारण है कि रावण का वध करने के लिए भगवान विष्णु को मानव रूप में अवतार लेना पड़ा। भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया। रावण के अंत से पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच कई दिनों तक युद्ध चला। धर्म और अधर्म के बीच हुआ यह युद्ध कितने दिनों तक चला, इस बार में बहुत कम लोगों को जानकारी है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच 84 दिनों तक युद्ध लड़ा गया। युद्ध में सफलता के लिए स्वयं भगवान श्रीराम ने शक्ति की उपासना की थी। जिसके बाद लगातार 9दिनों तक युद्ध के बाद दसवें दिन रावण का अंत कर दिया। इसलिए हिन्दू धर्म में नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की जाती है और दसवें दिन दशहरा मनाया जाता है। रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण के बीच लगातार 8 दिनों सीधे युद्ध हुआ था। अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को दोनों के बीच शुरू हुआ संग्राम दशमी को रावण वध के साथ समाप्त हुआ। रावण का अंत करने के बाद भगवान श्रीराम को वापस अयोध्या पहुंचने में करीब 20 दिन लगे थे। शास्त्रों के अनुसार रावण की सेना में करोड़ो लोग थे, बावजूद इसके भगवान श्रीराम और उनकी वानर सेना ने बहुत पराक्रम के साथ युद्ध किया और श्रीराम ने रावण का अंत कर दिया। सिर्फ रावण ही नहीं बल्कि उसकी सेना में ऐसे कई पराक्रमी योद्धा थे, जिन्हें किसी मनुष्य के लिए हराना असंभव था। इसलिए भगवान विष्णु के अवतार के साथ-साथ भगवान शिव और अन्य देवताओं ने भी अवतार लिए थें। श्रीराम-रावण के युद्ध में रावण के चार भाइयों कुम्भकर्ण, खर, दूषण और अहिरावण ने हिस्सा लिया था। इनमें से अहिरावण का अंत हनुमानजी ने किया था जबकि बाकी तीन भाइयों का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। युद्ध में रावण के सात शूरवीर पुत्र भी उतरे थे। इनमें से मेघनाद, प्रहस्त और अतिकाय का अंत लक्ष्मणजी ने किया जबकि नरान्तक, देवान्तक और अक्षय कुमार का अंत हनुमान के हाथों हुआ। रावण के एक पुत्र त्रिशिरा का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। आगे की कथा आप सभी स्वयं जानते है-स्वयं सीता को अग्नि परीक्षा तक देने पड़ी राम, सीता व लक्ष्मण अयोध्या लौटे, नगर वासियों नें दिवाली मनाई थी।

# एंटीबायोटिक दवाओं का बढ़ता उपयोग हानिकारक

**सुभाष आनंद**

पंजाब में जिस प्रकार मरीजों को एंटीबायोटिक दवाएं दी जा रहे हैं यह बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। डॉक्टर लोग ही कहने लगे हैं कि एंटीबायोटिक का प्रयोग से ज्यादा दुरूपयोग होना शुरू हो गया है क्योंकि बहुत से मामलों में बिना एंटीबायोटिक्स दिए ही सही इलाज किया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कई डॉक्टर अपने कमीशन के लिए एंटीबायोटिक का जमकर प्रयोग कर रहे हैं। इनका अधिक उपयोग सर्जरी और पेट की बीमारियों को लेकर किया जा रहा है। पिछले दिनों ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट में एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें एंटीबायोटिकस के चयन और उसके प्रयोग पर बहस हुई। बहस में हिस्सा लेते हुए एम्स के अधिकतर प्रोफेसर्स का मत था कि एंटीबायोटिकस दवाओं के चयन के बारे में ना तो डॉक्टर गंभीर दिखाई देते हैं और ना ही दवाएं खाने वाले मरीज।

उन्होंने कहा कि गंभीर सर्जरी और इमरजेंसी की स्थिति में एंटीबायोटिक्स का चयन करना भी एक चुनौती होती है, जो डॉक्टर ठीक एंटीबायोटिक्स का चुनाव करने में सफल होता है उसकी कुशलता पर गर्व करना चाहिए। ऐसी स्थिति में मरीज को तुरंत दवा देने की आवश्कता होती है। समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी टेस्ट करने का समय नहीं होता और डॉक्टरों का फर्ज बनता है कि पूरी सोच समझकर कोई दवाई दे। कई विशेषज्ञों का मानना है कि 20 में से एक मरीज में एंटीबायोटिकस दवाई के रिएक्शन करने का खतरा बना रहता है, इन रिएक्शन में चमड़ी पर चकते हो जाना, हाजमा गड़बड़ा जाना और चक्कर आना शामिल है। कुछ केस में तो रिएक्शन इतना सीरियस होता है कि मरीज की कई बार मौत भी हो जाती है। एंटीबायोटिक्स लेते हुए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। प्रथम सही दवा का चयन, दूसरा मरीज की आयु, बीमारी और रोग प्रतिरोधी क्षमता देखते हुए दवाई की मात्रा निर्धारित करनी चाहिए। यह भी देखना जरूरी है कि दवा कौन से रूट से दी जाए। सीरियस स्थिति में मुंह के जरिए दवा खाने से बचना चाहिए। सीनियर डॉक्टरों का मानना है कि पंजाब में एंटीबायोटिक्स दवाओं का हद से ज्यादा दुरूपयोग हो रहा है। देखा जा रहा है कि कुछ झोलाछाप डॉक्टर साधारण बुखार और दस्तों में भी एंटीबायोटिक्स दवाएं देने से परहेज नहीं करते, जबकि ऐसी बीमारियों को मामूली दवाओं से ठीक किया जा सकता है। यह सामान्य बात है कि जख्म पर कोई भी साधारण संक्रमण रोधी दवा लगाकर उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन इसको ठीक करने पर बड़े पैमाने पर एंटीबायोटिक का इस्तेमाल किया जा जाता है। फिरोजपुर के वरिष्ठ डॉक्टर एवं जाने माने सर्जन रोशन लाल तनेजा का कहना है कि कई बार डॉक्टर ऐसी स्थिति में होते हैं कि उन्हें ऐसे मरीजों को तुरंत दवा देनी होती है। जिनकी जान को खतरा होता है, ऐसे में डॉक्टरों को सभी टेस्ट रिपोर्ट को देख कर सही एंटीबायोटिक का चयन करना होता है यही उनकी कुशलता का परिचायक होता है। उनका कहना है कि नई तकनीक से डॉक्टरों का काम काफी आसान हो गया है। टैस्ट एवं रिपोर्ट बड़ी जल्दी उपलब्ध हो जाती हैं, लेकिन एंटीबायोटिक दवाओं की विभिन्नता देखते हुए उन्हें अधिक से अधिक दवाओं की जानकारी होनी चाहिए ताकि मरीज को इमरजेंसी में गलत दवाई ना दी जाए, डॉक्टर की कुशलता दवाओं के चयन में छिपी हुई है। डॉक्टर का दवाएं चुनने का सही निर्णय मरीज के लिए वरदान साबित होता है। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एकांत आनंद ने प्रसव रोगों में एंटीबायोटिक दवाओं के गैर जरूरी उपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे मरीजों का खुलेआम शोषण किया जाता है। उन्होंने कहा कि बहुत से केसों में एंटीबायोटिक देने की कोई जरूरत नहीं होती है लेकिन डॉक्टर इस बारे में सोचने की कोई कोशिश नहीं करते। डॉक्टर को कोशिश करनी चाहिए की नॉर्मल डिलीवरी की जाए, लेकिन प्राइवेट हॉस्पिटलों में सिजेरियन पर जोर दिया जाता है और सिजेरियन में एंटीबायोटिक का प्रयोग जमकर किया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पतालों में हड्डी रोग विशेषज्ञों और जनरल सर्जनों द्वारा किए गए ऑपरेशन में कुछ ऐसी कंपनियों के एंटीबायोटिक्स मरीजों को लिखे जाते हैं जिससे उनको अधिक से अधिक कमीशन प्राप्त होता है। यह एंटीबायोटिक सिविल अस्पताल के आसपास कैमिस्ट की दुकानों पर उपलब्ध होते हैं।

# मां दुर्गा को नम आंखों से भक्तों ने विसर्जन कर दी विदाई

- प्रशासन के अड़ियल फरमान से डीजे साउंड पर लगा रहा प्रतिबंध
- भक्तों ने बोला बिहार सरकार हिंदू त्योहारों के उमंगों को कर रही खत्म

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) भक्तिमय माहौल में सोमवार को नगर परिषद बिक्रमगंज के क्षेत्रों में नम आखों से भक्तों ने मां दुर्गे को दी विदाई। अवसर पर दुर्गा पूजा समिति रजिस्ट्री ऑफिस,धनगाई सहित शहर के मुख्य तेंदुनी चौक क्षेत्र के आस्कामिनी मंदिर दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा पूजा समिति,सासाराम रोड़ का मूर्ति विसर्जन हजारों की संख्या में भक्तों ने अबीर गुलाल उड़ा, ढोल नगाड़े, हाथी-घोड़े, ऊंट के साथ के साथ किया। वही भक्तों ने नम आंखों से विदाई देते हुए 10 दिनों के बाद भक्ति व श्रद्धा से मां दुर्गा के सभी रूपों की पूजा-अर्चना कर पुनः मां दुर्गा के आगमन का संदेश देते हुए नम आंखों से विनती किया। वही बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में जगह-जगह स्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं का भक्तों ने विसर्जन किया।




### प्रशासन द्वारा डीजे साउंड पर रोक से भक्तों में दिखा रोष

पूरे दुर्गा पूजन तक सभी पूजा पंडालों से रोहतास जिला प्रशासन द्वारा केवल डीजे साउंड पर प्रतिबंध जारी रखा गया। हालांकि चोंगे साउंड बजते रहें। जिसको लेकर हजारों भक्तों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित रोहतास जिला प्रशासन के विरुद्ध रोष जताया। उन्होंने बताया कि नीतीश सरकार हिंदू त्योहार के विरोधी मुख्यमंत्री है। जो इतिहास काल से चलें आ रहें हिंदू त्योहार के परंपरा की उमंगों को खत्म करते जा रहें है। जिसका जवाब बिहार की हिंदू समाज के करोड़ों लोग आगामी सत्र 2025 के विधानसभा चुनाव सता परिवर्तन कर इसका कड़ा उतर देगी।

लोगों ने बताया कि बिहार में किसी भी चुनाव के समय चुनाव प्रत्याशी हाई क्वालिटी डीजे साउंड से करते है प्रचार-लेकिन दुर्गा पूजा व रामनवमी पर्व में डीजे साउंड पर बिहार सरकार द्वारा आखिर रोक क्यों ?

वहीं विसर्जन के दौरान बिक्रमगंजन एसडीएम अनिल बसाक व एसडीपीओ कुमार संजय के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।




## एक नए तरह के रावण रूपी मोबाइल का पुतला दशहरा के दिन जलाया गया

दशहरा के दिन शाम 7 बजे मौलाबाग, गायत्री मंदिर के पास एक नए तरह का प्रयोग रावण रूपी मोबाइल फोन का पुतला जलाया गया। आप को बताते चले कि इस तरह का विचार कलाकार अर्थ दीप उर्फ (चुटुर) हैं,जो सम्भावना उच्च विद्यालय के 7 क्लास के विद्यार्थी हैं।इस पुतले को बनाने का उद्देश्य,जिस तरह रावण में बुराइयों के अलावे अनेको तरह की अच्छाइयाँ भी थी उसी तरह मोबाइल फोन में भी अच्छाई के साथ साथ बहुत सारी बुराइयाँ भी हैं, इस लिए इस प्रकार के पुतला जलाया कर लोगों में संदेश देने की कोशिश की गई कि मोबाइल फोन की अच्छी चिझों को ग्रहण कर उसकी बुराइयों को लोग अपने अंदर से दहन करें।इस अवसर उपस्थित बहुत सारे दर्शकों ने इस कार्य को सराहा इस मौके पर उपस्थित प्रमुख लोगों में साहेब लाल, अशोक मानव,मो अशफाक,मो इम्तियाज, गोरख नाथ मिश्रा, सुधीर शर्मा, अनिल तिवारी, लड्डू भोपाली, सुनील श्रीवास्वत, आदि थे।

## पांच दिवसीय नाट्य प्रतियोगिता का किया गया पुरस्कार वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ शिव मन्दिर पुरानी बाजार गडहनी के द्वारा शारदीय नवरात्र पर आयोजित पांच दिवसीय नाट्य प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन आज सोमवार को देवी प्रतिमा विसर्जन से पूर्व किया गया।समारोह का उद्घाटन उपमुख्य पार्षद सह पूजा कमिटी के मुख्य संरक्षक सुनय कुमार परमार उर्फ बबलु सिंह, वार्ड पार्षद चंदन कुमार सोनी, टुनटुन बाबा, प्रियांशु मॉल के प्रोपराइटर संतोष कुमार, अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, मुन्ना बारी, बुधन व्यास सहित अन्य कई गणमान्य लोंगो के द्वारा फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम को आगे बढाते हुए निर्णायक मंडल के द्वारा बारी बारी से सभी पांच टीमो के कलाकारो को बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर शील्ड मेडल प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।सांस्कृतिक पदाधिकारी अशीम कुमार राय एवं मुन्ना बारी ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ कलाकार मे नायक का किराएदार निभाने वाले मान सिंह शिव कुमार सुमन, नायिका राधा का किराएदार के लिए गौतम ठाकुर, खलनायक कडौरीमल के लिए मनीष कुमार, खलनायिका कान्ता का रोल के लिए पंकज कुमार (शोले) गडहनी, हास्य कलाकार चोखा चटनी के लिए चौंरी डॉ धर्मेन्द्र, बीरा, बाल कलाकार के लिए रोहित कुमार बरूंही, उद्घोषक के लिए आरजु, निर्देशक के लिए अनन्त भारती प्रधानाध्यापक चौंरी, प्रतियोगिता श्रृंखला मे सर्व प्रथम मान सिंह शिव कुमार सुमन, सहित बरूंही टीम मे प्रथम राहुल - गुडु कुमार, द्वितीय राधा - रजनीकांत तृतीय रामु - राज कुमार पासवान, गडहनी टीम मे चिरकुट- छोटु, सुनैना - बादल, कान्ता - पंकज सोनी शोले, पवांर टीम मे लक्ष्मी- आकाश कुमार सिंह, प्रेम - अमित कुमार, लाजवन्ती- अमन कुमार, खड़ाँव टीम मे राधा - गौतम ठाकुर, बीरजु- राकेश कुमार, रावण - मीकी मेहता और चौंरी टीम मे मान सिंह- शिव कुमार सुमन, गंगीया- सनहुल अंसारी, चोखा चटनी - डॉ धर्मेन्द्र, बीरा संयुक्त को मेडल देकर सम्मानित किया गया।वहीं पांच दिवसीय नाट्य प्रतियोगिता के प्रथम विजेता बेटी होली पराई इंदिरा गाँधी नाट्य क्लब चौंरी द्वितीय विजेता अभागिन उर्फ जिनिगीया बैरी भइल हमार प्रगतिशील नवयुवक नाट्य क्लब बडकी खड़ाँव और तृतीय विजेता नइहर के चुनरी जूनियर नाट्य क्लब पवांर को शील्ड मेडल प्रशस्तिपत्र और नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया।इस पुरे आयोजन मे पूजा कमिटी के समस्त सदस्यों व पदाधिकारियों का योगदान सराहनीय रहा।



## बाइक सवार ने मारी अधेड़ व्यक्ति को टक्कर, गम्भीर रूप से जख्मी

### डॉक्टर ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद आरा रेफर कर दिया

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। स्थानीय थाना क्षेत्र के गडहनी अगिआंव पथ पर धमनियां गांव के समीप बाइक सवार ने अधेड व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।धमनिया गाँव निवासी प्रेम यादव एवं विवेक कुमार चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के ही राम जी सिंह पिता स्व० सुबा सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष सुबह घर से निकलकर बाहर टहलने व शौच के लिए जा रहे थे तभी अगिआंव की ओर से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वो रोड पर फेंका गये।उनका पैर टुट गया और सर मे गम्भीर चोटे आ गई।घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई।सूचना पर पहुंची 112 पुलिस की गाडी जख्मी को पीएचसी गडहनी लाई जहां डॉक्टर ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद आरा रेफर कर दिया।वहीं प्रेम यादव ने बताया कि पिछ्ले एक माह से सडक पर पेड गिरा पडा है।वन विभाग को इसकी सूचना भी दी गई लेकिन विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा सडक से पेड नही हटाया गया।इनकी लापरवाही के कारण नवरात्रि से लेकर अब तक कई घटनायें घट चुकी है।उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीण जनता पेंड काटती है तो उनपर कारवाई कर दी जाती हैं इसलिए कोई हाथ नही लगाता और पेंड रोड पर पडा रहता है।घटना से आक्रोशित ग्रामीण जनता ने चहेट कर बाइक को जप्त कर लिया वहीं बाइक सवार भागने मे सफल रहा।बताया गया कि बाइक सवार नारायणपुर क्षेत्र का रहने वाला हैं।

## गोड़ारी के फर्जी नर्सिंग होम मां के इमरजेंसी में जच्चा-बच्चा की मौत

- मौत के बाद परिजनों को डाट-फटकार क्लीनिक से भगाया, परिजनों ने थाने में कराया फर्जी डॉक्टर के विरुद्ध एफआइआर दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट नगर पंचायत की गोड़ारी में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे मां इमरजेंसी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का मामला प्रकाश में आया हैं। यह अवैध नर्सिंग होम प्रसूति महिलाओं की लगातार मौत का कारण बन रहा हैं। इस नर्सिंग होम का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं हैं, न ही इनमें प्रशिक्षित और डिग्री वाले कोई डॉक्टर हैं। ये नर्सिंग होम झोलाछाप डॉक्टरों पर निर्भर हैं। जो महिलाओं की डिलीवरी ऑपरेशन से लेकर बड़े बड़े ऑपरेशन कर देता हैं। लेकिन बिना अनुभव व प्रशिक्षण के कारण और डॉक्टर की लापरवाही से हुई ऑपरेशन की वजह से आयदिन जच्चा-बच्चा की मौत होते रहती है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने कहा की परिजनों की बयान और लिखित आवेदन के आधार पर नर्सिंग होम और डॉक्टर पर एफआइआर दर्ज किया गया हैं। मामले की जानकारी वरीय अधिकारी को दे दी गई हैं। घटना के बाद से ही नर्सिंग होम में बाहर से ताला लगा हुआ हैं। मामले को गंभीरता पूर्वक लिया गया हैं। आगे की करवाई जारी हैं। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद नर्सिंग होम का स्टाफ और डॉक्टर फरार- जब गोडारी में चल रहे अवैध नर्सिंग होम मां इमरजेंसी में एक साथ जच्चा-बच्चा की मौत हुई, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग पर फिर से सवाल उठने लगे है। मृत महिला का नाम ममता देवी था। जो बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के कवई निवासी उमाकांत पासवान की 19 वर्षीय पुत्री थी । जिसकी शादी बघेला थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी दशरथ पासवान के पुत्र जितेंद्र कुमार से हुई थी । उसे प्रसव पीड़ा के कारण गोड़ारी में स्थित मां इमरजेंसी नर्सिंग होम में 11 अक्टूबर की सुबह भर्ती कराया गया था । लेकिन इलाज में हुई लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों की आरोप है की बिना इजाजत और बिना पूछे ही डॉक्टर ने ऑपरेशन कर दिया । जिसके बाद परिजनों ने मां इमरजेंसी नर्सिंग होम के फर्जी डॉक्टर उमेश सिंह के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन दी हैं । जहां पुलिस जांच में जुट गई है। घटना के बाद नर्सिंग होम का स्टाफ और डॉक्टर नर्सिंग होम के बाहर से ताला बंद कर भाग गया हैं। यह फर्जी नर्सिंग होम गोड़ारी के सकला रोड़ में आरा मशीन के पास स्थित है।

## भोजपुर जिला भाजपा सक्रिय सदस्यता कार्यशाला का आयोजन 16 अक्टुबर से 31 अक्टुबर तक चलेगा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्राथमिक सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत 16 अक्टुबर से शुरू होगा। सक्रिय सदस्यता अभियान कै सफल बनाने हेतु भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिला कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय मे सोमवार को किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन महामंत्री नरेन्द्र तिवारी ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि और वंदेमातरम के साथ हुआ। कार्यशाला मे बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष सह शाहाबाद क्लस्टर प्रभारी सिदार्थ शंभु ने सक्रिय सदस्य बनने और उस अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।उन्होने बताया कि 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा।सक्रिय सदस्य पार्टी के वैसे कार्यकर्ता बनेंगे,जिसने पचास प्राथमिक सदस्य बनाएँ है।उन्होने भोजपुर जिला मे अभी तक लगभग एक लाख प्राथमिक सदस्य बनने पर जिला के कार्यकताओ को बधाई दी और साथ ही कहा कि 15,16,17 अक्टूबर को जिला मे सघन प्राथमिक सदस्यता अभियान चला कर सक्रिय सदस्य बनने के पात्र को अधिक से अधिक प्राप्त करना है,इसके लिए सभी जिला,मंडल और बूथ पदाधिकारी, नेतागण प्रवास कर प्राथमिक सदस्य की संख्या बढाएँगे। उक्त दौरान जिला सदस्यता टीम के उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी, राजकुमार कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने जिले मे प्राथमिक सदस्यता एक लाख के करीब पहुंचने पर जिले के कार्यकताओ को धन्यवाद देते हुए अगले तीन दिन मे सदस्यता को दो लाख से ऊपर पहुंचाने का लक्ष्य को पूरा करने का विश्वास दिलाया।

प्रदेश उपाध्यक्ष संतैष पाठक द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का भोजपुर जिला मे आगमन 17 अक्टूबर को हो रहा है।इस दौरान वे तरारी विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन मे पीरो मे शामिल होंगे।उस दौरान आरा से पीरो और पीरो से जगदीशपुर, बिहिया तक विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत का कार्यक्रम करना है।जिस पर जिलाध्यक्ष ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत के लिए बैनर-होर्डिंग से पाटा जाएगा और सभी जगह कार्यकताओ द्वारा अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा।पीरो मे कार्यक्रम स्थल का चयन कर लिया गया।जिला प्रभारी संजय कुशवाहा ने कार्यशाला मे उपस्थित पदाधिकारियों का वृत लिया और विश्वास दिलाया कि भोजपुर के कार्यकर्ता सदस्यता के लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे। वही पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह टाईगर ने कहा कि भोजपुर जिला के कार्यकर्ता कर्मशील होतू है,वे किसी भी लक्ष्य को ठान लेते है ।

तो अवश्य पूरा करते हैं कार्यशाला को प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शर्मा,शाहाबाद सह प्रभारी अशोक भट्ट,कौशल विद्यार्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुशवाहा, डाँ प्रेम रंजन चतुवेर्दी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मे आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र से किया गया।कार्यशाला मे जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी,लव पांडेय,कौशल यादव,मीरा यादव,जिला मंत्री मधु मिश्रा, राजकुमार कुशवाहा, अरविन्द पाडेय,संतोष चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरेन्द्र पांडेय,प्रहलाद राय,रामदिनेश यादव,सुषुमलाता,अशोक शर्मा,मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता सहि,युवा मोर्चा अध्यक्ष,विभु जैन,किसान मोर्चा अध्यक्ष विद्या सागर पांडेय,अतिपिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष रितुराज, अनु.जाति मोर्चा अध्यक्ष विजय पासवान,ज्योति कुशवाहा, शैलेश कुमार गुड्डु, विरेन्द्र कुमार,अशोक सिंह,संतैष कुमार संटु,संजय कुशवाहा, रंजीत गुप्ता,करोड़पति सिंह,अंकित पांडेय,अमरनाथ राय,रविरंजन सिंह,राकेश कुमार,वृजभुषण पांडेय,विक्की सिंह,विवेक कुशवाहा,रामाकांत चंद्रवंशी आदि जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष महामंत्री, मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी,कोर कमेटी सदस्य आदि शामिल थे।



## बिजली तार के चपेट में आने से युवक जख्मी,इलाज दौरान मौत




प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज शहर के तेंदुनी चौक समीप बीते दिन करीब देर संध्या 7: 15 बजे बिजली तार के चपेट में आने से एक युवक हुआ जख्मी, इलाज दौरान मौत । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र ड्राइवर के 22 वर्षीय पुत्र लुड्डू जो शहर के ढीबरा मोहल्ला में रहकर फल बेचकर अपना जीविकोपार्जन करता था ।

घटना के बारे में बताया जाता है कि लुड्डू तेंदुनी चौक के समीप बिजली तार के चपेट में आ गया । जिससे वह जख्मी हो गया । घटना स्थल के आसपास मौजूद स्थानीय लोग व उसके परिजन शहर के निजी अस्पताल में प्राथमिक इलाज हेतु भर्ती कराया । लेकिन अस्पताल के चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया । मौत की घटना सुन मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि मृतक के घर पर पहुंच उनके परिजनों को सांत्वना देने के उपरांत इस दुख की घड़ी में साथ देने की बातें कहीं ।

साथ ही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना का जायजा लेते हुए मृतक के घर पर पहुंच कानूनी कार्रवाई कराने की बातें कहीं । साथ ही मृतक के घर पर पहुंचे हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि व आसपास के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने को कहा । लेकिन मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर गए । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि घटित घटना को लेकर अभी तक कोई आवेदन नही आया है ।

## नम आंखों से दी मां को विदाई



आरा (भोजपुर), प्रातः किरण। नवरात्रि के समापन पर शहर के चारों तरफ आज दुर्गा मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गयो गाने बजे और डीजे के साथ संस्था के सदस्यों ने मां की पूजा अर्चना करने के बाद स्त्रियों द्वारा उन्हें खोईचा प्रदान किया गया उसके बाद चारों तरफ सड़क पर अनेक वाहनों द्वारा मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकल गई गई लोग अपने दरवाजे और छत से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन अपनी नम आंखों से देख रहे थे .अगले वर्ष फिर आना का उद्घोष किया हर नर नारी मां से बस यही प्रार्थना कर रहा था`चारों तरफ पुलिस प्रशासन चाक चौबंद नजर आए

## आपसी विवाद में मारपीट के मामला , मामला दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) : काराकाट थाना क्षेत्र में मलपुरा गांव में आपसी विवाद में मारपीट के मामला प्रकाश में आया है । मलपुरा गांव निवासी संतोष साह पिता ललन साह ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि गांव के घमाड़ी चौधरी, बेटा सुधीर कुमार व एक अन्य ने मारपीट का जख्मी कर दिया साथ ही चार हजार रुपये पॉकेट से निकाल लिया गया । गर्दन में पहना हुआ सोने का लॉकेट काट लिया गया है । दर्ज बयान में बताया है कि पहले 13 अक्तूबर को मलपुरा गांव में किसी बात को लेकर संतोष साह व सुधीर कुमार के बीच तू तू मैं मैं हुआ था । 14 अक्तूबर को संतोष साह को मारपीट कर हाथ जख्मी कर दिया गया । जख्मी हालत में सीएचसी काराकाट ( गोड़ारी ) में इलाज किया गया । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि मारपीटका मामला आया है । मलपुरा गांव के तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है जिसकी जांच जारी है ।

## जिला प्रशासन, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। खेल विभाग, बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय (अन्तर्जिला) विद्यालय बालक/बालिका अंडर-14/17/19 बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य के 15 जिलों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 बालक/बालिका खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं टीम प्रभारी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के संचालन हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा 12 तकनीकी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार की सचिव श्रीमती स्मिता कुमारी, अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राजीव कुमार सिंह तथा श्री ओम प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी, पटना संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।




सोमवार को संपन्न हुए विभिन्न भार वर्गों के परिणाम इस प्रकार हैंः-

बालक अंडर-17

भार वर्गः -46 कि0ग्रा0

आशीष कुमार (औरंगाबाद) ने हर्ष कुमार दरभंगा को, सिद्धार्थ सिंह (पटना) ने मनीष गुप्ता (रोहतास) को, सत्यम कुमार (शेखपुरा) ने रौशन कुमार (मोतिहारी) को, राजा कुमार (कटिहार) ने दिलखुश कुमार (भागलपुर) को मृत्युंजय कुमार (मुंगेर) ने रौशन कुमार (भोजपुर) को हराया।

भार वर्गः 46-48 कि0ग्रा0

राहुल रंजन सारण ने रियोति रमण (औरंगाबाद) को, पुष्पम प्रसाद (मोतिहारी) ने ऋषि कुमार दरभंगा को, आकाश कुमार (भोजपुर) आयुष कुमार शेखपुरा को, ऋषभ कुमार (मुंगेर) ने शिवम कुमार (कटिहार) को हराया।

भार वर्गः 48-50 कि0ग्रा0

निखिल कुमार (औरंगाबाद) ने अर्णव ठाकुर (नवादा) को, रूद्र चैधरी (पटना) ने आदित्य कुमार (मुजफ्फरपुर) को, पृथ्वी राज (भागलपुर) ने पियुष कुमार (शेखपुरा) को, मो0 जुबैर (कटिहार) ने सिद्धांत कुमार (मोतिहारी) को हराया।

भार वर्गः 52-54 कि0ग्रा0

हिमांशु कुमार (मोतिहारी) ने पियुष कुमार (शेखपुरा) को, करण कुमार (कटिहार) ने ऋतिक राज (मुजफ्फरपुर) को हराया।

भार वर्गः 54-57 कि0ग्रा0

रवि स्वान (मोतिहारी) ने रोहित कुमार (औरंगाबाद) को, दिव्यांशु कुमार (कटिहार) ने संजीवन कुमार (शेखपुरा) को, विकास कुमार (भोजपुर) ने प्रत्युष कुमार (मुजफ्फरपुर) को अमित कुमार (नवादा) ने अंतरीक्ष (सारण) को हराया।

भार वर्गः 66-70 कि0ग्रा0

प्रितम कुमार (कटिहार) ने आयुष राज (नवादा) को, कुणाल सिंह (सारण) ने राजवर्द्धन (पटना) को हराया।

भार वर्गः 70-73 कि0ग्रा0

आयुष कुमार (सारण) ने हर्ष कुमार (भागलपुर) को, अंशु राज (रोहतास) ने सत्यम कुमार (कटिहार) को हराया।

आचार्य सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय (ओपन ट्रायल) विद्यालय बालक/बालिका अंडर-14/17/19 स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने स्कॉड एवं इन्लाईन प्रतियोगिता में भाग लिया।

श्री ओम प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी, पटना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर राज्य विद्यालय स्केटिंग टीम का गठन किया जायेगा, जो आगामी राष्ट्रीय विद्यालय स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## धोखा धड़ी करके खाते से निकाला पैसा, प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के डिहरा टोला निवासी शिव शम्भु सिंह पिता अशोक कुमार सिंह ने काराकाट थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कर कहा है कि उसके बैंक खाते से 18 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन फर्जी तरीके से कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि उनके मो० न० 8178136505 से कुकु एफएम ऐप चलाता था। जिसका मासिक शुल्क 299 4 था। 2 अक्टूबर को यह ऐप उनके मोबाइल से हटा दिया था। लेकिन 8 अक्टूबर की 11:57 अट पर मेरा खाता न० 2092754229 (सेन्ट्रल बैंक भौफ इंडिया) से मेरे मोबाईल के पे ऐप से 299 रु युट गया था। जिसका जानकारी के लिए मैने कुकु एफ एम कस्टमर केयर न०- 912071530214 पर फोन किया। उधर से जानकारी मिला कि आप अपने मो० के सेटिंग में जाकर ऐप को बंद कर कीजिए और आपका पैसा आपके फोन पे में वापस आ जायेगा। मैं मोबाईल के सेटिंग में जाकर बंद कर दिया। उसी समय मेरे फोन पर मो० न०. 9279536366 से वात्सप कौन आया कि अभी आपके फोन से कुकु एफ एम नहीं आया । मैने बोला कि हम तो सेटिंग में जाकर बनाता हूं। तो फिर उसने कहा कि फिर से जाकर सेटिंग में बंद किजिए में पर लाइन ही रखूँगा। तब तक मेरे दोस्त का फोन आ गया तो मैंने फोन उठा कर बात करने लगा तख कट गयाक। दोस्त से वात कटने के बाद मैंने फोन से आपका खाता चेक किया तो (अस्ली हजार एक रुपमा तथा 3:57 स्रेयर 18000 (अठारह हजार रूपया) सदान खान के नाम पर चला गया है। जिसका वढक न०-442580399@ूल्ल३१ॅ्ल्ल' खं३ ट्रॉन्स जेक्सन आई डी0 241008155537394050538 8 है। मैं इस धोखा घड़ी का पूरा जानकारी साईबर क्राईम सेल में कम्पलेन करा दिया हूँ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024





**90 के दशक में 'मर्डर' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को फिल्म इंडस्ट्री में दो दशक से ज्यादा का वक्त हो रहा है। एक समय था जब उनकी और इमरान हाशमी की केमिस्ट्री स्क्रीन की चर्चित केमिस्ट्री में से एक रही थी। इन फिल्मों की वजह से ही एक्ट्रेस की छवि बोल्ड एक्ट्रेस वाली हो गई थी। उन्होंने खूब नेम और फेम कमाया था।**

# मल्लिका ने इमरान को बताया जेंटलमेन

एक्ट्रेस ने 'जीना सिर्फ मेरे लिए' से करियर की शुरुआत की थी और 'मर्डर' से खूब नाम कमाया था। इसमें उनका और इमरान हाशमी का बोल्ड सीन काफी चर्चा में रहा था। ऐसे में मल्लिका शेरावत ने इस सीन को लेकर बात की है और बताया वो काफी असहज हो गई थीं और इसके बाद उनके साथ इंडस्ट्री में कैसा बर्ताव होने लगा था। इसके बारे में भी बताया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है।

दरअसल, मल्लिका शेरावत इन दिनों फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' को लेकर चर्चा में हैं। इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया गया है। इसमें वो राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने विजय राज के साथ रोमांस किया है।

इसी बीच एक्ट्रेस ने हाउटरफ्लाई से बातचीत की। इस दौरान फिल्म में दिए इंटीमेट सीन को लेकर एक्ट्रेस ने बात की और बताया कि कैसे वो इस सीन के दौरान असहज हो गई थीं फिर महेश भट्ट ने उनकी मदद की थी। इंटीमेट सीन के बारे में बात करते हुए मल्लिका शेरावत ने कहा था कि महेश भट्ट के सेट पर लड़कियां काफी सेफ थीं। उन्हें भी बोल्ड सीन करते समय काफी सेफ महसूस हुआ था। लेकिन, यूनिट के बहुत से लोगों के होने की वजर से वो थोड़ा असहज हो गई थीं। लेकिन, महेश भट्ट और इमरान हाशमी दोनों ने उन्हें काफी सहज किया था। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने इमरान को एक जेंटलमैन कहा था।

## इंटीमेट सीन के बाद लोग करने लगे थे जज, रोती थीं एक्ट्रेस

इतना ही नहीं, मल्लिका शेरावत ने 'मर्डर' में इंटीमेट सीन देने के बाद के एक्सपीरियंस के बारे में भी बात की। उन्होंने रणवीर इलाहबादिया के पॉडकास्ट में फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में भी शेयर किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म में इंटीमेट सीन के बाद लोग उन्हें जज करने लगे थे। इस बात से वो काफी दुखी हो गई थीं। मल्लिका ने कहा कि 'मर्डर' की सक्सेस के बाद उन्हें आर्थिक आजादी मिली। इसके बाद वो अपनी शर्तों पर जीवन जी सकीं। अपने फैसले खुद ले सकीं। फिर वो गलत थे या सही।

## महेश भट्ट ने दी थी सलाह

इसके साथ ही जब लोग उन्हें जज करने लगे थे तो एक्ट्रेस एक दिन रोते हुए महेश भट्ट के पास गई थीं और रोते हुए उनसे सारी बात बताई थी। इस पर महेश ने उन्हें सलाह दी थी कि बॉलीवुड में ऐसी कई लड़कियां हैं, ऐसे में एक और कोई मायने रखती है। फिल्ममेकर ने मल्लिका को सलाह दी थी कि लोग उन्हें उनके बोल्ड सीन्स के लिए शर्मिंदा करना चाहते हैं। बहरहाल, मल्लिका शेरावत की फिल्म 'मर्डर' को अनुराग बसु ने निर्देशित की थी। ये फिल्म उस समय बॉक्स ऑफिस पर छा गई थी।

इस मूवी से ना केवल मल्लिका का बल्कि इमरान हाशमी का भी करियर चमक उठा था। 90 के दशक की बेहतरीन एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार मल्लिका शेरावत इन दिनों फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' को लेकर चर्चा में हैं। वो लंबे समय के बाद फिल्मों में नजर आईं। इसमें उनकी और एक्टर विजय राज की केमिस्ट्री कमाल की रही। इस मूवी का निर्देशन राज शांडिल्य ने किया है। उन्होंने एक समय पर फिल्म 'मर्डर' जैसी फिल्मों में काम किया था। इसमें उनका और इमरान हाशमी का इंटीमेट सीन काफी चर्चा में रहा था।

इससे उन्होंने काफी लाइमलाइट बटोरी थी। ऐसे में अब उन्होंने साउथ फिल्मों में काम करने का अनुभव भी शेयर किया है। उन्होंने बताया कि एक डायरेक्टर ने ऐसी डिमांड कर दी थी, जिसे जानकर वो शॉक्ड रह गई थीं।

दरअसल, मल्लिका शेरावत ने हाल ही में बात की। इस दौरान उन्होंने साउथ फिल्म में एक फिल्म निर्माता के साथ काम करने का अपना अनुभव शेयर किया था। एक्ट्रेस ने याद किया कि वो एक गाने की शूटिंग कर रही थीं, जिसमें एक निर्देशक ने उनसे अपना ग्लैमरस अंदाज देखने के लिए कहा था। मल्लिका शेरावत ने बताया कि वो साउथ में एक गाना कर रही थीं। उनके पास डायरेक्टर आए और उनसे बोले थे कि वो देखना चाहते हैं कि एक्ट्रेस कितनी हॉट हैं। इस पर एक्ट्रेस ने उनसे कहा था कि ठीक है। फिर सामने से उनको सीन के बारे में समझाया गया कि हीरो उनकी कमर पर रोटियां सेकेगा।

## मल्लिका ने किया था इनकार

मल्लिका शेरावत अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहती हैं कि वो ये दिखाना चाह रहे थे कि एक महिला कितनी हॉट है। डायरेक्टर ने उस सीन को बहुत ही जरूरी सीन भी बताया था। हालांकि, बाद में मल्लिका ने इस सीन को मना कर दिया था। क्योंकि उनका मानना था कि ये उनके लिए सही नहीं था। इतना ही नहीं, मल्लिका ने बॉलीवुड इंडस्ट्री की पोल खोलते हुए ये भी कहा था कि यहां लोगों को फिल्म पाने के लिए चमचागिरी करनी पड़ती है। मल्लिका कहती हैं कि वो लोगों की चापलूसी नहीं कर सकती हैं और इसके लिए तैयार भी नहीं हैं।

# जिगरा के कलेक्शन को दिव्या खोसला ने बताया फेक

## इंडस्ट्री में शुरू हुई नई वॉर



आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर जिगरा 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसे लेकर अब इंडस्ट्री में एक नया विवाद पनपता दिख रहा है। हाल ही में दिव्या खोसला कुमार ने आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा को लेकर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने दावा किया कि जिगरा के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन फेक हैं। सिनेमाघर खाली हैं और कोई भी अभिनेत्री की फिल्म देखने नहीं जा रहा। दिव्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जिगरा और आलिया भट्ट से संबंधित एक पोस्ट शेयर किया, जिसने हर तरफ खलबली पैदा कर दी और अब उनके इस पोस्ट के चलते बॉलीवुड में एक नई वॉर छिड़ती नजर आ रही है। दिव्या खोसला ने आलिया पर जिगरा के फर्जी कलेक्शन दिखाने का आरोप लगाते हुए खाली सिनेमाघर की एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा- डखुद ही टिकट कराएं और फर्जी कलेक्शन की घोषणा कर दीजिए। मैं जिगरा देखने के लिए सिटी ऑफ मॉल पीवीआर गई, जहां थिएटर पूरी तरह खाली था। सभी थियेटर खाली पड़े हैं। आलिया भट्ट आपमें सच में बहुत जिगरा है। खुद ही टिकटें खरीदीं और फिर फेक कलेक्शन अनाउंस कर दिया। दिव्या के इस पोस्ट के बाद करण जौहर ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन पोस्ट देखकर लगता है कि करण का ये पोस्ट दिव्या खोसला को जवाब है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- मूर्खों को दिया गया सबसे अच्छा भाषण मौन है।

भले ही करण ने अपने पोस्ट में दिव्या का नाम ना लिखा हो, लेकिन अभिनेत्री ने भी जवाब देने में देर नहीं लगाई। उन्होंने फिर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा- सच हमेशा मूर्खों को अपमानित करता है। एक अन्य पोस्ट में दिव्या ने लिखा- जब आप बेशर्मी से दूसरों की सही चीज चुराने के आदी हो जाते हैं, तो आप हमेशा मौन का आश्रय लेते हैं। तुम्हारे पास कोई आवाज नहीं होगी, कोई रीढ़ की हड्डी नहीं होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आलिया की फिल्म 'जिगरा' ने देश में पहले दिन 4.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। हालांकि, दिव्या खोसला फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन को लेकर किसी भी तरह से आश्वस्त नहीं हैं। अभिनेत्री को लगता है कि फिल्म के कलेक्शन 'जिगरा' के पीछे के प्रोडक्शन हाउस के इशारे पर जारी किए गए हैं, जो हिंदी सिनेमा के प्रमुख फिल्म स्टूडियोज में से एक माना जाता है। दिलचस्प बात तो ये है कि दिव्या की सावी फिल्म में भी आलिया की जिगरा जैसी ही जेल ब्रेक कहानी दिखाई गई थी।

# इसे कॉम्पिटिशन नहीं मानता..., सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर कार्तिक ने तोड़ी चुप्पी



कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 दिवाली की छुट्टियों के मौके पर 1 नवंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर 2022 की हॉरर कॉमेडी की इस अगली कड़ी की भिड़ंत रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन से होगी। हाल ही में एक इवेंट में कार्तिक ने फिल्मों के टकराव और उससे बिजनेस पर पड़ने वाले असर के बारे में खुलकर बात की। साथ ही अपने बयान से हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। सिंघम अगेन के साथ बॉक्स ऑफिस क्लैश पर बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने कहा, दिवाली इतनी महत्वपूर्ण छुट्टी है कि मेरा मानना है कि दो फिल्में आसानी से सिनेमाघरों में एक साथ रह सकती हैं। जहां सिंघम अगेन एक्शन जॉनर के अंतर्गत आती है, हमारी फिल्म एक हॉरर-कॉमेडी है। एक फिल्म दर्शक के रूप में, मैं इसे सभी के लिए एक त्योहार के रूप में देखता हूं, जिसमें एक ही दिन में दो विकल्प होते हैं, जो इन दिनों हमारी इंडस्ट्री में दुर्लभ है। कार्तिक आर्यन ने अपनी बात में आगे जोड़ा, फिल्में जल्दी-जल्दी रिलीज नहीं हो रही हैं और हम इसके बारे में रोजाना पढ़ते हैं। अब, दिवाली के दौरान, हमारी दो फिल्में आ रही हैं जिनका दर्शकों को लंबे समय से इंतजार है। मैं उनकी फिल्म की सराहना करता हूं और मैं इसे देखूंगा भी। कार्तिक ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप सभी भी हमारी फिल्म का समर्थन करेंगे। दोनों फिल्मों के सफल होने की प्रबल संभावना है। मैं इसे किसी कॉम्पिटिशन के रूप में नहीं देखता। दोनों फिल्मों में वर्सेज की कोई बात ही नहीं है।

# इस फिल्म को देखकर जोया ने लिया था निर्देशन का फैसला, स्पाइडर मैन जैसी फिल्में बनाने का है मन



लेखिका और निर्देशका जोया अख्तर अपनी फिल्मों से प्रशंसकों के दिलों पर राज करती हैं। जोया आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। आइए आपको बताते हैं कि उन्होंने किस चीज को देखकर सिनेमा की दुनिया में आने का फैसला लिया। भारतीय फिल्म निर्देशक और लेखिका जोया अख्तर आज यानी 14 अक्तूबर को अपना जन्मदिन मना रही हैं। जोया को उनकी शानदार फिल्मों के लिए जाना जाता है। जोया ने अपने करियर की शुरुआत प्राइस ऑफ बुलेट्स नामक वीडियो एल्बम से की थी। इसके बाद उन्होंने निर्देशन का फैसला लिया। जोया ने कहा 15 साल की उम्र में मीरा नायर की सलाम बॉम्बे देखने के बाद मुझे इस क्षेत्र में आने का मन हुआ। उन्होंने बताया कि उनकी पसंदीदा फिल्म द गॉडफादर है, उनका सुपरमैन या स्पाइडरमैन जैसी फिल्में बनाने का मन है। उन्हें नृत्य करना, पढ़ना और अपने तीन कुत्तों के साथ समय बिताना पसंद है। उनका सबसे शर्मनाक पल मेड इन हेवन के सेट पर एक अभिनेत्री को निकालना था। जब उनसे वैकल्पिक करियर के बारे में पूछा गया, तो उनका उत्तर था - कानून।

## इन फिल्मों का किया है निर्देशन

जोया अख्तर ने जिंदगी न मिलेगी दोबारा, बॉम्बे टॉकीज, दिल धड़कने दो, गली बॉय, खो गए हम कहां, मालेगांव के सुपरबॉयज, आर्चीज, तलाश, घोस्ट स्टोरीज जैसी फिल्मों के कारण जोया अख्तर को प्रशंसकों का प्यार मिलता है।

# स्टेज ऐप पर दिखेगी राजस्थानी वेब सीरीज हुंकार

टीवी सीरियल बालिका वधू, कुछ रंग प्यार के ऐसे भी, दीया और बाती हम, बाबा ऐसो वर ढूंढो, रंगरसिया, भाभी जी घर पर हैं के अलावा कई फेमस सीरियल की कहानी लिखने वाले लेखक रघुवीर शेखावत इन दिनों स्टेज ऐप पर रिलीज होने वाली राजस्थानी वेब सीरीज हुंकार की शूटिंग जयपुर में कर रहे हैं। रघुवीर शेखावत ने बताया- हुंकार वेब सीरीज में दो ल ड़कियों की दोस्ती के साथ-साथ नारी शक्ति की कहानी गडी गई है।



इसमें एक लड़की गलत राह पर चल पड़ती है और वह माफियाओं और बडे पॉलिटिशियन के चंगुल में फंस जाती है। जिसके बाद दोनों माफियाओं के खिलाफ हुंकार भरती हैं।

कहानी बेहद इंटरस्टिंग है। उम्मीद है दर्शकों को काफी पसंद आएगी। रघुवीर शेखावत ने कहा- हुंकार वेब सीरीज के माध्यम से हमारा यही प्रयास है कि हम राजस्थान की माटी और यहां की खुशबू, रंग, कल्चर देश-दुनियां के लोगों के सामने लेकर आ सकें। उन्होंने कहा- मेरे दिल में तमन्ना थी कि मुंबई में बहुत कुछ कर लिया है और अब राजस्थान में करना है। इस तमन्ना को पूरा करने के लिए मैं राजस्थानी सिनेमा में अपना योगदान देने के लिए मुंबई से यहां आया हूँ। हम राजस्थानी सिनेमा को एक बडे पटल पर ले जाने की कोशिश करेंगे।

## जयपुर की हवेलियों में की शूटिंग

शेखावत ने बताया- वेब सीरीज की शूटिंग राजस्थान के जयपुर की जा रही है। इसके बाद सीकर के भारिजा गांव में शूटिंग होगी। जयपुर में कई हवेलियों, हॉस्पिटल व चौपालों पर शूटिंग की जा चुकी है। वेब सीरीज में जयपुर के साथ-साथ प्रदेश के उभरते कलाकारों वेब सीरिज में लिया गया है। हुंकार वेब सीरीज में मुख्य किरदार में राजस्थान की सुपरस्टार अभिनेत्री नीलू वाघेला नजर आएंगी। नीलू वाघेला राजस्थानी सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्हें स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक दीया और बाती हम, सीक्रल तू सूरज मैं सांझ, पियाजी में संतोष अरुण राठी उर्फ भाभो की भूमिका के लिए भी जाना जाता है।

इसके अलावा अलीशा सोनी भी हुंकार में नजर आएंगी। अलीशा सोनी, अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के साथ दहाड वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं। साथ ही कई और बड़ी वेब सीरीज में भी काम किया है। इसके अलावा मेरे साईं, सजन रे झूठ मत बोलो सीरियल में मुख्य किरदार निभाने वाले एक्टर सुकेश आनंद सहित कई फेम एक्टर सीरीज में नजर आएंगे।

# अनिल शर्मा की जर्नी अब हुई वनवास, दशहरे पर की घोषणा



गदरः एक प्रेम कथा और गदर 2 जैसी फिल्मों के लिए मशहूर अनिल शर्मा अब एक और दमदार कहानी के साथ दर्शकों के बीच दस्तक देने को तैयार हैं। अनिल शर्मा ने दशहरे के अवसर पर फैंस को एक अपनी अपकमिंग फिल्म की जानकारी देते हुए सरप्राइज कर दिया। अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्मों गदर- एक प्रेम कथा और गदर 2- द कथा कंटीन्यूज़ के लिए मशहूर अनिल शर्मा ने अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा की, जिसका नाम है वनवास। जी हां, दशहरे के मौके पर फिल्म निर्माता ने वनवास का ऐलान किया है। 'गदर 2' के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। अनिल ने आज शनिवार (12 अक्टूबर) को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें नई फिल्म 'वनवास' की पहली झलक पेश की।

# चार दिन की शूटिंग के बाद अचानक कर दिया गया प्रभास की फिल्म से बाहर, रकुल का बड़ा खुलासा

रकुल प्रीत सिंह बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में है और वह अपने अभिनय से दर्शकों से दिलों पर राज करती हैं। रकुल ने अपने करियर की शुरुआत कन्नड़ और तेलुगु फिल्मों से की थी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने यारियां से कदम रखा था। अभिनेत्री ने हाल ही में मुंबई में अपने शुरुआती संघर्षों के बारे में खुलकर बात की।

इस दौरान उन्होंने यह भी याद किया कि कैसे चार दिन शूटिंग करने के बाद उन्हें प्रभास की फिल्म से अचानक निकाल दिया गया था। फिल्मफेयर से बात करते हुए रकुल ने कहा, मुझे लगता था कि अगर मुझे कोई भूमिका नहीं मिली तो कोई बात नहीं, मेरे लिए कुछ और है। मैं उस समय कांदिवली में रह रही थी। मैं अभिनेता/मॉडल सर्किट से अलग थी। मैं लगन से जाती और अपना काम करती थी।

बहुत सारे रिजेक्शन भी होते थे। तेलुगु में एक फिल्म थी, जिसकी मैंने चार दिनों तक शूटिंग की और बाद में मुझे रिप्लेस कर दिया गया। यह फिल्म प्रभास के साथ थी। उन्होंने कहा, डयह मेरी बेहतरी के लिए ही था। उस समय मैं नई थी और कॉलेज में दूसरे वर्ष में थी। मैं अपनी परीक्षाओं के लिए सेट पर अध्ययन करती थी। फिल्म का नाम मिस्टर परफेक्ट था। पहला शेड्यूल खत्म होने के बाद जब मैं दिल्ली गई तो वहां मुझे पता चला कि मेरी जगह काजल अग्रवाल को फिल्म में कास्ट कर लिया गया है। शूटिंग के दौरान काजल और प्रभास की एक और फिल्म रिलीज हुई थी और यह एक ब्लॉकबस्टर बन गई थी।

इसलिए निर्माताओं ने अपनी फिल्म में उसी कलाकार को दोहराने के बारे में सोचा। यह एक व्यावसायिक फैसला था। ऐसा कई बार होता है जब एक नई लड़की को बदल दिया जाता है। रकुल ने कहा, डमैं दिल्ली वापस गई और उन्होंने मुझसे कहा कि वे मुझे दूसरे शेड्यूल के बारे में बताएंगे। जब मैं दिल्ली वापस गई तो मुझे पता चला कि मैं रिप्लेस हो चुकी हूं। मैंने कहा कि ठीक है। मेरे लिए कुछ बेहतर होगा।



# स्टाइलिश लुक में न्यूयॉर्क सिटी में स्पॉट हुई केटी होम्स



केटी होम्स एक जानी मानी अमेरिकी फिल्म एक्ट्रेस हैं, जो अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में केटी होम्स को न्यूयॉर्क सिटी में स्पॉट किया गया। इस दौरान केटी का स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है। लुक की बात करें तो केटी व्हाइट शर्ट, ग्रे पैंट और कोट में दिखीं। उन्होंने लॉन्ग बैग कैरी किया था। शेड्स, पिंक ग्लोसी लिपस्टिक हसीना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। केटी ने ओपन हेयर्स से लुक को पूरा किया था। इस दौरान केटी फोन में बिजी दिखीं। फैंस हसीना की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

सेंसेक्स
81973.05 पर बंद
निफ्टी
25127.95 पर बंद




सोना
74,710
चांदी
94,000

## बेहतर वित्तीय यात्रा के लिए दिवाली से लें सीख, निवेश को अनुष्ठान की तरह आदत बनाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर साल देशभर में हर किसी को सबसे बड़े त्योहार दिवाली का इंतजार रहता है। यह एक ऐसा अवसर होता है, जो लोगों को इसके लिए महीनों पहले से तैयारी करने पर मजबूर कर देता है। रोशनी का त्योहार समृद्धि के बारे में तो है ही, यह कुछ वित्तीय सबक लेने का अवसर भी है। अधिकांश घर दिवाली से ठीक पहले सफाई में लग जाते हैं, कई लोग इसे रंगवाने के अलावा मरम्मत भी कराते हैं। दिवाली की तैयारी बिल्कुल वैसे ही की जाती है, जैसे आप पर्सनल फाइनेंस के लिए करते हैं। बचत या निवेश के बारे में सोचने से पहले आप यह सोचें कि अपने फाइनेंस से भविष्य में क्या उम्मीद करते हैं। इसका अर्थ यह है कि भविष्य के लिए अपने वित्तीय लक्ष्य बनाएं। इनमें कम और लंबे समय के लक्ष्य शामिल होने चाहिए। अल्पावधि में नए साल की छुट्टियों की योजना और सेवानिवृत्ति व लंबी अवधि में कर्ज मुक्त होने जैसी चीजें शामिल होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि हर लक्ष्य से मेल खाने के लिए स्पष्ट समय और राशि आपके पास है। यदि आपके पास बचत है तो यह बैंक और अन्य प्रकार के जमा में होनी चाहिए। निवेश भी विभिन्न प्रकार के साधनों में होना चाहिए। इनमें म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार भी हो सकते हैं। यह सुनिश्चित करें कि पैसे को ऐसे साधनों में लगाए हैं जो आपके निवेश उद्देश्य के साथ आपके द्वारा उठाए जा सकने वाले जोखिम से मेल खाते हों। दिवाली का एक पहलू लक्ष्मी पूजा है। इस पर अक्सर कम चर्चा होती है, लेकिन हर कोई समृद्धि के लिए इसका पालन करता है। पूजा के लिए शाम का समय होता है जिसका पालन किया जाता है और जो सही समय पर ही होता है। आप भी सही समय का इंतजार करें।

## ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ ट्राई की कार्रवाई, कीमतों में कटौती से सब्सिडी पर संकट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ नई नियामकीय कार्रवाई हो रही है। इसके तहत ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कंपनी द्वारा अचानक कीमत घटाए जाने पर चिंता जताई है।

कीमत में कटौती- ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी बॉस सेल के तहत एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच मॉडल की कीमत 74,999 रुपए से घटाकर 49,999 रुपए कर दी है।

एआरएआई की चिंता- एआरएआई ने ओला को 8 अक्टूबर को भेजे गए एक मेल में मूल्य में कटौती के बारे में सूचित न किए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की है। इस तरह की चूक पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव योजना के तहत सब्सिडी पाने की पात्रता को प्रभावित कर सकती है।

ओला ने एआरएआई को अपने मॉडल की एक्स-फैक्ट्री कीमत 75,001 रुपए बताई है, जिसके आधार पर 10,000 रुपए की सब्सिडी का प्रमाण पत्र दिया गया है।

यदि कीमत 49,999 रुपए कर दी जाती है, तो सब्सिडी घटकर 7,500 रुपए रह जाएगी, क्योंकि 15 फीसदी की सीमा कम एक्स-फैक्टरी कीमत पर लागू होती है।


## सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले ! बोनस देगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस का ऐलान कर दिया है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नॉन प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस देने का ऐलान किया है। इस बोनस के तहत केंद्रीय कर्मचारियों को 30 दिनों के वेतन के बराबर राशि प्राप्त होगी। यह बोनस समूह 'सी' और समूह 'ख' के गैर-राजपत्रित कर्मचारियों के लिए है, जो किसी भी उत्पादकता से जुड़े बोनस योजना का हिस्सा नहीं हैं। बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन 7,000 रुपए निर्धारित किया गया है। यह बोनस केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सशस्त्र बलों के कर्मियों के साथ-साथ केंद्र सरकार के वेतन ढांचे का पालन करने वाले केंद्र शासित प्रदेशों के कर्मचारियों पर भी लागू होगा। बोनस के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों को 31 मार्च, 2024 तक सेवा में होना चाहिए और वर्ष के दौरान कम से कम छह महीने की निरंतर सेवा पूरी करनी चाहिए।

# सैटेलाइट इंटरनेट को लेकर मुकेश अंबानी और एलन मस्क आमने-सामने

**● अगले 6 साल में देश में यह कारोबार 16 हजार करोड़ रुपये का हो जाएगा ● देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं देने के लिए कई कंपनियां लाइन में हैं**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या देश और एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी को दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क से डर लग रहा है यह डर अमीरी का नहीं, बल्कि स्पेक्ट्रम नीलामी को लेकर है। दरअसल, मुकेश अंबानी ने सैटेलाइट इंटरनेट के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी को लेकर केंद्रीय टेलीकॉम मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक लेटर लिखा है। इस लेटर में भारत दुनिया में सबसे ज्यादा इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले देशों में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। ऐसे में इंटरनेट सेवा देने वाली कई कंपनियां भारत की ओर देख रही हैं। डेलॉइट के अनुसार साल 2030 तक इसमें 36 फीसदी की तेजी आ सकती है। इस तेजी के साथ यह मार्केट 1.9 अरब डॉलर (करीब 16 हजार करोड़ रुपये) तक पहुंच सकता है। इतने बड़े कारोबार पर पकड़ बनाने के लिए मुकेश अंबानी और एलन मस्क आमने-सामने हैं।



### कई कंपनियां के बीच है टक्कर

16 हजार करोड़ रुपये के कारोबार पर सिर्फ अंबानी और मस्क की ही नजर नहीं है। देश-दुनिया की कई कंपनियां भारत में सैटेलाइट इंटरनेट को लेकर अपना भी भविष्य देख रही हैं। इनमें अमेजन की कुइपर और भारती एंटरप्राइजेज की वनवेब भी शामिल हैं।

### सरकार ने खोल रखे हैं दरवाजे

देश में सैटेलाइट इंटरनेट को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी कई प्रयास कर रही है। चूंकि सैटेलाइट इंटरनेट स्पेस में मौजूद सैटेलाइट के जरिए पहुंचाया जाता है, इसलिए सरकार ने स्पेस सेक्टर में एफडीआई के रास्ते खोल दिए हैं। इससे प्राइवेट कंपनियों को फंड की कमी नहीं रहेगी।

### क्या है एलन मस्क का प्लान

एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी हाई इंटरनेट सेवाएं शुरू करने का प्लान बना रही है। यह कंपनी सैटेलाइट के माध्यम से दुनिया के कई देशों में इंटरनेट की सेवाएं देती है। भारत में भी यह सैटेलाइट के माध्यम से ही इंटरनेट की सेवाएं देगी। दुनिया की कई एयरलाइंस भी हवाई यात्रा के दौरान स्टारलिंक का इंटरनेट इस्तेमाल करती है। इससे प्लेन में सफर करने वाले यात्री भी उड़ान के दौरान इंटरनेट का इस्तेमाल कर पाते हैं।

### क्या है मुकेश अंबानी का प्लान

मुकेश अंबानी भी सैटलाइट इंटरनेट के जरिए भारत में पैर पसारने की तैयारी में हैं। इनकी कंपनी रिलायंस जियो सैटेलाइट इंटरनेट का संचालन कर रही है। रिलायंस जियो अभी यूजर्स को फाइबर ब्रॉडबैंड की सुविधा दे रही है। मुकेश अंबानी के पास जियो ब्रॉडबैंड से जुड़े पहले से काफी यूजर्स हैं। ऐसे में रिलायंस जियो चाहती है कि सैटेलाइट इंटरनेट के जरिए उसके अधिक से अधिक कस्टमर बन सकें।

### क्या चाहते हैं मुकेश अंबानी

दरअसल, सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम के आवंटन को लेकर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण रिलायंस जियो और स्टारलिंक के बीच में उलझ गई है। ट्राई ने कहा था कि घरेलू सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम का आवंटन होगा न कि नीलामी। इसे लेकर रिलायंस जियो ने आपत्ति जताई है। रिलायंस जियो का कहना है कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने और समान अवसर के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी होनी चाहिए न कि इसका आवंटन। वहीं स्टारलिंक आवंटन पर जोर दे रही है। जियो ने कहा कि ट्राई ने बिना किसी आधार के यह निष्कर्ष निकाला है कि स्पेक्ट्रम आवंटन होना चाहिए और यह पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होना चाहिए।

## विदेश से पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करना जरूरी, आरबीआई गवर्नर ने बताया कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को विदेशों से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है।

दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन के दौरान कहा, भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण पहला कदम है। हमारा




मानना है कि इस तरह के धन प्रेषण की लागत और समय को काफी कम करने की अपार संभावनाएं हैं।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। आरबीआई की ओर से शुरू किए गए ई रूपी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है।

उन्होंने कहा कि आगे बढ़ते हुए, मानकों और अंतर-संचालन में सामंजस्य सीबीडीसी को सीमा पार भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गंभीर वित्तीय स्थिरता चिंताओं को दूर करने में सक्षम बनाएगा।

आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और आंकड़ों के लीक होने का खतरा बढ़ सकता है।

उन्होंने कहा, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम उपाय करने चाहिए। बैंकों को एआई और बिगटेक फायदों का लाभ उठाना चाहिए।

## त्योहारों पर 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी-अभी दशहरा और दुर्गा पूजा का त्योहार बीता है। देशभर में बीते दस दिनों में दुर्गा पूजा,नवरात्रि और रामलीला जैसे अन्य पारंपरिक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान लाखों करोड़ रुपये के सामान बिके। अब आगे दिवाली आने वाली है। अगले 31 अक्टूबर को देश भर में दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। इससे पहले रक्षा बंधन, गणेश पूजा जैसे त्योहार आए। आपको पता है कि देश में त्योहारों पर कितने का कारोबार होता है एक अनुमान है कि इस साल त्योहारों पर 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा।



त्योहारों पर जो लाखों करोड़ रुपये के सामान बिकते हैं, उससे सिर्फ उद्योगपति या दुकानदारों को ही फायदा होता है, ऐसी बात नहीं होता है। इससे बड़े पैमाने पर कारीगरों, शिल्पकारों एवं श्रमिकों को भी बड़ा रोजगार मिला है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महामंत्री तथा दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि त्योहारों पर देश भर में बड़े पैमाने पर लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। उत्सव में पंडाल निर्माण से लेकर मूर्ति निर्माण, सजावट, भोजन, कपड़े, बिजली व्यवस्था, पूजा सामग्री, फल-फूल और सेवाओं से जुड़े विभिन्न व्यवसायों को भारी मात्रा में काम मिला है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ होता है। खंडेलवाल बताते हैं कि दशहरे के 10 दिनों में लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये का व्यापार हुआ है। अब आज से अगले 15 दिनों तक देश भर में दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजारों में काफी भीड़ रहेगी । इस दौरान तो लोग नए कपड़े से लेकर जेवर और सोने-चांदी के सिक्कों की भी खरीदारी करते हैं।

## लाखों का पैकेज छोड़ा, मॉडलिंग... फिर शुरू किया देसी काम, अब करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली-** बिहार की आस्था सिंह ने 18 लाख की नौकरी छोड़कर किसानों की जिंदगी बदलने का बीड़ा उठाया है। मॉडलिंग को अलविदा कहकर उन्होंने ग्रामश्री किसान नाम से अपना कारोबार शुरू किया। यह आज 3 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर तक पहुंच गया है। आस्था बिहार के किसानों को खेती, पशुपालन और मछली पालन का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही हैं। आइए, यहां उनकी सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

आस्था सिंह पटना की रहने वाली हैं। उनकी शादी साल 2010 में हुई थी। पति विवेक कुमार रेलवे में इंजीनियर हैं। 12वीं के बाद से ही आस्था ने पढ़ाई के साथ मॉडलिंग भी शुरू कर दी थी। पुणे से इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने एमबीए किया। इसके बाद कई नामी कंपनियों में काम किया। ओयो में सिटी हेड के पद पर रहते हुए उन्हें 18 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिलता था।



इससे पहले आस्था भारती इंफ्राटेल लिमिटेड में एनर्जी मैनेजर और टाटा टेलीसर्विसेज में इंजीनियर रह चुकी थीं। साल 2019 में उन्होंने बिहार सरकार के पशु और मत्स्य संसाधन विभाग में प्रोजेक्ट यूनिट कंसल्टेंट का पद संभाला।

## 11 साल में तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ गया अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड का बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीवन के आधुनिक होने के बीच लोगों की भागदौड़ भी बढ़ गई है। इस बीच घरों में प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का दिनचर्या में कैसे घुसपैठ हो गई है, इसका पता ही नहीं चला है। यदि आप भी इसके आदि हैं, तो इससे तौबा कर लें। क्योंकि इससे न सिर्फ आपके घर का बजट बिगड़ रहा है बल्कि आपको खतरनाक बीमारियों के बीच भी धकेल रहा है। अभी एक रिपोर्ट आई है कि डायबिटीज के लगातार बढ़ते मामलों कसा सीधा संबंध अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से है। लेकिन इसका बाजार है कि बढ़ ही रहा है। साल 2022 में तो इसका बाजार बढ़ कर 2500 करोड़ रुपये के पार चला गया है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फूड साइंसेज एंड न्यूट्रिशन में



प्रकाशित एक नए अध्ययन से पता चलता है कि डीप फ्राई, बेक्ड और ग्रिल किए गए अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ एडवांस्ड ग्लाइकेशन एंड प्रोडक्ट्स (एजीई) से भरपूर होते हैं। यह सूजन का कारण बनते हैं और डायबिटीज सहित कई बीमारियों का खतरा पैदा करते हैं। चेन्नई स्थित मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) के डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. वी. मोहन के हवाले से न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने खबर दी है कि भारत में डायबिटीज से पीड़ित लोगों की संख्या 101 मिलियन है।

# टमाटर, प्याज और आलू ने बिगाड़ा बजट, आसमान पर पहुंची कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवरात्रि खत्म होने के बाद भी टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में कमी नहीं आई है। इन्होंने आम आदमी के घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। खुदरा बाजार में जहां आलू 40 रुपये किलो मिल रहा है तो वहीं टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलो पार पहुंच गई है। प्याज के दाम भी 60 रुपये किलो पर हैं। ऐसे में इन तीनों सब्जियों ने ही देश की महंगाई को प्रभावित कर दिया है।

टमाटर, प्याज और आलू की वजह से महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। नीति निर्माताओं के लिए खाद्य पदार्थों की बढ़ाई महंगाई एक चुनौती रही है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 45.9 प्रतिशत। बता दें कि आपूर्ति संबंधी झटके समग्र खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को प्रभावित करते हैं। हाल के महीनों में टीओपी की कीमतों में काफी उछाल आया है। खुदरा खाद्य और पेय पदार्थों में टीओपी की हिस्सेदारी 4.8 प्रतिशत और ओवरऑल



सीपीआई में 2.2 प्रतिशत है, लेकिन उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव खुदरा मुद्रास्फीति को प्रभावित करता है।

इनकी कीमतें बढ़ने के कई कारण हैं। पहला मौसम, भंडारण की समस्याएं और तीसरा आपूर्ति संबंधी समस्याएं। कई बार मौमस की मार के कारण इनकी फसल प्रभावित होती है। इससे ये जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कोल्ड स्टोर की कमी और दूसरे कारण से इनका भंडारण सही नहीं हो पाता। ऐसे में ये जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं फसल होने के बाद इनकी आपूर्ति को लेकर भी कई बार समस्याएं होती हैं।

### सप्लाई चेन का बड़ा असर

इन सब्जियों की सप्लाई चेन में गड़बड़ी भी कीमतों में उतार-चढ़ाव का एक महत्वपूर्ण कारक है। स्टडी में पता चला है कि जिस मौसम में इनकी पैदावार कम होती है, उस समय इनकी कीमत बढ़ जाती है। वहीं जिस मौसम में पैदावार ज्यादा होती है, उस समय कीमत कम होती है। कई बार किसानों को अपनी फसल फेंकनी भी पड़ जाती है क्योंकि इन्हें खरीदने वाला कोई नहीं होता। उतार-चढ़ाव वाली मांग-आपूर्ति के कारण भी कीमतों पर असर पड़ता है।

### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि टमाटर, प्याज और आलू के प्रोडक्शन में तेजी से वृद्धि हुई है। साल 2022-23 में टमाटर का प्रोडक्शन 20.4 मिलियन मीट्रिक टन , प्याज का प्रोडक्शन 30.2 एमएमटी और आलू का प्रोडक्शन 60.1 एमएमटी होने का अनुमान है। भारत अब दुनिया में टमाटर और आलू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इसने दुनिया में प्याज के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में चीन को भी पीछे छोड़ दिया है और 2022 में वैश्विक उत्पादन में 28.6 प्रतिशत का योगदान दिया है।

### क्या अब कीमत कम होगी

सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक अगले कुछ दिनों में टमाटर की कीमत कम हो सकती है। 100 रुपये किलो पार कर चुका टमाटर 50 से 60 रुपये प्रति किलो पर आ सकता है। वहीं प्याज और आलू की कीमत में भी गिरावट देखने को मिलेगी। इसका कारण है कि बाजार में आलू और टमाटर की नई फसल आनी शुरू होगी।

## दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित

# स्टोक्स-पॉट्स टीम में, वोक्स-एटकिंसन बाहर

**मुल्तान (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। फिट हो चुके इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स ने मंगलवार से मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के लिए क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन की जगह इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में जगह बनाई है। मैच 15 अक्तूबर से खेला जाएगा।



स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंग्लैंड के पिछले चार टेस्ट मैचों से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि स्टोक्स अपनी चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं और वे स्टैंड-इन कप्तान ओली पोप से कप्तानी की जिम्मेदारी वापस लेंगे। इस बीच अगस्त के अंत में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में खेलने के बाद पॉट्स पहली बार टीम में लौटे हैं। इसका मतलब यह भी है कि एटकिंसन को इंग्लैंड के घरेलू समर में पदार्पण करने के बाद पहली बार टेस्ट टीम से बाहर रखा गया है। ब्रायडन कार्स इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी लाइन-अप में शामिल होंगे जबकि जैक लीच और शोएब बशीर, जो रूट की अंशकालिक ऑफ स्पिन के साथ, स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालना जारी रखेंगे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने मुल्तान में पहले टेस्ट की दूसरी शाम को अंगूठे की हड्डी में चोट से उबरने के बाद ग्यारह में अपना स्थान बरकरार रखा है, जिसे इंग्लैंड ने एक पारी और 47 रनों से जीता था।

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ पारी का आगाज



कर रहे हैं। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने चार पारियों में कुल 51 रन ही बनाए।

बेली ने कहा, 'पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है। स्टीव ने पारी की शुरूआत की बजाय नीचे उतरने की इच्छा जताई है। पैट और एंड्रयू ने पुष्टि की कि वह इस सत्र में बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरेगा।% भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा।

# कोहली में है रनों की भूख, हर मैच के बाद आकलन सही नहीं : गंभीर

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर पिछले कुछ अर्से में विराट कोहली के खराब फॉर्म से चिंतित नहीं है और उन्होंने कहा है कि इस स्टार बल्लेबाज में रनों की उतनी ही भूख है जितनी पदार्पण के समय थी लिहाजा हर मैच के बाद आकलन करना सही नहीं है।

कोहली ने पिछली आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक (सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2023 में 76 रन) लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले उनका फॉर्म में लौटना जरूरी है चूंकि इसके बाद भारतीय टीम को पांच टेस्ट के दौरे के लिये आस्ट्रेलिया जाना है।

गंभीर ने यहां पत्रकारों से कहा, 'विराट को लेकर मेरी सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर है। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों



को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी पदार्पण के समय थी। उन्होंने कहा, 'यही भूख उसे विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। मुझे यकीन है कि वह इस श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में भी रन बनाएगा।

गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन एक खराब मैच या श्रृंखला के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हर मैच के बाद आकलन सही नहीं है। अगर आप हर मैच के बाद ऐसा करने लगे तो यह उनके लिये सही नहीं होगा। यह खेल है और विफलता का सामना करना ही होता है। अगर हमें नतीजे अनुकूल मिल रहे हैं तो चिंता की कोई बात नहीं है।

उन्होंने कहा, 'रोज कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता। हमारा काम खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना है। मेरा काम सर्वश्रेष्ठ 11 का चयन करना है, किसी को बाहर करना नहीं। हमें आठ टेस्ट लगातार खेलने हैं और सभी की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर है।

हॉकी इंडिया लीग नीलामी

# सबसे महंगे खिलाड़ी बने हरमनप्रीत सिंह

**भारतीय हॉकी ओलंपिक पदक विजेता कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मौजूदा हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने पर उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया व्यक्त की और उन्होंने युवाओं के लिए लीग के महत्व को भी बताया। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक वीडियो में हरमनप्रीत ने कहा, हरमनप्रीत सिंह इस टीम में शामिल हैं। मैं वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि मुझे पंजाब टीम ने चुना है। हमारी टीम का नाम सूरमा हॉकी क्लब है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि एचआईएल वापस आ रही है। यह हमारे युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर है और हॉकी का भविष्य उज्जवल है। पंजाबी आएंगे ओए (पंजाबी यहां हैं)।**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के ओलंपिक पदक विजेता कप्तान हरमनप्रीत सिंह की सेवाएं हॉकी इंडिया लीग के आगामी सीजन के लिए सूरमा हॉकी क्लब ने 78 लाख रुपए में हासिल कीं, जिससे वह लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। शानदार ड्रैग-फ्लिकर और सबसे कठिन और तनावपूर्ण क्षणों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ने सूरमा के साथ करार किया है, अपने कौशल के कारण वह प्रतियोगिता के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सीनियर टीम के लिए 234 मैचों में 205 गोल किए हैं।

भारतीय उप-कप्तान हार्दिक सिंह की सेवाएं भी यूपी रुद्रस ने 70 लाख रुपए में हासिल कीं। वह पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम का भी अहम हिस्सा थे और मैदान पर देश की कई यादगार जीत के सूत्रधार रहे हैं। 142 मैचों में हार्दिक ने 11 गोल किए हैं। संशोधित एचआईएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश की पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी।

2017 में अपने पिछले संस्करण में कलिंगा लांसर्स ने दबंग मुंबई को हराकर खिताब जीता था। लीग 28 दिसंबर को दो स्थानों - झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के साथ शुरू होगी। महिला लीग का समापन 26 जनवरी, 2025 को रांची में होगा, जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी, 2025 को राउरकेला में होगा।



### अब तक की शीर्ष 5 सबसे महंगे खिलाड़ी

| खिलाड़ी | टीम | राशि |
|---|---|---|
| हरमनप्रीत सिंह | सूरमा एचसी | 78 लाख रुपए |
| अभिषेक | श्राची रारह बंगाल टाइगर्स | 72 लाख रुपए |
| हार्दिक सिंह | यूपी रुद्रस | 70 लाख रुपए |
| गोंज़ालो पेइलाट | हैदराबाद तूफान | 68 लाख रुपए |
| जिप जैनसेन | तमिलनाडु ड्रैगन्स | 54 लाख रुपए |

## पहले दिन बिकने वाले खिलाड़ी

### सूरमा हॉकी क्लब

(खर्च – 292 लाख, बचे – 108 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| दयान कैसीम | 25 लाख | फॉरवर्ड |
| गुरजंत सिंह | 19 लाख | फॉरवर्ड |
| विवेक सागर प्रसाद | 40 लाख | मिडफील्डर |
| हरमनप्रीत सिंह | 78 लाख | डिफेंडर |
| जेरेमी हेवर्ड | 42 लाख | डिफेंडर |
| गुरिंदर सिंह | 11 लाख | डिफेंडर |
| विंसेंट वानास्च | 23 लाख | गोलकीपर |
| विक्टर वेगनेज | 40 लाख | मिडफील्डर |
| निकोलस डेला टोरे | 14 लाख | डिफेंडर |

### तमिलनाडु ड्रैगन्स

(खर्च – 295 लाख, शेष – 105 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| डुको टेलगेनकैंप | 36 लाख | फॉरवर्ड |
| सेल्वम कार्थी | 24 लाख | फॉरवर्ड |
| जिप जानसेन | 54 लाख | डिफेंडर |
| अमित रोहिदास | 48 लाख | डिफेंडर |
| कोथाजीत सिंह | 10 लाख | डिफेंडर |
| डेविड हार्ट | 32 लाख | गोलकीपर |
| टॉम क्रेग | 20 लाख | मिडफील्डर |
| मोरिट्ज लुडविग | 10 लाख | डिफेंडर |
| थिएस प्रिंज | 18 लाख | मिडफील्डर |
| मोहम्मद राहील | 26 लाख | मिडफील्डर |
| नाथन एफ्राम्स | 17 लाख | फॉरवर्ड |

### यूपी रुद्रस

(खर्च – 276 लाख, शेष – 124 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| ललित कुमार उपाध्याय | 28 लाख | फॉरवर्ड |
| अल्वारो इग्लेसियस | 12 लाख | फॉरवर्ड |
| हार्दिक सिंह | 70 लाख | मिडफील्डर |
| लार्स बाल्क | 40 लाख | डिफेंडर |
| केन रसेल | 30 लाख | डिफेंडर |
| सुरेंदर कुमार | 14 लाख | डिफेंडर |
| टैंगुई कोसिन्स | 10 लाख | फॉरवर्ड |
| मार्क रेकासेंस | 15 लाख | डिफेंडर |
| आकाशदीप सिंह | 20 लाख | मिडफील्डर |
| सिमरनजीत सिंह | 10 लाख | मिडफील्डर |
| फ्लोरिस वोर्टेलबोअर | 27 लाख | मिडफील्डर |

### दिल्ली एसजी पाइपर्स

(खर्च – 333.5 लाख, शेष – 66.5 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| शमशेर सिंह | 42 लाख | मिडफील्डर |
| राज कुमार पाल | 40 लाख | मिडफील्डर |
| रोहित | 40 लाख | डिफेंडर |
| जरमनप्रीत सिंह | 38 लाख | डिफेंडर |
| वरुण कुमार | 34 लाख | डिफेंडर |
| पवन | 15 लाख | गोलकीपर |
| टॉमस सैंटियागो | 10 लाख | गोलकीपर |
| के विलोट | 10.5 लाख | मिडफील्डर |
| अंकित पाल | 20 लाख | मिडफील्डर |
| टॉमस डोमेने | 36 लाख | फॉरवर्ड |
| पाऊ क्लैप्स | 10 लाख | डिफेंडर |
| क्रिस्टोफर रुहर | 18 लाख | मिडफील्डर |
| फिलन ओगिल्वी | 10 लाख | मिडफील्डर |
| निकोलस डी कर्पेल | 10 लाख | फॉरवर्ड |

### श्राची रारह बंगाल टाइगर्स

(खर्च – 324 लाख, शेष – 76 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| अभिषेक | 72 लाख | फॉरवर्ड |
| सुखजीत सिंह | 42 लाख | फॉरवर्ड |
| फ्लोरेंट वैन ऑबेल | 25 लाख | फॉरवर्ड |
| जुगराज सिंह | 48 लाख | डिफेंडर |
| गौथियर बोकार्ड | 18 लाख | डिफेंडर |
| हेडन बेल्ट्ज | 13 लाख | डिफेंडर |
| रूपिंदर पाल सिंह | 12.5 लाख | डिफेंडर |
| पिरमिन ब्लैक | 25 लाख | गोलकीपर |
| लाचलान शार्प | 18 लाख | मिडफील्डर |
| जसकरन सिंह | 13.5 लाख | मिडफील्डर |
| टॉम ग्रैम्बुश | 10 लाख | मिडफील्डर |
| सैम लेन | 27 लाख | फॉरवर्ड |

### वेदांता कलिंगा लांसर्स

(खर्च – 305 लाख, शेष – 95 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| दिलप्रीत सिंह | 34 लाख | फॉरवर्ड |
| बॉबी सिंह धामी | 20 लाख | फॉरवर्ड |
| संजय | 38 लाख | डिफेंडर |
| मनदीप मोर | 19 लाख | डिफेंडर |
| कृष्ण बहादुर पाठक | 32 लाख | गोलकीपर |
| अरन ज़ालवेस्की | 27 लाख | मिडफील्डर |
| मोइरांगथेम रबीचंद्र | 32 लाख | मिडफील्डर |
| थिएरी ब्रिंकमैन | 38 लाख | फॉरवर्ड |
| एनरिक गोंजालेज | 10 लाख | मिडफील्डर |
| अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स | 23 लाख | डिफेंडर |
| आर्थर वैन डोरेन | 32 लाख | डिफेंडर |

### हैदराबाद तूफान

(खर्च – 300 लाख, शेष – 100 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| शिलानंद लाकड़ा | 21 लाख | फॉरवर्ड |
| नीलकंठ शर्मा | 34 लाख | मिडफील्डर |
| गोंजालो पेइलट | 68 लाख | डिफेंडर |
| सुमित वाल्मीकि | 46 लाख | डिफेंडर |
| जीन-पॉल डैनबर्ग | 27 लाख | गोलकीपर |
| जैक वालेस | 26 लाख | मिडफील्डर |
| टिमोथी डैनियल | 28 लाख | फॉरवर्ड |
| टेरेंस पीटर्स | 10 लाख | फॉरवर्ड |
| मैथ्यू डॉसन | 10 लाख | डिफेंडर |
| आर्थर डी स्लोवर | 30 लाख | डिफेंडर |

### टीम गोनासिका

(खर्च – 304 लाख, शेष – 96 लाख)

| | | |
|---|---|---|
| अरिजीत सिंह हुंदल | 42 लाख | फॉरवर्ड |
| मंदीप सिंह | 25 लाख | फॉरवर्ड |
| जीरो हर्टजबर्गर | 21 लाख | फॉरवर्ड |
| मनप्रीत सिंह | 42 लाख | मिडफील्डर |
| आमिर अली | 34 लाख | डिफेंडर |
| नीलम संजीव ज़ेस | 17 लाख | डिफेंडर |
| योगेम्बर रावत | 11 लाख | डिफेंडर |
| बीरेंद्र लाकड़ा | 10 लाख | डिफेंडर |
| सूरज करकेरा | 22 लाख | गोलकीपर |
| ओली पायने | 15 लाख | गोलकीपर |
| विष्णुकांत सिंह | 20 लाख | मिडफील्डर |
| टॉम बून | 26 लाख | फॉरवर्ड |
| टिमोथी हावर्ड | 20 लाख | डिफेंडर |

# यानिक सिनर ने जीता शंघाई मास्टर्स, आर्यना सबालेका वुहान ओपन चैम्पियन बनीं

**शंघाई (एजेंसी)।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने 8 ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से




शिकस्त दी। जोकोविच ने 4 ऐस और 12 विनर लगाए जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाए हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं।वहीं, दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेका ने 7वीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किनवेन को फाइनल में 6-3, 7-5, 6-3 से हराकर लगातार तीसरे साल वुहान ओपन खिताब जीत लिया। यह सबालेंका इस सत्र में चौथा खिताब है जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम भी जीते हैं।

हार के बाद बोली हरमनप्रीत कौर

# ऑस्ट्रेलिया टीम 1-2 प्लेयरों के भरोसे नहीं है

**शारजहां (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप में एक बार फिर से भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के सामने निराशा का सामना करना पड़ा। शारजहा में खेले गए अहम मुकाबले में भारतीय टीम 9 रन से हार गई और सेमीफाइनल से दूर हो गई। हालांकि भारत अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है लेकिन इसकी संभावना कम है। बहरहाल, मैच गंवाने के बाद भारतीय कप्तान हरनमप्रीत कौर काफी निराश दिखीं। उन्होंने साफ तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है, वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं हैं, उनके पास बहुत सारे ऑलराउंडर हैं जो योगदान देते हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि मैच के लिए हमने भी अच्छी योजना बनाई थी और हम खेल में बने रहे। उन्होंने आसानी से रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं। यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है। राधा ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, वह खेल में थी और वह अच्छी फील्डिंग कर रही थी। आपको टीम में ऐसे चरित्र की जरूरत है जो हमेशा मौजूद रहे। यह लक्ष्य हासिल करने लायक था। जब मैं और दीप्ति बल्लेबाजी कर रहे थे तो हम कुछ लूज बॉल को हिट नहीं कर पाई। जो कुछ भी हमारे हाथ में था, हम वह करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन यह हमारे नियंत्रण में नहीं है। अगर हमें एक और मैच खेलने का मौका मिलता तो यह बहुत अच्छा होता।



## अब पाकिस्तान से उम्मीदें, भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में कर सकता है मदद

शारजहां (एजेंसी)। रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से 9 रन से मिली हार के बाद भारत को अब पाकिस्तान से उम्मीदें हैं जो उसे महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा सकता है। ऑस्ट्रेलिया ने चार मैचों में से चार जीत के साथ ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करके अपना सेमीफाइनल स्थान सुनिश्चित किया। दो जीत और दो हार के बाद चार अंक हासिल करने वाले भारत को पाकिस्तान से न्यूजीलैंड को हराने की उम्मीदें करनी होंगे ताकि नेट रन-रेट के आधार पर भारत सेमीफाइनल में पहुंच सके। हालांकि, कीवी टीम की जीत उन्हें अंतिम-चार में पहुंचा देगी और भारत को बाहर कर देगी। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार



किया, यह कुछ ऐसा है जो हमारे नियंत्रण में नहीं है। अगर हमें एक और मैच खेलने का मौका मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। लेकिन जो भी वहां होने का हकदार है, वह टीम वहां होगी। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान एलिसा हीली की अनुपस्थिति को मात देते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बन गई। शुक्रवार को पाकिस्तान पर जीत के दौरान बल्लेबाजी करते समय पैर में चोट लगने के कारण हीली के बाहर होने के बाद ताहलिया मैकग्राथ ने ऑस्ट्रेलिया की अगुआई की। हीली की जगह ग्रेस हैरिस ने 40 रन बनाए और मैकग्राथ ने 32 रन बनाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 151-8 का स्कोर बनाया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### अजमेर में दुकानदारों ने दुकानों के बाहर चस्पा किए स्टे आदेश

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर के कचहरी रोड पर पिछले करीब छह माह से सड़क व नाली निर्माण का दंश झेल रहे व्यापारी मात्र तीन-चार घंटे ही दुकान खोल पा रहे हैं। दुकानदानों ने अदालती स्टे के आदेश दुकानों के बाहर चस्पा किए हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले तीस-चालीस सालों से काबिज हैं। इसलिए उनकी संपत्ति पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। इसके चलते दीपावली तक कचहरी रोड का काम पूरा होना मुश्किल है।

नाली निर्माण कार्य में अड़चन बनी विद्युत केबल व डीपी आदि नहीं हटाई गई है। इससे नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा। इसके साथ कई दुकानों के निर्माण नाले पर बने हैं। दुकानों के आगे बने चबूतरों के नीचे नाले के ब्लॉक डाले जाने हैं। मनमर्जी से ब्लॉक डाले जा रहे हैं। पहले के पानी को भी खाली नहीं किया गया है। जिससे समतल नहीं हो पा रहे। सड़क निर्माण के बाद कई ब्लॉक ऊंचे नजर आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि नाली डाले जाने के बाद सड़क के अनुपात में समतलीकरण होना चाहिए अन्यथा सीवरेज की तरह नाली के ब्लॉक भी ऊंचे रहेंगे। जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाएगी। दुकानदारों का कहना है कि इस कार्य को कौन देख रहा है, क्या योजना है कोई अता-पता नहीं है। ठेकदार नाले के लिए ब्लॉक डाले जा रहा है। इसका जॉइंट व सड़क से क्या लेवल है इसका कोई सुपरविजन नहीं है। मार्केट से ग्राहकी टूटती जा रही है। दुकानों के आगे शाम तक धूल-मिट्टी उड़ती रहती है। दुकानों में रखा सामान खराब हो रहा है।

### सीतामढ़ी में मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल, दो गुटों में मारपीट में एक की मौत, एक दर्जन जख्मी

**सीतामढ़ी , एजेंसी।** दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान बिहार के कई जिलों से हिंसा और बवाल की खबरें मिली हैं। सीतामढ़ी में बात इतनी बढ़ गई कि विसर्जन के विवाद के दौरान हुई मारपीट में एक युवक को जान से हाथ धोना पड़ा।। घटना सुप्पी थाना क्षेत्र के ढ़ेंग गांव की है। रविवार की देर शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट हो गयी। इस घटना में ढ़ेंग गांव के वार्ड संख्या तीन निवासी कलेवर सहनी समेत करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुप्पी मे भर्ती कराया गया।

मारपीट में घायल कलेवर सहनी इतनी गंभीर हो गई। नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें सीतामढ़ी सदर अस्पताल मे रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान घायलों में से एक कलेवर सहनी (45 वर्ष) की मौत हो गयी। मौत के बाद इलाके में और तनाव बढ़ गया है। जिस गुट के लोगों पर कलेवर के साथ मारपीट का आरोप है वे सभी गांव छोड़कर फरार हैं।

घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान मौत की घटना को लेकर ढ़ेंग गांव में दो गुटों के बीच काफी तनाव व्याप्त हो गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ढ़ेंग गांव में दो पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए यहां पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। स्थानीय जन प्रतिनिधियों की मदद से हालात को सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है।

### सप्तक्रांति से लेकर संपर्क क्रांति समेत 2 दर्जन ट्रेनें प्रभावित, कितनी रद्द रहेंगी

**पटना, एजेंसी।** अगर आप ट्रेन से सफर करते हैं तो आपको यह खबर जरूर पढ़नी चाहिए। गोरखपुर-गोंडा रेलखंड के डोमिनगढ़-जगतबेला के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य और डोमिनगढ़-गोरखपुर बीच तीसरी लाइन की प्री-नॉन इंटरलाकिंग का कार्य 14 से 25 अक्टूबर तक होगा। इसके बाद 26 व 27 अक्टूबर को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाएंगे। इसके कारण गोरखपुर स्टेशन से गुजरने वाली 130 ट्रेनें प्रभावित होंगी। इसमें मुजफ्फरपुर से आनंद विहार, नई दिल्ली और अमृतसर जाने वाली वैशाली, सप्तक्रांति, बिहार संपर्क क्रांति सहित दो दर्जन जोड़ी ट्रेनें प्रभावित होंगी। इसके अलावा चार जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को विभिन्न तारीखों में रेलवे ने निरस्त कर दिया है। सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक की क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है।

# बाबा सिद्दीकी के कत्ल पर महायुति में बवाल, देवेंद्र फडणवीस पर अपनों ने ही उठाए सवाल





**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी यानी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी की मौत महायुति में ही खटास पैदा करती नजर आ रही है। खबर है कि अब सिद्दीकी की मौत को लेकर सबसे ज्यादा सवाल उपमुख्यमंत्री पर उठ रहे हैं। गठबंधन के साथी दल एनसीपी ने यह तक कह दिया है कि यह गृह विभाग की नाकामी है। खास बात है कि महाराष्ट्र सरकार में फडणवीस ही गृह मंत्रालय संभालते हैं।

**क्या बोले साथी:** एनसीपी के प्रवक्ता एमएलसी अमोल मितकारी ने कहा दिया कि यह हत्या उनकी पार्टी के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा, हत्या मुंबई में भयंकर सुरक्षा स्थिति को दिखा रही है। अगर एक आम आदमी के साथ ऐसा हो तो हम समझते हैं... लेकिन एक पूर्व मंत्री की मौत हो गई है, जो गृह विभाग की नाकामी को दिखाता है। उन्होंने कहा, अगर मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की जान पर बने खतरे को गंभीरता से लिया होता, तो यह हत्या नहीं होती। हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार ने अपने करीबी को खो दिया।

एनसीपी के साथ-साथ राज्य के विपक्षी दल भी फडणवीस और राज्य सरकार को घेर रहे हैं। कांग्रेस ने कहा, कहां है सरकार जब भी कानून और व्यवस्था पर सवाल उठते हैं, तो सरकार एक कहानी के साथ सामने आ जाती है। मुंबई, पुणे, नागपुर और राज्य के अन्य हिस्सों में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। शिवसेना ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर फडणवीस के विभाग में दखल देने के आरोप लगाए और इस्तीफे की मांग की है।

**मुंबई पुलिस और गृह विभाग पर उठे सवाल:** बीते साल सितंबर में पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल की अगुवाई वाले प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज कर दिया था। उस दौरान फडणवीस को साथी दलों के सवालों का भी सामना करना पड़ा था। हालांकि, एनसीपी नेता छगन भुजवल उनके बचाव में आ गए थे। फरवरी में भाजपा के कल्याण पूर्व के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शिवसेना कार्यकर्ता महेश गायकवाड़ को पुलिस स्टेशन में गोली मार दी थी। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर हुई फायरिंग के दौरान भी फडणवीस पर सवाल उठे थे। बदलापुर में नाबालिग लड़कियों के साथ हुए यौन उत्पीड़न मामले में भी सरकार, पुलिस और गृह विभाग को बॉम्बे हाईकोर्ट के सवालों का सामना करना पड़ा था।



### अकेले बाबा सिद्दीकी ही नहीं बेटे जीशान भी थे निशाने पर बड़ी प्लानिंग से बांद्रा आते थे शूटर

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच जारी है। खबरें ये भी हैं कि हमलावरों के निशाने पर उनके बेटे जीशान सिद्दीकी भी थे। हालांकि, इसे लेकर पुलिस ने आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा है। फिलहाल, पुलिस ने दो हमलावरों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। शिवकुमार गौतम नाम के एक और आरोपी की तलाश जारी है। सिद्दीकी को शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में गोली मार दी थी।

मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का कहना है कि शूटर्स को जीशान और बाबा सिद्दीकी दोनों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। खास बात है कि बांद्रा पूर्व विधानसभा सीट से विधायक जीशान घटना के कुछ देर पहले ही दफ्तर से निकले थे। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस को शक है कि किसी अंदर के व्यक्ति ने ही सिद्दीकी के बारे में जानकारी मुहैया कराई थी।

रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि तीनों हमलावर कुर्ला में 10-12 हजार रुपये महीन के किराये से रह रहे थे। तीनों कथित तौर पर हर रोज ऑटो के जरिए बांद्रा पहुंचते थे और सिद्दीकी पिता-पुत्र की लोकेशन की जानकारी जुटाते थे। शनिवार को बाबा और जीशान दोनों ही एक लोकेशन पर मौजूद थे।

अखबार से बातचीत में सूत्रों ने बताया है कि सिद्दीकी का उस दिन आना रुटीन का हिस्सा नहीं था। खबर है कि उन्होंने दफ्तर पहुंचकर जीशान के बारे में पूछा, तो उन्हें जानकारी दी गई वह कुछ देर पहले ही निकले हैं। इसके बाद बाबा सिद्दीकी अपनी कार की तरफ बढ़े, जहां हमलावर ने 9 एमएम पिस्टल से उनपर गोलियां चला दीं।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हाथ:** इस हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। हालांकि, अब तक स्थिति एकदम स्पष्ट नहीं है और पुलिस इस एंगल से जांच कर रही है। खबरें थीं कि एक फेसबुक पोस्ट के जरिए गैंग ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है।

### मूसेवाला से लेकर बाबा सिद्दीकी तक, कैसे बिश्नोई गैंग ने युवाओं से करवाई नामी हस्तियों की हत्या



मुंबई में एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोलियां मारकर हत्या करने के बाद देश भर में सनसनी फैली हुई है। इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने। वही गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गैंग जिसने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की थी और गैंग के सरगना लॉरेंस ने जेल से दिये इंटरव्यू में बेखौफ इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी। साथ ही बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को भी जान से मारने की बात दोहराई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस ने हरियाणा के कैथल जिले के एक 23 वर्षीय गुरमेल सिंह को गिरफ्तार किया है। वो लॉरेंस गैंग का शूटर है। इस से पहले देश में हुई कई हाई प्रॉफाइल हत्याकांड को हरियाणा के शूटरों ने अंजाम दिया है जो लारेंस गैंग के लिए काम करते थे। ये सब एक ही एज ग्रुप के रहे हैं। यानी 19 से 23 या 24 साल। वो उम्र जो अपना करियर बनाने की होती है, उस उम्र में ये लोग अपराध में अपना नाम कमाने में लगे हैं। सिद्धू मूसेवाला, राजस्थान में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी, बाबा सिद्दीकी के मर्डर से लेकर बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर फायरिंग के मामले में हरियाणा के शूटरों का नाम आया था। कहा जाता है कि भारतीय सेना में हर दसवां जवान हरियाणा से है तो फिर नई पीढ़ी की ये कौन सी दीवानगी है जो देश के लिए मर मिटने वालों की धरती को कलंकित कर रही है और आखिर इसकी वजह क्या है पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड को हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले अंकित सेरसा, प्रियव्रत फौजी, चरखी दादरी के दीपक मुंडी और झज्जर से कुलदीप उर्फ कशिश और सचिन भिवानी ने अंजाम दिया था। इनमें से अंकित सेरसा सबसे छोटा था। महज 19 वर्षीय अंकित ने सिद्धू मूसेवाला पर सबसे करीब से गोलियां बरसाई थी। प्रियव्रत फौजी के साथ अंकित उसकी गाड़ी में ही मौजूद था। शुरू में अंकित और फौजी दोनों एक साथ भागे थे। प्रियव्रत को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। फिर अंकित को पकड़ा। सचिन भिवानी सिद्धू मूसेवाला मामले के चार शूटरों को पनाह देने के लिए जिम्मेदार था। उसे भी काबू कर लिया था।

# गुरुग्राम-झज्जर को जोड़ने के लिए बनेगा एक नया रास्ता, हर दिन हजारों वाहनों को होगा फायदा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम को झज्जर से जोड़ने के लिए गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ता बनाने की तैयारी की जा रही है। शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार एवं हरियाणा के रिटायर्ड मुख्य सचिव डी.एस. ढेसी ने इस सिलसिले में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी को आदेश जारी किए हैं।

अब मुख्य नगर योजनाकार की तरफ से इंजीनियरिंग सेल के साथ मिलकर वैकल्पिक रास्ते के निर्माण की संभावनाओं को तलाश किया जाएगा। मॉनसून में गुरुग्राम-झज्जर रोड पर गांव धनकोट के पास एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया था। इसकी वजह से वाहन चालकों को बेहद असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। इस रोड से रोजाना 50 से 60 हजार वाहनों का आवागमन होता है।

द्वारका एक्सप्रेसवे इस रोड से जुड़ने के कारण दिल्ली के द्वारका क्षेत्र जाने के लिए झज्जर के वाहन चालक इस रोड का इस्तेमाल करते हैं। जलभराव के चलते डेढ़ महीने तक वाहन चालकों को हुई असुविधाओं को देखते हुए शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने वैकल्पिक रास्ते तलाशने के आदेश जारी किए हैं, जिसकी तैयारी जीएमडीए ने शुरू कर दी है।

जीएमडीए के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी ने कहा, शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने गुरुग्राम-झज्जर के बीच गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ते का इंतजाम करने के आदेश जारी किए हैं। इस रोड के साथ-साथ एक और सड़क है, जो अभी द्वारका एक्सप्रेसवे से जुड़ी नहीं है। इस सड़क को जल्द जोड़ा जाएगा, जिससे एक और रास्ता मिल जाएगा। मौजूदा सड़क पर जलभराव की समस्या का हल भी जल्द कर दिया जाएगा।

**लोग बोले, इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव अधिक:** सेक्टर-102 इम्पीरियल गार्डन निवासी सुनील सरीन ने कहा, यह रोड गांव धनकोट के पास द्वारका एक्सप्रेसवे और ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ती है। एक किलोमीटर लंबी यह रोड दो-दो लेन की है। बारिश में इस सड़क पर जलभराव हो गया था, जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बसई रोड या हीरो होंडा चौक की ओर जाने के लिए इस रोड का अधिक इस्तेमाल होता है।

सेक्टर-99 ए हैबिटेट प्राइम निवासी प्रवीण कुमार ने कहा, गांव धनकोट के पास मेरी सोसाइटी में करीब 700 परिवार रहते हैं। इस सड़क से ओल्ड गुरुग्राम में आना-जाना होता है। बारिश में एक से डेढ़ फीट पानी इस सड़क पर भर गया था। कई वाहन बारिश के कारण बंद हो गए थे। रोजाना सुबह और शाम इस सड़क पर यातायात जाम रहता है।

### वसुंधरा राजे के समर्थकों को मिलेगा टिकट

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी कांग्रेस से दो कदम आगे चल रही है। जहां कांग्रेस ने अभी तक बैठकों का दौर ही शुरू किया है, वहीं भाजपा ने उम्मीदवारों का पैनल तक तैयार कर लिया है। रविवार को प्रदेश की 7 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा में जयपुर से लेकर दिल्ली तक मैराथन बैठकों का दौर चलाय् प्रदेश कोर कमेटी ने केंद्रीय नेतृत्व के सामने हर विधानसभा सीट के लिए तीन-तीन नाम का पैनल तैयार रखा। दौसा से शंकर लाल शर्मा, जगमोहन मीणा और अर्चना मीणा। इनमें शंकर लाल शर्मा को वसुंधरा राजे का समर्थक माना जाता है। जबकि किरोड़ी लाल अपने भाई जगमोहन को टिकट दिलाना चाहते है। पूर्व सांसद जमकौर मीणा अपनी बेटी अर्चना के लिए पैरवी कर रही है। खींवर से ज्योति मिर्धा, रामगढ़ से पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा इस बार खुद चुनाव लड़ने को इच्छुक बताए जा रहे है। पिछली बार उनके भतीजे जय आहूजा को हार का सामना करना पड़ा था। जबकि अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल भी दावेदारी जता रहे है। सिंघल को राजे समर्थक माना जाता है। पार्टी सूत्रों की मानें तो बीजेपी पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हारे बड़े चेहरों पर दांव खेल सकती है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के समर्थकों को पार्टी देगी या नहीं।

### पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज, एक व्यक्ति की मौत, कई अन्य घायल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में रविवार को एक धार्मिक पार्टी के कार्यकर्ताओं को नागरिक एवं मानवाधिकार प्रदर्शनकारियों से भिड़ने से रोकने के लिए पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

सिंध रवादारी मार्च (एसआरएम) के प्रदर्शनकारी ईशनिंदा के संदिग्ध शाहनवाज कुनभर की हत्या और ''सिंध में चरमपंथ'' के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए 'कराची प्रेस क्लब' (केपीसी) के सामने एकत्र हुए, उसी समय धार्मिक-राजनीतिक पार्टी 'तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान' (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं ने केपीसी में घुसने की कोशिश की।

पुलिस और अर्धसैनिक रेंजर ने टीएलपी प्रदर्शनकारियों को रोका और उनकी एसआरएम के प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प भी हुई। टेलीविजन और सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में पुलिस केपीसी के बाहर महिलाओं सहित प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करते देखी गई।

### लेबनान में शांति सैनिकों पर हमलों का विरोध, भारत ने यून के बयान का किया समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** भारत ने 'लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में योगदान देने वाले देशों के उस संयुक्त बयान का समर्थन किया है जिसमें लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना पर हाल के हमलों की ''कड़ी निंदा की गई है तथा कहा गया है कि ऐसी कार्रवाइयां तत्काल रोकी जानी चाहिए। शुरुआत में संयुक्त बयान पर 34 देशों ने हस्ताक्षर किए थे। हाल के दिनों में यूएनआईएफआईएल के कम से कम पांच शांति सैनिकों के घायल होने के बाद यह बयान आया है। इजराइली सैनिकों ने हाल में हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान के तहत दक्षिणी लेबनान में हमले शुरू किए थे। संयुक्त राष्ट्र में पोलैंड के मिशन द्वारा शनिवार को 'एक्स पर पोस्ट किए गए संयुक्त बयान में कहा गया, ''हम क्षेत्र में बढ़ती स्थिति के मद्देनजर यूएनआईएफआईएल की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। इसलिए हम शांति सैनिकों पर हाल में हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ऐसी कार्रवाइयों को तुरंत रोका जाना चाहिए और उनकी समुचित ढंग से जांच की जानी चाहिए। भारत, जिसका उल्लेख शुरू में सह-हस्ताक्षरकर्ताओं में नहीं था, ने शनिवार को कहा कि वह संयुक्त बयान से पूरी तरह सहमत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''सैन्य योगदान देने वाले एक प्रमुख देश के रूप में भारत 34 ञयूएनआईएफआईएल सैन्य योगदान देने वाले देशों द्वारा जारी संयुक्त बयान के साथ पूरी तरह से सहमत है। शांति सैनिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के अनुसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इससे पहले शुक्रवार को नई दिल्ली में एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में ''बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर ''चिंतित है। शुरुआत में बांग्लादेश, ब्राजील, चीन, फ्रांस, इटली, स्पेन, श्रीलंका और ब्रिटेन समेत 34 देशों ने संयुक्त बयान पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए थे। रविवार को संयुक्त राष्ट्र में पोलिश मिशन ने घोषणा की कि भारत, कोलंबिया, जर्मनी, पेरू और उरुग्वे ने बयान का समर्थन किया है। पोलिश मिशन ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''वर्तमान में 40 देशों ने हमारे संयुक्त बयान पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं। कोलंबिया, जर्मनी, यूनान, भारत, पेरू और उरुग्वे का धन्यवाद। स्विट्जरलैंड के समर्थन के लिए भी आभारी हूं। दो सितंबर, 2024 तक यूएनआईएफआईएल के बल में 50 सैन्य-योगदान देने वाले देशों के कुल 10,058 शांति सैनिक शामिल हैं। भारत को 903 सैनिक प्रदान करता है। पोलिश संयुक्त राष्ट्र मिशन द्वारा शनिवार को 'एक्स पर पोस्ट किए गए संयुक्त बयान में कहा गया है, ''लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में योगदान देने वाले देशों के रूप में हम यूएनआईएफआईएल के मिशन और गतिविधियों के लिए अपने पूर्ण समर्थन की पुष्टि करते हैं।

### अमेरिका में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत

**सवाना , एजेंसी।** अमेरिका में जॉर्जिया राज्य के सवाना शहर में रविवार की रात को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत हो गयी। सवाना पुलिस विभाग ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों को ईस्ट 66वीं स्ट्रीट पर दुर्घटना स्थल पर भेजा गया। सवाना पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पायलट की मौत हो गयी है और एक यात्री को मामूली चोटें आयी हैं।'' उन्होंने बताया कि कोई और व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। सवाना के दमकल कर्मियों ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि यह दुर्घटना रविवार रात 10 बजे के करीब हुई। हादसे की वजह का अभी पता नहीं चला है। पुलिस ने बताया कि संघीय विमानन प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।



# 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की साजिश में शामिल था ईरान? तेहरान ने दिया जवाब

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के दल ने उन सभी रिपोर्टों को खारिज कर दिया है, जिनमें ईरान के ऊपर 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। 7 अक्टूबर को हुए हमले को लेकर इजरायली सेना के हवाले से अमेरिकी अखबारों और इजरायली सरकार ने यह दावा किया था कि इजरायल के ऊपर अचानक हमला करने से पहले हमास ने एक गुप्त मीटिंग के जरिए ईरान और हिजबुल्लाह को इस बात की जानकारी दी थी।

ईरानी मिशन से मीडिया कर्मियों ने जब इन दावों के ऊपर सवाल पूछा तो उन्होंने इन्हें पूरी तरह से बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया। वहीं कतर में मौजूद हमास के उच्च अधिकारियों ने भी 7 अक्टूबर को हुए हमलों के बारे में बताया कि इस मिशन की जानकारी केवल गाजा में ऑपरेट कर रही हमास की सैन्य शाखा को थी। इस पूरे मिशन में उन्हें ही योजना बनाने, निर्णय लेने और निर्देश देने की जिम्मेदारी दी गई थी। ऐसे में इस घटना से किसी भी तरह से ईरान या हिजबुल्लाह को जोड़ना गलता है। इससे पहले शनिवार को न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि इजरायली सेना ने अपने जमीनी अभियान के द्वारा हमास की गुप्त मीटिंगों के बारे में कुछ दस्तावेज जब्त किए थे, जिन्हें बाद में अखबार को दिए गए। इन दस्तावेजों में 7 अक्टूबर के हमले के साथ-साथ याह्या सिनवार और हमास के महत्वपूर्ण सूचनाएं दर्ज थीं। इन दस्तावेजों में प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह दावा किया गया था कि हमास ने हिजबुल्लाह और ईरान को इस हमले के बारे में मनाने की कोशिश की थी। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला करके करीब 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके साथ ही हमास के आतंकवादी करीब 250 लोगों को बंधक बना कर अपने साथ गाजा ले गए थे। इसके बाद इजरायल ने हवा और जमीन दोनों जगहों से गाजा पर हमला बोल दिया। पिछले एक साल में इजरायल ने गाजा में हमास की कमर तोड़ कर रख दी। इन हमलों के बाद लेबनान का हिजबुल्लाह और ईरानी सरकार लगातार हमास का समर्थन करते हुए नजर आए हैं। लेबनान लगातार इजरायल के ऊपर मिसाइलों और रॉकेटों से हमला कर रहा है जिसके कारण इजरायल ने हमास के बाद लेबनान में भी जमीनी कार्रवाई करने का फैसला किया और हिजबुल्लाह के तत्कालीन प्रमुख नसरल्लाह की हत्या कर दी थी।





एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली हमलों में अभी तक गाजा पट्टी में करीब 40 हजार लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जबकि लेबनान की सरकार के मुताबिक उनके यहां इजरायली हमलों में करीब 2 हजार लोगों की मौत हो चुकी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129